2 फरीदाबाद
आजादी के 75 साल बाद भी तय नहीं हुआ सम्मान का पैमाना

6 अभिमत
स्वामी विवेकानंद की असाधारण बुद्धिमत्ता

9 देश/विदेश
देश में चार करोड़ लोगों को गरीबी में धकेला गया : राहुल गांधी

12 स्पोर्ट्स
नडाल 14वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 343
फरीदाबाद, सोमवार, 24 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



सांपों को शत्रु न समझें
पेज - 11

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 16.00°C
न्यूनतम 08.00°C

## क्विक न्यूज

### उत्तराखंड में कर्नल रावत चुनाव नहीं लड़ेंगे

**देहरादून।** हाल में भाजपा में शामिल देश के पहले रक्षा प्रमुख जनरल बिपिन रावत के छोटे भाई कर्नल (सेवानिवृत्त) विजय रावत ने रविवार को कहा कि वह 14 फरवरी को होने वाले उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में नहीं लड़ेंगे। रावत ने कहा, मैं चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैं केवल उत्तराखंड की जनता की सेवा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं ने उनसे चुनाव लड़ने को कहा था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। विधानसभा चुनावों में एक माह से कम का समय शेष रहते कर्नल रावत के भाजपा में शामिल होने के कारण उनके चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे।

### गणतंत्र दिवस पर 27 हजार पुलिसकर्मी तैनात

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त राकेश अस्थाना ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुरक्षा के लिए 27 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है और आतंक रोधी व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त और निरीक्षक, उप निरीक्षक रैंक के अधिकारियों को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अस्थाना ने कहा कि सशस्त्र पुलिस बल और कमांडो, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारियों तथा जवानों को भी तैनात किया गया है।

### इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग को नई प्रौद्योगिकी विकसित

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के अनुसंधानकर्ताओं ने इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए एक नई प्रौद्योगिकी विकसित की है, जिस पर मौजूदा प्रौद्योगिकी की तुलना में करीब आधी लागत आएगी। साथ ही, इससे दो पहिया और चार पहिया इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतों में काफी कमी लाने में मदद मिल सकती है। आईआईटी (बीएचयू) में प्रयोगशाला स्तर पर इसे पहले ही विकसित किया जा चुका है और उन्नयन तथा वाणिज्यिकरण प्रगति पर है।

### जाने माने पुरातत्वविद नागास्वामी का निधन

**चेन्नई।** प्रसिद्ध पुरातत्वविद एवं पद्म भूषण से सम्मानित आर. नागास्वामी का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे। वह तमिलनाडु के पुरातत्व विभाग के पहले निदेशक थे। नागास्वामी के परिवार में दो बेटियां और दो बेटे हैं। उनकी पत्नी पार्वती का पहले ही निधन हो चुका था। नागास्वामी के दामाद भास्कर कैलासम ने उनका (आर. नागास्वामी) निधन चेन्नई स्थित आवास पर अपराह्न करीब ढाई बजे हुआ।

### पीएम की सुरक्षा को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर करके प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है। आशीष कुमार द्वारा दायर याचिका में यह घोषणा किए जाने का आग्रह किया गया है कि असैन्य या सैन्य सभी अधिकारी प्रधानमंत्री और उनके परिवार के सदस्यों की सुरक्षा के मामले में विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) की देखरेख में कार्य करेंगे। जनहित याचिका पर 24 जनवरी को मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल के नेतृत्व वाली पीठ सुनवाई करेगी।

### मनमानी फीस नहीं वसूल सकेंगे निजी स्कूल

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने निजी स्कूलों की मनमानी पर शिकंजा कसते हुए फीस वृद्धि कानून लागू कर दिया है। प्रदेश के सभी निजी स्कूल संचालकों को एक फरवरी तक फार्म नंबर छह भरने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा निदेशालय ने शनिवार की रात यह फार्म जारी कर दिया है। नए शैक्षणिक सत्र से स्कूलों को जहां अपनी सभी अनिवार्य गतिविधियों की प्रोसपेक्ट्स में जानकारी देनी होगी, वहीं स्कूल 10.13 प्रतिशत से अधिक फीस भी नहीं बढ़ा पाएंगे।

# पीएम मोदी ने किया होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण

### समारोह में आपदा प्रबंधन पुरस्कार भी प्रदान किए

**एजेंसी।** नई दिल्ली





**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण कर दिया। पीएम मोदी ने इसके बाद स्थापना समारोह में वर्ष 2019, 2020, 2021 और 2022 के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार भी प्रदान किए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम से पहले पीएम ने एक ट्वीट में बताया था कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती और साल भर चलने वाले समारोह के हिस्से के रूप में सरकार ने इंडिया गेट पर उनकी एक भव्य प्रतिमा लगाने का फैसला किया है। ग्रेनाइट से बनी यह प्रतिमा स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी के योगदान को ध्यान में रखते हुए सही मायनों में एक उपयुक्त श्रद्धांजलि होगी। प्रतिमा का काम पूरा होने तक नेताजी की होलोग्राम प्रतिमा ठीक उसी स्थान पर लगाई जाएगी।

इस होलोग्राम प्रतिमा को 30000 लुमेन 4के प्रोजेक्टर द्वारा संचालित किया जाएगा। एक अदृश्य, हाई गेन, 90 फीसदी पारदर्शी होलोग्राफिक स्क्रीन इस तरह से लगाई गई है कि यह यहां आने वाले लोगों को नजर नहीं आ रही है। होलोग्राम का सटीक प्रभाव उत्पन्न करने के लिए उस पर नेताजी की थ्रीडी तस्वीर लगाई जाएगी। होलोग्राम प्रतिमा 28 फीट ऊंची और छह फीट चौड़ी है।

इस कार्यक्रम के दौरान कुल मिलाकर सात पुरस्कार प्रदान किए गए। केंद्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में विभिन्न लोगों और संगठनों द्वारा प्रदान किए गए अमूल्य योगदान की सराहना और सम्मानित करने के लिए वार्षिक सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार की शुरुआत की है। हर साल 23 जनवरी को इस पुरस्कार की घोषणा की जाती है। इस पुरस्कार के तहत किसी संस्था के मामले में उसे 51 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और एक प्रमाण पत्र और किसी व्यक्ति के मामले में उसे पांच लाख रुपये और एक प्रमाण पत्र दिया जाता है।

पीएमओ के मुताबिक, पहले ही यह घोषणा की जा चुकी है कि हर साल नेताजी की जयंती 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। इसी उत्कृष्ट भावना को ध्यान में रखते हुए गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत एक दिन पहले यानी 23 जनवरी से की जाएगी।

इससे पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संसद में 15वीं लोकसभा के दौरान 15 मार्च 2010 को जॉर्ज पंचम की मूर्ति की जगह किसी भारतीय महापुरुष की मूर्ति की स्थापना हेतु अनुरोध किया था। मैं प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद देता हूं कि आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया जा रहा है।

# न्यायालय ने पटाखा फैक्ट्री विस्फोट पर एनजीटी के आदेश को बदला

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल तमिलनाडु के विरुद्धनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री विस्फोट के पीड़ितों के उत्तराधिकारियों को 20 लाख रुपए का मुआवजा देने के राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेश को रद्द कर दिया है। इस विस्फोट में 19 श्रमिकों की मौत हो गई थी।

न्यायाधीश न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की पीठ ने कहा कि एनजीटी ने एकतरफा कार्यवाही की और अधिकरण को मामले पर नए सिरे से विचार करने का निर्देश दिया। पीठ ने अपने हालिया फैसले में कहा, तदनुसार, न्याय के हित में, हम इस फैसले और आदेश को निरस्त करना उचित समझते हैं। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने 11 जून 2021 को अपना फैसला सुनाया था। एनजीटी के आदेश को चुनौती देते हुए तमिलनाडु फायरवर्क्स एंड अमोर्सेस मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने अपील की थी, जिस पर शीर्ष अदालत में सुनवाई हो रही थी। अधिकरण ने विरुद्धनगर के जिला मजिस्ट्रेट के माध्यम से तमिलनाडु को मरने वालों के उत्तराधिकारियों को 20-20 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया था।

### दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पंजाब विस चुनाव के मद्देनजर कहा

# प्रवर्तन निदेशालय सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार करेगा

### जैन ने कहा, भाजपा हार रही है, इसीलिए हमारा शिकार कर रही

### यदि जैन गिरफ्तार हुए तो जमानत पर आ जाएंगे : केजरीवाल



### हम केंद्रीय एजेंसी से नहीं डरते : जैन

**स्वास्थ्य** एवं अन्य विभागों का कामकाज संभाल रहे जैन ने एक बयान में कहा कि वह ईडी, सीबीआई या किसी भी केंद्रीय एजेंसी से नहीं डरते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यह भाजपा की पुरानी तरकीब है कि जब उसे अहसास होता है कि वह चुनाव हार जाएगी तब वह हमारा शिकार करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भेजती है। वैसे ईडी की ओर से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। जैन से 2018 में धनशोधन के मामले में ईडी ने पूछताछ की थी। ईडी ने सीबीआई की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने आरोप लगाया था कि मंत्री उन चार कंपनियों में आई रकम का स्रोत नहीं बता पाए थे, जिनमें वह शेयरधारक हैं।

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को दावा किया कि उन्हें सूत्रों से पता चला है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) उनके कैबिनेट मंत्री सत्येंद्र जैन को पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तार करने जा रहा है।

उन्होंने केंद्र पर आगामी चुनावों में भाजपा के हार जाने का अहसास हो जाने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) को निशाना बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने केजरीवाल पर पलटवार किया और आरोप लगाया कि वह एजेंसी पर दबाव बनाने तथा अपने बयान से सहानुभूति हासिल की कोशिश कर रहे हैं जबकि उन्हें पता है कि जैन के विरुद्ध ठोस सबूत हैं।

बहरहाल, केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और कार्यकर्ता इन एजेंसियों से नहीं डरते क्योंकि उन्होंने कुछ गलत नहीं किया और उन्हें अदालत से राहत मिलेगी। उन्होंने नरेंद्र मोदी सरकार को जैन या उनकी पार्टी में किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए ईडी या सीबीआई जैसी किसी भी अन्य एजेंसी को भेजने की चुनौती भी दी।

बता दें, पंजाब में 20 फरवरी को विधानसभा चुनाव है। मतगणना 11 मार्च को होगी। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को अहसास हो गया है कि (पांच राज्यों के विधानसभा) चुनाव में वह हार रही है, इसलिए उसने सभी केंद्रीय एजेंसियों को अपने विरोधियों के खिलाफ काम पर लगा दिया है। केजरीवाल ने कहा, मैं केंद्र सरकार एवं भाजपा से कहना चाहता हूं कि वे अपनी एजेंसियां भेज सकते हैं। हम तैयार हैं। उन्हें मेरे, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, भगवंत सिंह मान के पास भेजिए। हम उनका स्वागत करेंगे.. सत्येंद्र जैन के मामले में क्या होगा? यदि उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो वह पांच-10 दिनों में जमानत पर आ जाएंगे। हम जेल जाने या छापा पड़ने से डरते नहीं है।

### दिल्ली की एक एनजीओ ने किया दावा

# राजधानी में ठंड से 106 लोगों की हो चुकी मौत

### एनजीओ के दावे को अधिकारियों ने किया खारिज

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**देश** की राजधानी में जनवरी महीने के दौरान ठंड से 106 लोगों की मौत हो चुकी है। यह दावा दिल्ली की एक स्वयंसेवी संगठन (एनजीओ) ने किया है। यह दावा करने वाले गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सेंटर फोर होलिस्टिक डेवलपमेंट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिख कर उनसे सर्दियों के मौसम में ऐसे लोगों के लिए उपयुक्त इंतजाम करने का अनुरोध किया है। हालांकि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया कि ठंड की वजह से ये मौतें हुई हैं।

वैसे, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे बेघरों की मौत का आंकड़ा सर्दियों के मौसम में बढ़ जाता है। बोर्ड के एक अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा, ठंड की वजह से कोई मौत नहीं हुई। हालांकि हादसों, बीमारियों, शराब एवं मादक पदार्थों के सेवन जैसे अन्य कारणों से बेघरों की मौतें होती हैं, लेकिन डीयूएसआईबी ऐसा कोई आंकड़ा नहीं रखता है।

एनजीओ की रिपोर्ट के अनुसार एक जनवरी से 19 जनवरी तक दिल्ली में ठंड के कारण 106 लोगों की जान चली गई। उत्तरी दिल्ली में 13 और दक्षिण पश्चिम और मध्य दिल्ली में नौ-नौ लोगों ने ठंड से मौत हो गई। पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली में इस दौरान आठ-आठ लोगों की ठंड से मौत हो गई।

गैर सरकारी संगठन के सुनील कुमार अलीदिया ने कहा, ये लोग बेघर थे, जो सड़क किनारे या दुकानों के बाहर खुले में रात गुजारते थे। इस महीने ज्यादातर मौतें ठंड के कारण हुईं। डीयूएसआईबी के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 308 रैन बसेरे हैं। वहीं, नवीनमत आंकड़ों के मुताबिक करीब 8200 बेघर लोग इन रैन बसेरों में रातें गुजार रहे हैं। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली में जनवरी में इस साल सबसे लंबा सर्द मौसम रहा है। हालांकि दिल्ली एनसीआर में हर साल ठंड के दौरान बेघरों की मौत की संख्या बढ़ती है, लेकिन इसका सही-सही आंकड़ा रखने वाली कोई संस्था या प्रशासनिक ढांचा कार्यरत नहीं है।

### सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के तीन कर्मियों को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक थाना प्रभारी समेत दिल्ली पुलिस के तीन कर्मियों को घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

अधिकारियों ने रविवार को बताया कि कालिंदी कुंज थाने के प्रभारी एवं निरीक्षक भूषण कुमार आजाद ने मदनपुर खादर इलाके में एक प्लॉट की चारदीवारी करने की इजाजत देने के एवज में हेडकांस्टेबल राकेश यादव के जरिए कथित रूप से 39,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने जाल बिछाकर कांस्टेबल दिनेश को हेडकांस्टेबल यादव की मौजूदगी में शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ लिया। सीबीआई के प्रवक्ता आरसी जोशी ने कहा, निरीक्षका थाना प्रभारी (आजाद) और हेडकांस्टेबल (यादव) को भी पकड़ा है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों के दफ्तर एवं आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई है।

# सिंधू ने सैयद मोदी इंटरनेशनल का महिला एकल खिताब जीता

**एजेंसी।** लखनऊ



**दो** बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने रविवार को यहां युवा हमवतन भारतीय मालविका बंसोड़ को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी इंटरनेशल बैडमिंटन टूर्नामेंट का दूसरी बार महिला एकल खिताब जीता।

कोविड-19 के कई मामलों के कारण कई शीर्ष खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में हो रहे इस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय सिंधू को एकतरफा फाइनल में मालविका के खिलाफ 21-13 21-16 की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। सिंधू ने फाइनल में सिर्फ 35 मिनट में जीत दर्ज की। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का यह दूसरा सैयद मोदी खिताब है। इससे पहले उन्होंने 2017 में भी इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट का खिताब जीता था। इससे पहले इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी ने हमवतन टी हेमा नागेंद्र बाबू और श्रीवेद्या गुराजादा को सीधे गेम में हराकर मिश्रित युगल का खिताब अपने नाम किया। इशान और तनीषा ने गैरवरीय भारतीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 29 मिनट में 21-16 21-12 से जीत दर्ज की। अर्नाड मर्कल और लुकास क्लेयरबाउट के बीच पुरुष एकल खिताबी मुकाबले को नो मैच (मैच नहीं हुआ) घोषित किया गया जब एक फाइनलिस्ट कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया।

### नेताजी पर आधारित झांकी खारिज करना अन्याय : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित करने का वादा करके महान स्वतंत्रता सेनानी पर आधारित राज्य की गणतंत्र दिवस झांकी को शामिल न करने की अपनी गलती से पल्ला नहीं झाड़ सकती।

बनर्जी ने दोहराया कि झांकी को सरसरी तौर पर खारिज करने का कोई कारण नहीं बताया गया। उन्होंने यहां अपने संबोधन के दौरान कहा, हम यहां रेड रोड पर गणतंत्र दिवस परेड के दौरान झांकी निकालेंगे। आप (लोग) देखेंगे कि यह कितनी जीवंत और रचनात्मक (झांकी) है।

# पंजाब लोक कांग्रेस ने जारी की 22 प्रत्याशियों की सूची

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब लोक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन अमरिंदर सिंह ने विधानसभा चुनाव के लिए 22 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। खुद अमरिंदर सिंह अपनी पैतृक सीट पटियाला शहरी से चुनाव लड़ेंगे।

रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में अमरिंदर सिंह ने कहा कि भाजपा के साथ सीट आबंटन के मुद्दे पर कोई सहमति नहीं हुई है। आने वाले दिनों में फाइनल सूची आने के बाद ही सीटों की संख्या तय होगी। उनकी पार्टी करीब-करीब 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिन सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया उनमें माझा में दो, दोआबा में तीन और मालवा में 17 सीट शामिल हैं।

घोषित किए गए प्रत्याशियों पर आठ जाट सिख, चार अनुसूचित जाति, तीन अन्य पिछड़ा वर्ग, पांच हिन्दू चेहरे शामिल हैं। जिनमें तीन पंडित और दो अग्रवाल हैं।

विस्तृत खबर पेज-8 पर

### मुख्यमंत्री ने किया बोस की प्रतिमा का अनावरण

**चंडीगढ़।** देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को चंडीगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में नेताजी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नेताजी के आदर्शों और बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करें। उन्होंने कहा नेताजी और कई अन्य शहीदों ने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था।

विस्तृत खबर पेज-8

# राजस्थान के राज्यपाल का ट्विटर अकाउंट हैक

**एजेंसी।** जयपुर



**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र का ट्विटर अकाउंट रविवार सुबह हैक कर लिया गया। सुबह 11:28 बजे राज्यपाल के ट्विटर हैंडल से अरबी भाषा में ट्वीट किया गया। साथ में एक इमोटिकॉन भी पोस्ट किया गया है, जिसमें किस ऑफ लव साइन दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि अरबी में किए गए ट्वीट का मतलब है- 'गुड मार्निंग, आपके चाचा स्पूकी और हायब्रिड आपको दुआ देते हैं।'

राज्य के प्रथम नागरिक राज्यपाल का ट्विटर अकाउंट हैक होते ही साइबर पुलिस और जयपुर पुलिस कमिश्नरेट हरकत में आ गए हैं। राजभवन से भी इसकी शिकायत की गई है। साइबर एक्सपर्ट्स राज्यपाल के ट्विटर अकाउंट को हैकर से वापस रिकवर करने की कोशिश में जुटे हैं। साथ ही अकाउंट किसने हैक किया और कहां से हैक हुआ, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। साइबर एक्सपर्ट्स की टीम राज्यपाल के अकाउंट के सिक्योरिटी फीचर्स को भी चेक कर रही है कि कैसे अकाउंट हैक हो गया?

# दिल्ली-एनसीआर की बारिश ने 122 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**जनवरी** का आखिरी हफ्ता शुरू हो रहा है, लेकिन ठंड है कि कम होने का नाम नहीं ले रही है। पहाड़ों से लेकर मैदानों तक कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में शनिवार से भारी बर्फबारी हो रही है। इसका असर मध्य प्रदेश तक देखा जा रहा है। दिल्ली एनसीआर में 122 साल का बारिश का रिकॉर्ड टूटा है। 122 साल बाद इस जनवरी में यहां 88.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। 1901 में मौसम विभाग की तरफ से बारिश के आंकड़े जमा करने के बाद से पहली बार दिल्ली में जनवरी में इतनी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले 1989 में दिल्ली में साल के पहले महीने में 79.7 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

### बढ़ रहा सर्दी का सितम

### जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर में जमकर ठंड पड़ी

मध्यप्रदेश में 30 साल बाद सर्दी ने जनवरी में हद कर दी है। सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। जबलपुर, भोपाल और ग्वालियर में जमकर ठंड पड़ी है। भोपाल और जबलपुर में औसत कोल्ड डे करीब चार गुना हो गए हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, चंबा, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, शिमला और मंडी की ऊंची चोटियों पर हिमपात और मध्यम एवं निचले इलाकों में बारिश हो रही है। शिमला में 10 इंच, कुफरी में डेढ़ फीट, नारकंडा में पौने दो फीट, चौपाल के खिड़की, खड़ापत्थर में दो



फीट, रोहतांग पास में तीन फीट, नोर्थ पोर्टल में ढाई फीट, मनाली एक फीट, भरमौर में डेढ़ फीट तक बर्फबारी हो चुकी है।

हिमाचल प्रदेश में ताजा हिमपात के बाद दोपहर छह नेशनल हाईवे सहित 300 से अधिक सड़कें बंद हो गई हैं। मरीजों को अस्पताल पहुंचाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। राजधानी से अपर शिमला व किन्नौर को जोड़ने वाला एन-05 शिमला से रामपुर तक जगह- जगह बंद पड़ा है। 250 से अधिक विद्युत ट्रांसफार्मर ठप होने से सैकड़ों गांव अंधेरे में डूब गए हैं। बर्फबारी के कारण विद्युत लाइनों को भारी क्षति हो रही है। बिजली के

### सेब के बागों के लिए संजीवनी है बर्फ

**बर्फबारी** देख बागवानों के चेहरे खिल उठे हैं। सेब के बागों के लिए यह बर्फबारी संजीवनी का काम करेगी। इससे जमीन में मौजूद तमाम तरह के कीड़े-मकोड़े नष्ट हो जाते हैं और जरूरी चिलिंग अवधि पूरी हो पाएगी। इसी तरह कृषि उपज को भी इसका फायदा होगा। आगामी दिनों में गर्मियों के दौरान लोगों को पेयजल किल्लत से नहीं जूझना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में हेल्थकेयर वर्कर्स भारी बर्फबारी के बीच लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए पहुंचे। उनके साथ भारतीय सेना के जवान भी थे। हेल्थकेयर वर्कर्स ने गांवों में लोगों को वैक्सीन लगाईं।

बगैर हाड़ कंपा देने वाली ठंड में लोगों को अधिक कठिनाइयां झेलनी पड़ रही हैं।

# फरीदाबाद पायनियर

Good Morning!

हरियाणा, सोमवार, 24 जनवरी, 2022 | वोटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com


### शहर का तापमान

- अधिकतम 15.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 04.00 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- एनएच-3 स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमित विद्यालय में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर वर्चुअल कार्यक्रम: सुबह 10.30 बजे
- बल्लभगढ़ बस अड्डे पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन: सुबह 10 बजे
- जिले में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन: सुबह 9 बजे।

### निवेश गुरु

**सुरक्षित** भविष्य के लिए अपने पैसे कहीं अच्छी जगह निवेश करना बेहद जरूरी है, क्योंकि बुरे वक्त में हमेशा आपकी जमा पूंजी ही आपके काम आती है। लेकिन अक्सर लोगों को सही इन्वेस्टमेंट के बारे में जानकारी नहीं होती है, इसलिए वे अपने पैसे कहीं भी निवेश करने से डरते हैं। ज्यादातर लोग इसी उलझन में उलझे रहते हैं कि कहां इन्वेस्ट करें, जहां उनका पैसा सेफ रहे और साथ ही रिटर्न भी अच्छा मिले। ऐसे में अगर आप भी निवेश की योजना बना रहे हैं।

### यूटीलिटी न्यूज

#### नेताजी की जयंती मनाई



**फरीदाबाद।** सेक्टर-21 डी तिकोना पार्क फरीदाबाद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस मौके पर माल्यार्पण और दीप जलाकर नमन किया गया। कार्यक्रम में डाक्टर राजेंद्र प्रसाद फाउन्डेशन के अध्यक्ष रूपा पटेल व महिला जन सेवा समित के अध्यक्ष रूमा सिह ने नेताजी के जीवन परिचय में कहा की भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर साल 23 जनवरी को मनाई जाती है। इस साल भारत सरकार ने गणतंत्र दिवस का पर्व 26 जनवरी के बजाए 23 जनवरी से मनाने का फैसला लिया है। अब से हर साल सुभाष चंद्र बोस की जयंती से गणतंत्र दिवस पर्व का आगाज होगा। भारत सरकार का यह निर्णय नेताजी के सम्मान और देश की स्वतंत्रता में उनके संघर्षों को याद रखने के लिए लिया गया है।

### क्विक न्यूज

#### लापता युवती बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच कैट ने पिछले माह दिसम्बर में पल्ला थाना क्षेत्र से लापता एक 19 वर्षीय युवती को बरामद कर उनके परिजनों को सकुशल सौंपने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि युवती के परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। लड़की के माता पिता प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। लड़की अपने छोटे भाई के साथ घर पर रहती थी। 29 दिसंबर को लड़की के लापता होने पर परिजनों के काफी ढूंढने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके युवती की तलाश शुरू की। क्राइम ब्रांच कैट ने तकनीकी सहयोग से युवती के उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में होने का पता लगाया। युवती की बरामदगी के लिए पुलिस सहित टीम रवाना हो गई। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस युवती को गोरखपुर से ले आई। पूछताछ के बाद युवती को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

# आजादी के 75 साल बाद भी तय नहीं हुआ सम्मान का पैमाना

## स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने का कोई मापदंड नहीं है

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**देश** को आजाद हुए 75 साल बीत चुके हैं। इसके अलावा हरियाणा को अलग राज्य बने हुए भी करीब 56 साल का समय गुजर चुका है, लेकिन प्रदेश सरकार ने स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर सरकारी कर्मचारी एवं अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के कोई पैमाना अब तक तय नहीं किया है। जबकि हर साल इन दोनों शुभ अवसरों पर सैंकड़ों की संख्या में सरकारी कर्मचारी अथवा अन्य लोगों को सम्मानित किया जाता है।

सम्मानित होने वाले कई लोग तो ऐसे होते हैं, जिनका खुद का अथवा उनके विभाग का कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं होता। सम्मानित होने वाले लोगों में ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं होती, जिन्हें प्रति वर्ष प्रमाण पत्र दिया जाता है। इस बात का खुलास एक संघर्ष द्वारा दायर की गई आरटीआई से हुआ था। प्रशासन ने स्वीकार किया है कि इन अवसरों पर सम्मानित करने के लिए सरकार ने कोई हिदायत या नोटिफिकेशन जारी नहीं की है। प्रशासन द्वारा गठित कमेटी विभागों और एनजीओ से आवेदन मांगती है। सम्मानित करने की कमेटी के निर्णय के बाद उपायुक्त अंतिम निर्णय लेते हैं। प्रशासन के इस जवाब से संतुष्ट न होकर राज्य सूचना आयोग ने जांच के आदेश दिए थे, लेकिन यह जांच ढाई साल से लंबित पड़ी है।

### आरटीआई से मांगा था जबाव

**हर** साल स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस के मौके पर जिले में सैंकड़ों की संख्या में सरकारी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी, समाजसेवी, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और रेडक्रास से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जाता है। सम्मानित होने वालों में ऐसे अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल होते हैं, जिन पर लगे आरोपी की जांच चल रही होती है। वहीं कई लोगों को तो हर साल दोनों दिवसों पर सम्मानित किया जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए एक संघर्ष एनजीओ के अध्यक्ष अजय बहल ने वर्ष 2017 में जिला प्रशासन में एक आरटीआई दायर की थी। जिसमें उन्होंने पूछा था कि प्रशासन किस आधार पर इन्हें सम्मानित करता है। इसके लिए सरकार अथवा प्रशासन की तरफ से क्या मापदंड तय किए गए हैं। सम्मानित करने के आवेदन की क्या कोई सार्वजनिक सूचना जारी की जाती है। जिन लोगों को सम्मानित किया जाता है, क्या उनसे चरित्र प्रमाण पत्र मांगा जाता है। सम्मानित होने वाले लोगों के नाम जारी करने की कमेटी में कौन कौन शामिल हैं। इन पर किसके द्वारा सहमति दी जाती है।



गणतंत्र दिवस रिहर्सल का फाइल फोटो।



लघुसचिवालय परिसर का फोटो।

### आज तक तय नहीं पैमाना

**आरटीआई** कार्यकर्ता अजय बहल द्वारा दायर की गई आरटीआई का जवाब देने में पहले सूचना अधिकारी द्वारा लगातार टाला जाने लगा, लेकिन बाद में इसका जवाब सूचना अधिकारी द्वारा करीब डेढ़ साल बाद दिया गया। सूचना अधिकारी ने इस मामले में अपना पूरा जवाब गोलमोल तरीके से दिया था। जवाब में सूचना अधिकारी ने बताया था कि सम्मानित करने के लिए सरकार की तरफ से कोई हिदायत या नोटिफिकेशन जारी नहीं की जाती। इन दोनों दिवसों पर लोगों को सम्मानित करने की लिस्ट तैयार करने के लिए जिला स्तर पर एक कमेटी गठित की जाती है। जिसमें उपायुक्त, एसडीएम और नगराधीश शामिल होते हैं। यह कमेटी विभिन्न विभागों और उनके अंतर्गत कार्य करने वाली एनजीओ से सम्मानित करने के लिए लोगों से आवेदन मांगती है। इन आवेदनों की जांच के बाद कमेटी सम्मानित होने वाले लोगों की सूची तैयार करती है। लेकिन इस पर अंतिम निर्णय उपायुक्त द्वारा ही लिया जाता है। वहीं आरटीआई के जवाब में यह भी कहा गया था कि सम्मानित होने वाले लोगों से प्रशासन की तरफ से कोई चरित्र प्रमाण पत्र नहीं मांगा जाता है।

### ढ़ाई साल नहीं हुई जांच



स्वतंत्रता दिवस समारोह की रिहर्सल का फाइल फोटो।

**सम्मानित** करने के महत्वपूर्ण मुद्दे पर दिए गए जवाब से अजय बहल बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं हुए थे और वे अपील में चले गए। लेकिन संतुष्टिपूर्वक जवाब न मिलने पर उन्होंने राज्य सूचना आयोग में शिकायत की थी। प्रशासन के जवाब पर राज्य सूचना आयोग ने भी असंतुष्टि जताई थी। जिसके बाद राज्य सूचना आयोग ने वर्ष 2019 में इस मामले की जांच के लिए जिला उपायुक्त को पत्र भेजा था। आरटीआई का यह जवाब जिला सूचना अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया था। इसलिए जांच भी उनके खिलाफ ही होनी है। लेकिन तत्कालीन सूचना अधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट वालिना राणा ने नियमों को ताक पर रखकर अपने से वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त उपायुक्त को जांच करने के लिए लिख दिया था। लेकिन करीब ढाई साल का समय गुजर जाने के बाद भी इस मामले की जांच आज तक पूरी नहीं हो पाई हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रशासन न तो आरटीआई के प्रति गंभीर है और न ही स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर लोगों को सम्मानित करने के मुद्दे पर किसी तरह की गंभीरता बरती जा रही है।

### चहेतों के भेजते हैं नाम



**एक** संघर्ष एनजीओ के डायरेक्टर अजय बहल ने कहा कि अक्सर देखने में आता है कि विभाग अध्यक्ष स्वयं खुद को या अपने अधीन आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके रूटिंग कार्यों के लिए ही सम्मानित करवाने के लिए नाम भेज देते हैं। इससे न केवल सम्मान की गरिमा कम होती है बल्कि वास्तविक रूप से काम करने वाले अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी इस अवसर से वंचित रह जाना पड़ता है।

# सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई को लेकर किसानों की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नहरपार** ग्रेटर फरीदाबाद के गांव बड़ौली में किसान संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति ग्रेटर फरीदाबाद के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने की। बैठक का आयोजन ब्लॉक समिति मेंबर सतपाल चंदीला की तरफ से किया गया।

सुप्रीम कोर्ट नहरपार के किसानों की रिव्यू याचिका की सुनवाई 27 तारीख को करेगा। नहरपार के किसान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ ही रिव्यू याचिका दायर कर रखी है। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट कोर्ट पंजाब के 1229 वर्ग गज के मुआवज़ा को घटाकर 645 रुपये कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश से नहर पार के पांच गांवों के किसानों की मुआवजा बढ़ाने की आस बिलकुल टूट गई। यह फैसला किसानों के 15 वर्षों के संघर्ष के बाद आया है। नहरपार ग्रेटर फरीदाबाद के किसान नेता रणबीर चंदीला ने बैठक में कहा कि नहर पार के पांच गांवों का नोटिफिकेशन के 10 मई 2006 को हुआ था। जिसमें पांच गांवों की जमीन को सेक्टर 75/80 रिहायशी सेक्टरों के लिए 16 लाख रूपये प्रति एकड़ हिसाब से अधिकृत किया। इस फैसले से नहरपार के किसान संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट कोर्ट में अपील दायर की थी। जिसको हाईकोर्ट ने बढ़ाकर 1229 रुपये प्रति वर्ग गज के हिसाब से कर दिया। किसान इस फैसले से संतुष्ट नहीं हुए, उन्होंने एक पंचायत कर सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर कर दी। कोर्ट ने गांव सीही का मुआवजा 1351 रुपये प्रति वर्ग गज कर दिया। चार गांव बडौली, प्रहलादपुर, मिर्जापुर, भतौला का मुआवजा 1229 रुपये प्रति वर्ग गज से घटाकर 645 रुपये प्रति वर्गगज कर दिया। जबकि पांचों गांव के किसान एक साथ ही संघर्ष करते आ रहे हैं।

किसान नेता निरंजन नंम्बरदार ने कहा कि किसानों को अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले से बड़ी उम्मीद है। बैठक में नरेंद्र चन्दीला, अदल सिंह चन्दीला, हर्ष वशिष्ठ एडवोकेट, पूर्व सरपंच राजवीर, सतबीर, मस्तू ठेकेदार, सुखवीर चन्दीला, महेंद्र चन्दीला, हरी राम, दुली चन्द, ओमप्रकाश आदि किसान मौजूद थे।




गांव बड़ौली में किसान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेते किसान।

# देश की आजादी में नेताजी का अहम योगदान

## आदर्श संस्कृति विद्यालय सेक्टर-55 में सुभाष बोस जयंती का आयोजन किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



सेक्टर-55 स्थित आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नेताजी की जयंती पर आयोजित वीडियो कान्फ्रेंस में भाग लेते प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत व अन्य।

**राजकीय** आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 55 संकुल संसाधन केंद्र के तत्वावधान में सुरक्षा तथा संरक्षा विषय को लेकर तरंग माध्यम से आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत नेताजी सुभाष बोस जयंती का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोज ने नेताजी सुभाष बोस के द्वारा देश को आजाद कराने के लिए किए गए अद्वितीय, साहसिक, अनथक व अनोखे प्रयासों के माध्यम से दिए गए योगदान को रेखांकित किया। भारत की आजाद हिन्द सरकार की घोषणा सुभाष चंद्र बोस ने 21 अक्टूबर 1943 को सिंगापुर में की। इस सरकार को जर्मनी, जापान, फिलिपींस, कोरिया, चीन, इटली, आयरलैंड समेत 9 देशों ने मान्यता भी दी थी। फौज को आधुनिक युद्ध के लिए तैयार करने में जापान ने बड़ी मदद की। जापान ने ही अंडमान और निकोबार द्वीप आजाद हिंद सरकार को सौंपे। अध्यापक मनोज शर्मा ने कहा कि अंग्रेजों को देश से बाहर करने का सर्वाधिक श्रेय सुभाष बोस को दिया जाना चाहिए।

नेताजी सुभाष बोस ने जर्मनी के शासक हिटलर से मिलकर जिस तरह आजाद हिंद फौज का गठन किया, जापान का सहयोग लिया और निर्वासित सरकार का गठन करते हुए सिंगापुर रेडियो से उसकी घोषणा की। इस अवसर पर विज्ञान अध्यापक ब्रह्मानंद ने लोकप्रिय गीत 'बरसन लागे फूल बोस पे-जब हाथ मिल्या हिटलर तै' सुना कर सभी को रोमांचित कर दिया।

# नेताजी के बलिदान को भुला नहीं सकते

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सामाजिक** संस्था जनहित सेवा संस्था फरीदाबाद के तत्वाधान में संस्था के कार्यालय पर नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर का संस्था की पूरी टीम ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक डागर ने नेता जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हम कभी भी नेताजी के बलिदान को भुला नहीं सकते आज के युवाओं को नेता जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के अध्यक्ष संत सिंह हुड्डा ने कहा की आज की युवा शक्ति को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा व देश सेवा करनी चाहिए। नर सेवा ही नारायण सेवा है। संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत ने कहा कि हम अपने वीर शहीदों को नमन करते हैं और उनके बलिदान को कभी नहीं भुला सकते आज हम जो खुले में सांस ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्था की टीम ने वह मुख्य अतिथि समाजसेवी दीपक नागर की टीम ने नेताजी की छाया चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।



जनहित सेवा संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माला अर्पित करते संस्था के सदस्य।

# प्रेरणास्रोत है नेताजी का जीवन: मनोज अग्रवाल

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आयोजित की गई पुष्पांजलि सभा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारतीय** स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख सेनानी, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जन्म जयंती पर बल्लभगढ़ के मोहना रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल की अध्यक्षता में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया।



बल्लभगढ़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व अन्य कांग्रेसी।

कार्यक्रम में बल्लभगढ़ विधानसभा के समस्त कांग्रेसजनों ने नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बल्लभगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हरियाणा कांग्रेस के स्टेट सोशल मीडिया इंचार्ज मनोज अग्रवाल ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस की गिनती भारत के वीर सपूतों में की जाती है। आजाद हिंद फौज बनाकर उन्होंने अपने अदम्य साहस और बलिदान से विश्व में नई शौर्यगाथा लिख दी थी। सुभाष बाबू पूर्ण स्वराज्य के पक्षधर थे। भारत को महाशक्ति के रूप में देखना उनका सपना था। नेताजी दो बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए। नेताजी में राष्ट्रीयता की उत्कृष्ट भावना थी। उनके नेतृत्व में बलिदानियों की ऐसी टोली बनी थी जिनमें जाति, धर्म क्षेत्र की कोई भावना नहीं थी। उनके जयहिंद के नारे की गूंज से ब्रिटिश साम्राज्य दहल उठा था। नौजवानों के वे प्रेरणास्रोत थे। उनके नाम से ही लोगो में आज भी नए जोश का संचार हो जाता है। इस दौरान मुख्य रूप से कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय त्यागी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी, सेवादल की प्रदेश सचिव सगीरन खान, आशा अग्रवाल, ठाकुर शर्मा, उत्कर्ष त्यागी, राहुल गुप्ता, ललित मथादु सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।


### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103


### नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

जो ऊँचे खानदानी हैं वो ऊँचे पद पे जायेंगे  
भला अब नींव के पत्थर कहाँ गुम्बद पे जायेंगे  
ये कारोबार है तो फिर सियासी लोगों के बच्चे  
सियासत में न जायेंगे तो क्या सरहद पे जायेंगे

# श्रद्धासुमन अर्पित कर नेताजी को किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नेताजी** सुभाष चंद्र बोसजी की जयंती के अवसर पर पृथला विधानसभा मैं सीकरी मंडल के गांव कबूलपुर बांगर की राजपूत चौपाल पर आयोजित कार्यक्रमों में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा फरीदाबाद के जिला उपाध्यक्ष व सिकरी मंडल के प्रभारी पंडित लखमीचंद भारद्वाज पहुंचे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष धर्मवीर सिंह छोकर ने की।

मुख्य अतिथि पंडित लखमीचंद भारद्वाज व भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर उनके चरणों में नमन किया। इस कार्यक्रम में गांव कबूलपुर बांगर वह आस-पास के गांव के पूर्व फौजी वह स्वतंत्रता सेनानियों को भी सम्मानित किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पंडित लखमीचंद भारद्वाज ने संबोधित किया। पंडित लख्मीचंद भारद्वाज ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस का जन्म उड़ीसा के कटक में एक संपन्न बंगाली परिवार में हुआ। बचपन में प्रथम श्रेणी में इंटरमीडिएट की परीक्षा पास करने के बाद सुभाष चंद्र बोस भारतीय प्रशासनिक सेवा की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए। ये भारतीयों के लिए बड़ी उपलब्धि थी कि उन्होंने इस परीक्षा में चौथा स्थान प्राप्त किया था। हालांकि उन्हें अंग्रेजों की गुलामी मंजूर नहीं थी। इसलिए भारतीय प्रशासनिक सेवा को बीच में ही छोड़कर वह भारत आ गए। बहुत कम लोगों को पता होगा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने महात्मा गांधी को सबसे पहले राष्ट्रपिता कहकर पुकारा था। आजाद हिंद फौज, आजाद हिंद सरकार और बैंक की स्थापना की और 10 देशों का इस बाबत समर्थन हासिल किया। वह हर युवा के लिए प्रेरणा है। उन्होंने भारतीयों के रक्त में देशभक्ति की आग लगाने वाला नारा दिया था, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जहां हम आज़ादी की 75वी वर्षगांठ मना रहे हैं, हमारे लिए यह आवश्यक हो जाता है कि हम राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें। ध्वजारोहण करते समय गर्व का जो भाव हमारे हर्दिय को आह्लादित कर देता है, वह इस राष्ट्र के कोटि-कोटि जनमानस की देशभक्ति की भावना की अनुभूति है।

नेता जी की चारित्रिक विशेषताएं हर दौर में हर व्यक्ति को प्रेरणा देती रहेंगी। जो हथौड़ा नेता जी ने अंग्रेजी हुकूमत पर मारा था उनकी गूंज एक लंबे समय तक अंग्रेजों को सुनाई दी थी। भारत के इतिहास की जब भी बात होती है, नेता जी का नाम, उनका काम और उनकी भावना सदैव राष्ट्रभक्ति के सर्वोच्च मानदंडों में से एक गिनी जाती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबू सिंह, रामचंद्र सिंह, मोहन सिंह, संत भगत जी, सत्यवीर फौजी, एक्स स्वतंत्र सेनानी जगत सिंह उर्फ जय हिंद के पुत्र विद्या आदि मौजूद रहे।



गांव कबूलपुर बांगर की राजपूत चौपाल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते ग्रामीण।

# हिन्दू स्कूल में मनाया पराक्रम दिवस



बल्लभगढ़ स्थित हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जंयती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते स्कूल के टीचर्स व छात्राएं।

**फरीदाबाद।** कुंदन कालोनी बल्लभगढ़ स्थित हिन्दु सीनियर सेकेंड्री स्कूल में सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई गई। सुभाष चंद्र बोस के पराक्रम दिवस पर कैबिनेट मिनिस्टर मूलचंद शर्मा इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे।

जहां पार्षद दीपक यादव, तेजपाल मास्टर, राम कृष्ण, राम प्रसाद, तहसीलदार और अन्य स्टाफ मैम्बर्स में सोनाली, उर्वशी, निकिता, कौशिक, सीमा, ज्योति, राजेश, राजकुमार, मुरारी मुख्य रूप से मौजूद थे। इस मौके पर करीब 100 लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। मंत्री शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर नेताजी की जयंती के अवसर पर अपना संबोधन दिया। इस अवसर पर वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपना जीवन लगाने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी से देश के नौजवानों में नई ऊर्जा का संचार होता है।

भारत देश को आजाद कराने के लिए ब्रिटिश सरकार से लोहा लेते हुए आजादी का बिगुल बजाने के साथ-साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया कि 'तुम मुझे खून दो- मैं तुम्हें आजादी दूंगा।'

# आजाद हिंद फौज के गुमनाम जवानों को मिले सम्मान

कविता। फरीदाबाद

**देश** में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 125 वें जन्मदिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ सामाजिक कार्यकर्ता फौगाट सीएम और डिप्टी सीएम से गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों को स्वतंत्रता सेनानियों का दर्जा दिलवाने हेतु प्रयासरत है।

उनका कहना है कि फरीदाबाद, पलवल और गुरूग्राम के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का रिकॉर्ड गुरूग्राम प्रशासन तक पहुंचाये हुए उन्हें काफी समय हो गया है। लेकिन फरीदाबाद, पलवल और गुरूग्राम के परिवारों तक यह रिकार्ड प्रशासन द्वारा नहीं पहुंचाया गया है।

### रिकार्ड तलाशकर दिया, लेकिन प्रशासन ने पलवल, फरीदाबाद और गुरूग्राम निवासियों को न पहुंचाया

### लड़ रहे लड़ाई

**सामाजिक** कार्यकर्ता भगवान फौगाट ने बताया कि आजाद हिंद फौज के गुमनाम रहे हरियाणा के जवानों का रिकॉर्ड, गौरवपूर्ण इतिहास राष्ट्रीय अभिलेखागार में पाया गया है। इनका रिकॉर्ड उन्होंने सालों कि मेहनत से ढूंढकर राज्य व जिला प्रशासन और राज्य स्वतंत्रता सेनानी सम्मान समिति कार्यालयों तक पहुंचाया है। सभी उपायुक्तों को कार्यवाही के लिए मुख्य सचिव कई बार फिर से पत्र लिख चुके हैं।



उपमुख्यमंत्री भगवान फौगाट को आश्वासन देते हुए

### म्यूजियम बनाए जाएं

**भगवान** फोगाट ने सीएम से प्रत्येक जिले में हरियाणा के आजाद हिंद फौज के सेनानियों का शिलालेख पट्ट एवं उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने हेतु म्यूजियम सुभाष पार्क भव्य रूप से बनाने की मांग की। हरियाणा के अनेक जवानों ने आजाद हिद फौज में हिस्सा लिया था, उनको स्वतंत्रता सेनानी का दर्जा नहीं दिया गया, वह आज तक गुमनाम हैं। अत: नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क में शिलालेख पट्ट व म्युजियम मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सैनिक कल्याण मंत्री से बनवाने की मांग की गई। मंत्री ओमप्रकाश यादव ने सकारात्मक सहयोग के आश्वासन के साथ मांग पूरी करने का आश्वासन दिया गया।

### मिला है आश्वासन

**फौगाट** ने बताया कि अंग्रेजी सेनाओं द्वारा दिए गए रिकॉर्ड के आधार पर आजाद हिद फौज के सभी जवानों कि पहचान करना आसान नहीं था। अत: वे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानी रह गए हैं। अगर सरकार द्वितीय विश्व युद्ध के अंग्रेजी सेना के जवानों कि यूनिट आर्मी नंबर, नाम, पता दिलवाये तो वह अपने अनुभव के आधार पर सैकड़ों जवानों का आजाद हिंद फौज राष्ट्रीय अभिलेखागार कार्यालय से ढुंढकर दे सकते हैं। उप मुख्यमंत्री ने उनको स्वतंत्रता सेनानी दर्जा देने की आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

# नेताजी और शहीदों को याद कर रो पड़े शहीदों के परिवार जन

### नेताजी की जयंती पर जयहिन्द बोस बोलकर भावुक हुए लोग

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** के 40 वार्डों और 92 गांवों में आयोजित कार्यक्रमों में आए हजारों लोग जयहिंद बोस बोलकर नेताजी और शहीदों को याद कर भावुक हो उठे। देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले 3 लाख 27 हजार शहीदों की शहादत की दास्तां सुनकर हर आंख से आंसू छलक आए। शहीदों के परिवार जन कांग्रेस सरकार द्वारा आजादी का इतिहास छुपाने पर आहत नजर आये।

जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि पूरे फरीदाबाद के 132 कार्यक्रमों में शहीदों की दास्तान सुन लोगों का हृदय द्रवित हो उठा और लोग भावुक हो उठे। कार्यक्रमों के दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और प्रदेश पदाधिकारियों की सेलुलर जेल कालापानी की यात्रा में उजागर हुए स्वतंत्रता सेनानियों के साथ हुई भयानक यातना और उनकी निर्मम हत्या की कहानी सुनकर फरीदाबाद के लोग रो पड़े। नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर गाँव और वार्ड में कार्यक्रमों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के वीरों का इतिहास और उनकी शौर्य गाथाएं लोगों तक पहुंचाई। नेताजी और लाखों शहीदों को याद कर लोगों ने जयहिन्द बोस व हरियाणा बोले जयहिंद बोस के नारे का उद्घोष लगाया। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने वार्ड 26 व 27, हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने वार्ड 38 व 40, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने वार्ड 37, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़ ने वार्ड 33, विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने वार्ड 29, राजेश नागर ने तिगांव, व लहढोला, पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने वार्ड 31, पूर्व विधायक टेकचंद शर्मा ने वार्ड 22, महापौर सुमन बाला ने वार्ड 12, वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी ने वार्ड 27, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सोहनपाल सिंह ने गाँव फिरोजपुर, आल्हापुर, सौतई व सीकरी, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल वार्ड 31, आर एन सिंह वार्ड 33 और भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों ने कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर नेताजी और शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया और उनको नमन कर जयहिन्द बोस का उद्घोष लगा श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रमों के दौरान तिरंगे को नमन कर राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान भी गाया गया और आजाद हिंद फौज के तराने, सुभाष जी..सुभाष जी, कदम कदम बढाए जा गीत और सुभाष चन्द्र बोस पर बनी रागनियों को सुनकर लोग नेताजी को याद कर भावुक हो उठे। शहीदों के परिवारों के उपस्थित सभी सदस्य भावुक हुए बिना ना रह सके, हर आंख में आंसू नजर आये।

गोपाल शर्मा ने कहा कि आजाद हिन्द फौज की ओर से लड़ते हुए इस पवित्र युद्ध में हरियाणा के कुल 22 वीर अफसर तथा 324 बहादुर जवान वीरगति को प्राप्त हुए। आजादी की लड़ाई में फरीदाबाद जिले के 182 लोगों ने शहादत दी। आजाद हिंद फौज के जीवित आठ सैनिकों में फरीदाबाद के ग्राम मछ्गर निवासी 102 वर्षीय जगराम धनखड़ आज भी जीवित हैं। जबकि 321 सैनिकों की विरांगनाएं आजाद हिंद फौज में सैनिक रहे अपने वीर पतियों की शौर्य गाथा सुनाने के लिए आज भी जिंदा है।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व अन्य लोग।

# रक्तदान से बड़ा कोई नहीं पुण्य का कामः मान



रक्तदान शिविर का रिबन काटकर उद्घाटन करते मुख्यातिथि।

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सभी आयोजकों व सहयोगियों का विशेष तहेदिल आभार प्रकट करता हूं। जिन्होंने नेताजी की जयंती पर रक्तदान कराकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है।

रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कर्म और धर्म का कार्य नहीं हो सकता क्योंकि यह लोगों को जीवन देने का कार्य करता है। रक्त की एक यूनिट के माध्यम से तीन से चार लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने कहा था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उनके इस वाक्य से मतलब देश के लिए कुछ कर गुजरने से था तो हम सभी युवा नेता जी के इस स्लोगन से यह प्रेरणा लें कि हमें जब भी मौका मिले तब समाज व देश की सेवा में जरुरतमंदों को रक्तदान अवश्य करें और लोगों का जीवन बचाने का कार्य करें।

आज के इस यह रक्तदान शिविर हरियाणा प्रेस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ ग्रेस एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से आशानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल एसजीएम नगर 22 फुट रोड पर आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर मान ने उपस्थित होकर रक्तवीरों का उत्साह वर्धन किया।

# कोरोना: 24 घंटे में दो मौतें, 1232 नए संक्रमित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। लगातार मौते भी हो रही है। औद्योगिक नगरी में पुन: दो और संक्रमितों की मौत हो गई। जिससे जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 726 पर पहुंच गया।

जबकि कोरोना वायरस के 1232 मामले पॉजिटिव आए हैं। अच्छी बात यह है कि 1183 लोग ठीक होने पर घर में भेज दिए गए हैं। जिससे जिले का रिकवरी रेट 89.74 प्रतिशत पर पहुंच गया है। जिले में 1232 नए संक्रमित आने से एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 11584 पर पहुंच गया है। जिसमें होम आईसोलेशन में 11373 लोग हैं, लेकिन 211 पॉजिटिव मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया हैं। जिसमें ऑक्सीजन पर 34 और आईसीयू में विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त 42 मरीजों को रखा गया है। वहीं वैंटीलेटर पर 11 मरीज भर्ती हैं। जिले में पिछले 24 घंटे में 3226 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिले में 1414698 लोगों ने अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 119941 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। जबकि 1290568 लोग नेगेटिव मिले। वहीं जिले में फिलहाल 4189 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। जिसमें सरकारी प्रयोगशालाओं के 3217 सैम्पलों और निजी प्रयोगशालाओं के 972 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।



# 22 दिन में 10334 चालान काटे

### 22 दिन में 21532 मास्क वितरित किए गए, 337 नुक्कड़ मीटिंग के जरिए 4122 व्यक्तियों को जागरुक किया गया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत महामारी अलर्ट सुरक्षित हरियाणा के अनुसार फरीदाबाद पुलिस ने कोविड नियमों की अवेहलना करने वाले नागरिकों सहित दुकानदारों के चालान काटकर जुर्माना किया है।

पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वैक्सीन की सर्टिफिकेट के बिना सार्वजनिक स्थल जैसे: सब्जी मंडी, दूध-राशन की दुकान, मार्केट, शराब के ठेके, अनाज मंडी, होटल, मॉल, सरकारी कार्यालय, बस स्टैंड, मेट्रो स्टेशन, रेलवे स्टेशन, पार्क इत्यादि सार्वजनिक स्थान पर जाना वर्जित है। अगर माल्स, मार्केट, दुकानें और शराब के ठेके इत्यादि पर कोई वर्कर बिना मास्क और वैक्सीन के और ग्राहक बिना मास्क के मिला तो व्यक्तिगत आधार पर मास्क न पहनने के लिए 500 रुपये तथा दुकान मालिक का वर्करों व ग्राहकों से नियमों की पालना न करवाने पर 5 हजार रुपए का चालान किया जाएगा। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के दिशा निर्देश अनुसार कोविड नियमों के तहत सभी मॉल्स, बिग बाजार,एल्डगो, ई एफ-3 एस एल, सिल्वर मॉल और बाजारों में स्थित दुकानों की चेकिंग की गई जिनमें दुकानदारों द्वारा कोविड नियमों की उल्लंघना करते हुए पाया गया।

चैकिंग के दौरान पाया गया कि मॉल व दुकानों में काम करने वाले वर्करों ने वैक्सीन नही लगावा रखी है व ग्राहक मास्क का प्रयोग नही कर रहे थे। कोविड नियमों की उल्लंघना करने वाले दुकान मालिकों के 5-5 हजार रुपए के 62 चालन करके 3.10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

फरीदाबाद पुलिस द्वारा कल मास्क न पहनने वाले 416 लोगों के चालान करके 2.08 लाख का जुर्माना लगाया गया तथा 1 जनवरी से अब तक के आंकड़ों की बात करें तो मास्क के टोटल 10334 चालान करके 51.56 लाख का जुर्माना लगाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने नागरिकों से कोरोना सावधानियों का प्रयोग करने करने की हिदायत देते हुए कहा कि फरीदाबाद पुलिस नागरिकों को कोरोना महामारी से बचाने का हर संभव प्रयास कर रही है।



मास्क न लगाने वालों के चालान काटते पुलिसकर्मी।

# कोरियर से गांजा सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** पुलिस उपायुक्त अपराध नरेन्द्र कादयान के दिशा निर्देशो पर कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने अवैध गांजे के मुकदमे में दूसरे आरोपी भूपेंद्र को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी का रहने वाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी उत्तर प्रदेश से कोरियर के द्वारा गांजा पत्ती मंगवाता था और इसे अपने साथी पंकज को सप्लाई करता था जो इसे आगे बेचता था जिसे पुलिस पहले ही 5.276 किलोग्राम गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने इस मामले में गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी भूपेंद्र को बल्लभगढ़ सोहना रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पूछताछ के बाद पेश अदालत कर नीमका जेल में बन्द करा दिया है।

# विधायक ने उठाया सोहना रोड मुद्दा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**एनआईटी** विधायक नीरज शर्मा ने कोरोना संक्रमित होने के बावजूद पत्र के माध्यम से ग्रीवेंस कमेटी में पुन: उठाया बल्लभगढ सोहना टोल रोड की जर्जर हालत का मुद्दा। आपको बता दे की 11 अक्टूबर 2021 को उप मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में ग्रीवेंस कमेटी फरीदाबाद की बैठक हुई थी। जिसमें बल्लभगढ सोहना टोल रोड की जर्जर हालत के बारे में एक परिवाद की सुनवाई थी।

बल्लभगढ सोहना टोल रोड है जोकि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता है, उपरोक्त सडक की हालत काफी जर्जर अवस्था में है जिसको लेकर एनआईटी विधायक, श्री नीरज शर्मा का सघर्ष काफी समय से जारी है। उपरोक्त मामले को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान अतारांकित प्रश्न 186 भी पूछा गया था, जिसपर उप मुख्यमंत्री जी द्धारा खुद माना गया था की कि.मी. 4.00 से कि.मी. 6.00 तक यानी गौछि नाले से सरूरपुर तक एक खंड को छोडकर, जहा मरम्मत की आवश्यकता है। उपरोक्त सडक पर सीवर लाईन डालने के लिए नगर निगम फरीदाबाद द्धारा लोक निर्माण विभाग से अनुमति ली गई थी, जिसपर नगर निगम फरीदाबाद द्धारा कहा गया था की कार्य उपरांत उपरोक्त टूटे हुए हिस्से को बनवा दिया जाएगा। लेकिन कई वर्षो से टूटा हिस्सा नही बनवाया गया है। विधायक, श्री नीरज शर्मा का कहना था की टोल देने के बावजूद लोगो को आने जाने में काफी पेरशानी का सामना तथा कई-2 घंटे जाम से जुझना पडता है। परिवारवाद पर सुनवाई करते हुए आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद को आदेश दिए गए थे नगर निगम फरीदाबाद उक्त सडक के निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराएं। इस कार्य के लिए एससी, लोक निर्माण विभाग गुरूग्राम को आदेश दिए कि निर्धारित समय सीमा अनुसार निविदा पूरी करने के बाद सडक का निर्माण कार्य महीने के अन्त तक शुरू करवा दिया जाए। इसके साथ ही एससी लोक निर्माण विभाग गुरूग्राम, उपायुक्त फरीदाबाद और आयुक्त नगर निगम फरीदाबाद के साथ समन्वय बैठक कर मामले को सुलझाऐंगे। उक्त सडक से पानी की निकासी के कार्य के लिए रिलाईन्स को आदेश दिए की इसके लिए सरकार से दस्ती अनुमति लेकर 15 दिन के अन्दर-2 इसको करवाए तद् उपरांत अध्यक्ष द्वारा इस परिवादवाद को लम्बित रखने के आदेश दिए गए। 21 जनवरी 2022 को ग्रीवेंस कमेटी की बैठक में विधायक, नीरज शर्मा कोरोना संक्रमित होने के कारण पहुंच तो नही पांए लेकिन पत्र के माध्यम से उप मुख्यमंत्री जी से कहा गया की लगभग 3 महीने बीत जाने के बाद भी अभीतक



बल्लभगढ़ सोहना टोल रोड की जर्जर हालत।

# कोरोना से बचाव का उपाय है वैक्सीनः सुषमा

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के द्वारा आज रविवार को आगमन सोसाइटी सेक्टर-70 में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी वाइस चेयरपर्सन सुषमा गुप्ता ने जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सचिव विकास कुमार व भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक विमल खंडेलवाल और उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी ने लोगों का उत्साह वर्धन किया। सुषमा गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के द्वारा वैक्सीनेशन कैंप स्वास्थ्य विभाग के जरिये बहुत ही युद्ध स्तर पर लगाए जा रहे है। उन्होंने आम जन से आह्वान किया कि वे समय रहते सभी अपनी वैक्सिन अवश्य लगाएं। वैश्विक महामारी के कोरोना संक्रमण के बचाव में लोगों के लिए वैक्सिन जीवन प्राण बन रही है। रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार ने बताया कि पूरे फरीदाबाद जिला में सामाजिक संगठनों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सिन लगाने का कार्य किया जा रहा है।

# उपायुक्त ने किया अर्श मेडिकेयर सेंटर का उद्घाटन



नहर पार खेड़ी रोड पर अर्श मेडिकेयर का रिबन काट कर शुभारंभ करते डीसी जितेंद्र यादव, सीएमओ विनय गुप्ता और अन्य लोग।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नहरपार** खेड़ी रोड पर, भारत कॉलोनी/हनुमान नहर में उपायुक्त जीतेन्द्र यादव ने अर्श मेडिकेयर सेण्टर का रविवार को उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आम जनता को बेहतर व सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्राइवेट सेक्टर को भी आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि अर्श मेडिकेयर में भी गरीबों एवं आम लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

इस अवसर पर डॉ विनय गुप्ता सीएमओ फरीदाबाद, डॉ हरजिंदर सिंह एसएमओ सीएचसी खेड़ी कलां, डॉ पुनीता हसीजा, अध्यक्ष आईएमए हरियाणा, डॉ दिनेश गुप्ता, अध्यक्ष आईएमए फरीदाबाद, पवन चौधरी अध्यक्ष पंजाबी सभा, डॉ रोहित गुप्ता, डॉ युवराज कुमार, डॉ सुरेश अरोड़ा, डॉ संदीप मल्होत्रा, स्टाफ के लोग और अन्य अतिथि मौजूद रहे।

इस अवसर पर उपायुक्त जीतेन्द्र यादव ने अर्श हॉस्पिटल ग्रुप के चेयरमैन डॉ लोकेश गर्ग की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि डॉ लोकेश गर्ग चिकित्सा सेवा में केंद्र सरकार की योजना आयुष्मान भारत के तहत भी कई अवार्ड प्राप्त कर चुके हैं, इसके अलावा उन्होंने गरीबों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अर्श मेडिकेयर सेण्टर के नाम से तीसरी शाखा खोली है।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्राह्मण सभा ने किया नेताजी को याद



**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर आजाद हिन्द फौज के संस्थापक भारत माता के वीर सपूत श्रद्धेय नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित व शत-शत नमन किया। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा नेता जी महान शख्सियत के धनी थे उन्होंने भारत को आजाद कराने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। विदेश जाकर आजाद हिन्द फौज की स्थापना की हिटलर भी नेता जी से बहुत प्रभावित हुआ और दस्ताने उतारकर हाथ मिलाया। आज हम उन्हीं की मेहरबानी से खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें इन महानुभावों की जयंती पुण्यतिथि अवश्य मनानी चाहिए। इस अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, चन्द्रशेखर शर्मा, जितेन्द्र, योगेश, दीपक, चिंटू, रामानुज, टिंकू, अशोक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नेताजी की 125 वीं जयंती पर लगाया रक्तदान शिविर



**फरीदाबाद।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पर तिगांव रोड़ स्थित शिरडी साई बाबा टेंपल सोसायटी, अग्रवाल वैश्य समाज फरीदाबाद एवं रोटरी क्लब मिडटाउन के सौजन्य से साईधाम सेक्टर 86, फरीदाबाद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 32 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। शिविर के संयोजक केदारनाथ अग्रवाल व प्रिंसिपल बीनू शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मुख्यमंत्री के मिडिया एडवाइजर मुकेश वशिष्ठ, जिला बाल कल्याण अधिकारी कमलेश शास्त्री व रोटेरियन डा. ललित हासिजा का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया व सभी रक्तदातों का आभार प्रकट किया। शिविर की सफलता के लिए संयोजक केदारनाथ अग्रवाल ने प्रिंसिपल बीनू शर्मा, के ए पिल्लै, हरिओम अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, अश्विनी सिंघल, मनोहर पुनयानी, सतपाल छाबड़ा, अतुल सिंगला, मनोज अग्रवाल, प्रदीप सिंघला, डा. पुनीता हासिजा, रोहित रूंगटा इत्यादि लोगों का तथा मेडिकल स्टाफ का आभार प्रकट किया व शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी के संस्थापक डा. मोतीलाल गुप्ता का उनके मार्ग दर्शन के लिए धन्यवाद किया।

### गणतंत्र दिवस समारोह का आज होगा अंतिम पूर्वाभ्यास



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में सोमवार 24 जनवरी को अंतिम पूर्वाभ्यास में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। अंतिम पूर्वाभ्यास में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम क्रमवार होंगे। विभिन्न विभागों द्वारा 26 जनवरी को ही झांकियां निकाली जायेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को भी रिहर्सल जारी रही। गौरतलब है कि 26 जनवरी को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के खेल राज्य मंत्री संदीप सिंह होंगे। अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर सिंह मान ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह का अंतिम पूर्वाभ्यास 24 जनवरी को सुबह 9:58 मिनट से स्थानीय हैलीपैड ग्राउंड परिसर सेक्टर-12 में किया जायेगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव अंतिम पूर्वाभ्यास में राष्ट्रीय ध्वजारोहण करेंगे। राष्ट्रीय ध्वजारोहण के बाद उपायुक्त जितेंद्र यादव खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत परेड में शामिल सभी टुकडियां भव्य मार्च पास्ट में शामिल होंगी तथा मुख्य मंच के सामने से गुजरते हुए सलामी देंगी। उपायुक्त इन टुकड़ियों की सलामी लेंगे। परेड में 8 टुकड़ियां शामिल होंगी।

### सैकड़ों महिलाओं ने थामा आप का दामन



**फरीदाबाद।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर वार्ड नंबर 15 परमजीत कौर के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धरमबीर भड़ाना के नेतृत्व में सभी महिलाओं को टोपी पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इससे पूर्व सभीं ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को नमन किया। इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है। आम आदमी अपने आप को पार्टी में सुरक्षित महसूस कर रहा है। भड़ाना ने कहा कि आम आदमी पार्टी नगर निगम, पंचायत एवं सभी निकायों के चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। लोग बदलाव की ओर देख रहे हैं। इस मौके पर मनीष भाटिया बड़खल विधानसभा अध्यक्ष, विनोद भाटी संगठन मंत्री, ओपी वर्मा वरिष्ठ आप नेता, मंजू गुप्ता महिला जोन अध्यक्ष बृजेश नागर, विनय यादव, अभिषेक गोस्वामी, चीकू सिंह, शुभांकित गुप्ता, हैप्पी सिंह आदि मौजूद रहे।

### वैक्सीन लगाकर सुरक्षा कवच दे रही है सरकार : शर्मा



**बल्लभगढ़।** देश और दुनिया से कोरोना से महामारी को खत्म करने के लिए लगातार सरकारी अस्पतालों व संस्थाओं द्वारा कोविड वैक्सीन लगाए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस कड़ी में रविवार को बल्लभगढ़ मोहना रोड स्थित गुप्ता क्लीनिक में हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने वैक्सीनेशन कैंप की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी लोग समय से कोरोना से बचाव के लिए समय पर टीका लगवाएं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की जनता के लिए मुफ्त में यह वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। यह वैक्सीन अब 15 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को भी लगाई जा रही है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि बल्लभगढ़ विधानसभा में भी अलग-अलग स्थानों पर कोरोना वेक्सिनेशन के लगातार कैंप लगाए जा रहे हैं। इस अवसर पर बल्लभगढ़ के एसएमओ डॉ टीसी डिडवाल, डॉ दिनेश गुप्ता, डॉ नवनीत गर्ग ,डॉ वीरेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ अनिल नागे, डॉ नरेश जिंदल, डॉ प्रताप ,डॉ अश्विनी , पारस जैन, ब्रीजलाल शर्मा भी मौजूद रहे।

### सीनियर सिटीजन क्लब ने मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती



**फरीदाबाद।** नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए सेक्टर-21ए के सीनियर सिटीजन क्लब में सुभाष चंद्र बोसजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड-19 में वार्ड प्रमुख शालिनी मंगला की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिसमें सेक्टर-21ए आरडब्लूयए ईस्ट के प्रधान अशोक नेहरा और उनकी टीम सहित कई सेक्टर के लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए स्वतंत्रता दिवस के वीरों का इतिहास और उनकी शौर्य गाथाएं की जानकारी साझा की। इस मौके पर कार्यक्रमों के दौरान तिरंगे को नमन कर राष्ट्र गीत और राष्ट्र गान भी गाया गया और आजाद हिंद फौज के तराने, सुभाष जी..सुभाष जी, कदम कदम बढाए जा गीत और सुभाष चन्द्र बोस पर बनी रागनियों को सुनकर लोग नेताजी को याद कर भावुक हो उठे।

# विधायक सुधीर सिंगला ने किया मेजर ध्यानचंद खेल मैदान का उद्घाटन

## सेक्टर-14 में 50 लाख रुपये की लागत से बनाया गया मैदान

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को यहां सेक्टर-14 में मेजर ध्यानचंद खेल मैदान का उद्घाटन किया। करीब 50 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए इस मैदान का क्षेत्र के बच्चों, युवा खिलाड़ियों को लाभ होगा। इसी के साथ ही विधायक ने क्षेत्र की विभिन्न सड़कों को दुरुस्त करने के काम की भी शुरुआत की।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि प्रदेश व भारत सरकार खेलों की तरफ विशेष ध्यान दे रही है। इसी का परिणाम है कि हमारे खिलाड़ियों ने ओलंपिक समेत अन्य खेल प्रतियोगिताओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि खेलों के मामले में हरियाणा ने देश में अपना नाम कमाया है। देश को अनेक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिए हैं। इस अवसर पर इलाके के पार्षद अनूप सिंह, भाजपा नेता अनुराग बक्शी, बोधराज सीकरी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, महासचिव विकास वर्मा, महिला मोर्चा महामंत्री अलका सचदेवा, रविन्द्र जैन, केएल गर्ग, सुमित अरोड़ा व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।



गुरुग्राम के सेक्टर-14 में खेल मैदान का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

### वजीराबाद में स्वतंत्रता सेनानियों को किया सम्मानित

विधायक सुधीर सिंगला ने रविवार को ही वजीराबाद में स्वतंत्रता सेनानियों व उनकी वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को सेल्यूट करते हुए कहा कि उनके साहस और बलिदान के कारण ही हम सब आज आजादी में जी रहे हैं। आजादी के इन मतवालों ने अपना जीवन देश को समर्पित किया था। इनका कर्ज कभी नहीं उतारा जा सकता। इस अवसर पर पार्षद मनीष वजीराबाद, सुनील मेंबर, सुभाष यादव, पार्षद कुलदीप बोहरा, सीएम विंडो के सदस्य अमित गोयल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### विधायक ने नेताजी को भी दी श्रद्धांजलि

**विधायक** सुधीर सिंगला ने सेक्टर-14 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जन्म जयंती के अवसर 75वें आजाद अमृत महोत्सव पर आजाद हिंद फौज के वीरों और नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। नेताजी के महान विचारों को सुना व सभी साथियों के साथ सांझा किया।

### जैकबपुरा में बच्चों को किया सम्मानित

**जैकमपुरा** में भाजयुमो कोषाध्यक्ष आशीष गुप्ता की ओर से जिला कार्यालय पर नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया। यहां भी विधायक सुधीर सिंगला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बच्चों को कापी-किताबें वितरित की। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों से माहौल देशभक्तिमय हो गया।

# सिकंदरपुर में भी गूंजा जय हिंद शहीदों को दी श्रद्धांजलि



गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर में नेताजी की जयंती पर पुष्प अर्पित करने के बाद ध्वजारोहण करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** रविवार को गांव सिकंदरपुर के सरकारी स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में बेगराज यादव पहुंचे। उन्होंने यहां ध्वजारोहण भी किया।

बेगराज यादव ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश के लिए जो आंदोलन चलाया, वह स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। उन्होंने देश में जोश और जुनून की भावना पैदा की। आजादी के आंदोलन में उन्होंने देश में जागृति फैलाई और देश के लोग उनके आह्वान पर अंग्रेजों से लोहा लेने को एकजुट हो गये। कार्यक्रम के संयोजक सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि नेताजी ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन लगाया। उन्होंने देश के लिए अपने जीवन की परवाह किए बगैर देश के लोगों को सदा आजादी के आंदोलन से जोड़कर रखा। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा जब उन्होंने दिया तो देश के लोग उनके नेतृत्व में आगे बढ़े। इस अवसर पर सभी ने जयहिंद बोला और ध्वजारोहण करके नेताजी को सेल्यूट किया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ शहीद सूबेदार पार्थ सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया गया। इस अवसर पर डाक्टर महाबीर यादव, सूबेदार देशराज, सत्तू प्रधान, रामोतार पूर्व सरपंच, रोहतास यादव, योगेश मोर, संजय यादव समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया



शिविर में रक्त देते रक्तदाता।

**होडल।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों के लिए उपकार मंडल हसनपुर द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मुकेश सिंगला जय किसान सेवा सदन पलवल व विशिष्ट अतिथि बीएस रावत अधीक्षक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी, वाजिद अली सचिव जिला रेडक्रॉस सोसाइट पलवल, महेश मलिक जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेडक्रॉस पलवल, दिनेश कुमार धनखड़ डायरेक्टर कृष्णा एस्टेट डेवलपर्स ओमेक्स सिटी पलवल के द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर की अध्यक्षता मंडल के सचिव विक्रम सिंह यात्री ने की। जिसमें 85 व्यक्तियों द्वारा रक्तदान किया गया तथा इन सभी को नए वेरिएंट ओमिक्रोन के बारे में भी बताया गया। सभी को मास्क भी वितरित किए गए। इस अवसर पर खजान सिंह पूर्व मुख्याध्यापक, सत्यदेव सिंह मुख्याध्यापक, उपकार हाई स्कूल से चतुर्भुज नरेश कुमार, बलराम शास्त्री, राजेंद्र कुमार, सुनील कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर दी गई पुष्पांजलि



**फरीदाबाद।** युवा समाजसेवी गोल्डी बरेजा ने अपने सेक्टर 7 कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी व आजाद हिंद फौज के निर्माता नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125वीं जयंती उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करके मनाई। इस अवसर पर गोल्डी बरेजा ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन युगों युगों तक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगा किस तरह से नेता जी ने जय हिंद व तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा के नारे देकर स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में एक नई क्रांति का संचार किया। नेताजी की 125 वी जयंती पर हम सभी को यह प्रण लेना चाहिए कि हम अपने राष्ट्रीय व अपने समाज के प्रति हमेशा ईमानदार और निष्ठावान रहेंगे तथा अपनी संस्कृति के बारे में अपनी आने वाली पीढ़ियों को भी जागरूक करेंगे ताकि उन्हें भी यह ज्ञात हो कि हमारे देश को आजादी कितनी कुर्बानियों और बलिदान के बाद हासिल हुई। इस अवसर पर उनके साथ गोल्डी बरेजा, बच्चु सिंह तेवतिया, नीलम तेवतिया, राजेश शर्मा, प्रमोद जोशी, केडी मलिक, रणबीर चौधरी, प्रवीण भटेजा, वेद प्रकाश कटारिया, जीपी नंदा, एमएस अरोड़ा, एचएन शर्मा, अनिल गेरा, स्पर्श गेरा विक्रम भुगरा, वैभव बजाज, गौरव जैन आदि मौजूद रहे।

### नेताजी ने आजादी के लिए छोड़ी थी सिविल सर्विस की नौकरी: गर्ग

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आज वार्ड नंबर 32 में आने वाली कृष्णा कॉलोनी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने कहा कि नेताजी ने देश की आजादी के लिए अपनी सिविल सर्विसेज की हाई फाई सैलरी और सुविधाओं वाली नौकरी छोड़ दी थी और देश के बाहर जाकर आजाद हिंद फौज का गठन किया। गर्ग ने यहां नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के छायाचित्र के सम्मुख श्रद्धांजलि अर्पित कर सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पिछले 15-20 वर्ष से नेताजी के बारे में लोग भूलने लगे थे, जिसको जानकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे पराक्रम दिवस के रूप में मनाने का संदेश हमें दिया। आज हरियाणा में ही अकेले 7500 स्थानों पर एक साथ एक समय में नेताजी की जयंती मना रहे हैं, झंडारोहण कर रहे हैं और नेताजी व उनकी आजाद हिंद फौज के बारे में चर्चाएं कर रहे हैं। इसके साथ ही इंडिया गेट पर नेताजी की एक होलोग्राफिक प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री ने किया है। जल्द ही इस स्थान पर ग्रेनाइट की नई प्रतिमा लगेगी जो हमें आजादी के आंदोलन के बारे में नए सिरे से बताएगी। उन्होंने कहा कि नेताजी के बारे में अभी ऐसी बहुत सारी बातें हैं जो जनता के सामने आना बाकी हैं। लेकिन वह आना शुरू हो चुकी हैं। इस अवसर पर डिप्टी मेयर मनमोहन गर्ग ने बताया कि पिछले दिनों कृष्णा कॉलोनी के बाहर तोडफ़ोड़ संबंधी पर्चे लगाए गए थे। लेकिन आप लोगों को इस बारे में डरने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। आपकी एक ईंट भी कोई नहीं तोड़ सकेगा। इस बारे में हमारी केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से बात हो गई है। इसलिए कोई भी इस बारे में घबराए न। उन्होंने कहा कि आपकी कॉलोनी में विकास कार्य चल रहे हैं। यदि किसी को कोई भी परेशानी हो तो सीधे मुझे बता सकते हैं। इस अवसर पर सेक्टर 15 के प्रधान नीरज चावला, आरसी शेखर, आरडब्ल्यूए प्रेसीडेंट अखिलेश कुमार, महामंत्री संदीप बंसल, जिला भाजपा के सचिव कृष्णकांत आर्य, तुलसी प्रधान, श्रीकांत, बीआर गोला आदि मौजूद रहे।

### जनता उठाए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ: उपायुक्त



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा है कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत सहायता राशि उपलब्ध करवाई जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि महिला व उसका शिशु स्वस्थ रहे, इस उद्देश्य को लेकर उपरोक्त योजना को राज्य सरकार ने क्रियान्वित किया है। उन्होंने बताया कि किसी भी परिवार में पहली बार गर्भवती हुई महिला को अच्छा स्वास्थ्य और सही खान-पान देने के लिए सरकार द्वारा किश्तों में सहायता राशि उक्त योजना के तहत प्रदान की जाती है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि पात्र महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ अवश्य उठाना चाहिए। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि योजना के तहत कुल 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। इसमें पहली किश्त एक हजार रुपये की है। दूसरी किश्त दो हजार रुपये की व तीसरी किश्त भी दो हजार रुपये की निर्धारित की गई है। इसके साथ ही उपायुक्त ने यह भी बताया कि उपरोक्त योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई है और लाभार्थी के पास आवश्यक दस्तावेज भी होने चाहिए। शर्तों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला का किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई में 150 दिनों के भीतर पंजीकरण पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर पहली किश्त का भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही उक्त महिला के पास आवेदन प्रपत्र 1 ए, एमसीपी कार्ड, पहचान प्रमाण पत्र, बैंक, पोस्ट ऑफिस अथवा अकाउंट पासबुक का होना भी जरूरी है। उपायुक्त ने बताया कि इसी प्रकार 2000 रुपये की दूसरी किस्त प्राप्त करने के लिए कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच होने के दावों को गर्भावस्था से 180 दिन बाद दस्तावेजों के साथ जमा करवाना होगा और इसके साथ ही आवेदन प्रपत्र एक बी तथा एनसीपी कार्ड भी लगाना होगा। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपये की तीसरी किश्त प्राप्त करने के लिए शिशु जन्म का पंजीकरण करवाना जरूरी है। इसके साथ शिशु को प्रथम चक्र बीसीजी, ओबीपी, डीपीटी एवं हेपेटाइटिस बी अथवा समकक्ष का टीकाकरण करवाने के बाद दस्तावेजों के साथ जमा करवाने पर भुगतान किया जाएगा। इसके साथ ही आवेदन प्रपत्र एक सी एमसीपी कार्ड, आधार कार्ड और शिशु जन्म प्रमाण पत्र का कार्ड होना भी जरूरी है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में अधिक जानकारी के लिए आशा वर्कर अथवा एएनएम से संपर्क किया जा सकता है।

# 551 महिलाओं ने मूर्ति स्थापना पर निकाली कलश यात्रा



गुरुग्राम के गांव दौलताबाद में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

## गांव दौलताबाद में राधा कृष्णा मंदिर में स्थापना की गई मूर्ति की

**गांव** दौलताबाद में रविवार को राधा कृष्णा मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई। इस अवसर पर 551 कलश यात्रा भी निकाली गई। जिसमें महिलाओं ने अपने सिर पर कलश लेकर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

महिलाओं ने कलश लेकर पूरे गांव का चक्कर लगाया। इस कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में भी एक अलग जोश दिखा। कलश यात्रा के साथ-साथ हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इसके साथ पूरे गांव के लिये भण्डारे का भी आयोजन किया गया।

कलश यात्रा के बाद पूरे विधि-विधान के साथ मंदिर में मूर्ति स्थापना की गई। दिनभर भक्ति गीत बजते रहे। गीतों, भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया।

# गीतों के साथ रीतों में भी हो देशभक्ति की भावना

## जयहिंद बोलकर किया गया नेताजी को नमन

## कहा, नेताजी ने सदा देशहित में लगाया अपना जीवन

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती शहर में चार स्थानों और प्रदेशभर में 50 स्थानों पर मनाई गई। इस दौरान विभाग प्रमुख नवीन गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करके नेताजी को नमन किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। नेताजी की जयंती के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा की ओर से सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल, देवीलाल कालोनी, मनोहर नगर और राजीव नगर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। तीन स्थानों पर नवीन गोयल पहुंचे।

राजीव नगर में भारत विकास परिषद के सचिव डा. डीपी गोयल ने शिरकत की। नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित करके जयहिंद का नारा जब गूंजा तो माहौल देशभक्तिमय हो गया। ये पल नेताजी के प्रति बहुत बड़े सम्मान का सूचक बन गए। कभी सिर्फ रीत समझकर किए जाने वाले महापुरुषों की जयंती के कार्यक्रम रविवार को बहुत बड़ा उत्सव बन गए। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि गीतों के साथ हमारी रीतों में भी देशभक्ति होनी चाहिए। तभी हम इस आजाद राष्ट्र के प्रति कुछ कर सकेंगे। श्री गोयल ने कहा कि द्रोण नगरी गुरुग्राम में आजाद हिंद फौज (आईएनए) के नाम पर गुरुग्राम में किसी भी एक चौक का नामकरण होना चाहिए। लोगों ने उनकी इस मांग का हाथ उठाकर समर्थन किया।



गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी हॉल में नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित करते अतिथि।

### नेताजी सुभाष प्रश्नोत्तरी पुस्तक का भी विमोचन

**इस** अवसर पर नेताजी पर प्रकाशित एक पुस्तक नेताजी सुभाष प्रश्नोत्तरी का विमोचन करके पुस्तक का वितरण किया गया। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति के अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल ने लोगों का आह्वान किया कि हर साल इसी प्रकार से एकत्रित होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाते रहेंगे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर आधारित एक कविता खूनी हस्ताक्षर सुना कर लोगों में जोश जगाया। इस समारोह में भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल के अलावा हरि सिंह सनसनवाल, राष्ट्र दहिया, बलराज सिंह अहलावत, कर्मवीर कटारिया, सिंह राघव, प्रमिला चाहर, मोना यादव, हवा सिंह, वेद रामपुरा, बनवारी लाल सिंगला समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए।

# 40 स्थानों पर मनाई सुभाष चंद्र जयंती

**सोहना।** खंड में आजाद हिन्द फौज के संस्थापक व देश को अंग्रेजी हुकूमत से सच्ची आजादी दिलवाने नेता सुभाषचन्द्र बोस की 125वीं जयंती को 40 स्थानों पर मनाया गया। इस अवसर पर आजाद हिन्द फ‍ौज के स्वतंत्रता सेनानियों की वीरगाथा का गुणमान व परिजनों सम्मान किया गया।

रविवार को आजाद हिन्द फ‍ौज के संस्थापक नेता सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती को मनाते हुए जयहिन्द बोस का नया नारा दिया गया। सुभाष चन्द्र बोस को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाने वाले सच्चा सपूत और देशभक्त की महिमा गाई गई। शहर की लोहिया धर्मशाला में भाजपा मंडल की तरफ से जयंती मनाई गई। इस अवसर पर क्षेत्र के चार स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को बुलाकार उनका मान-सम्मान किया। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू सहित मंडल अध्यक्ष गौरव चुग व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। इस समारोह में बोलते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू ने कहा कि नेता सुभाष चन्द्र बोस अंग्रेजी हुकूमत के दौरान कांग्रेस के अध्यक्ष रहे थे। लेकिन आज कांग्रेस पार्टी ही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाना पंसद नहीं करती है। उनके नाम पर राजनीति बातें बना रही है। अम्मू ने कहा कि आजाद दिलाने के सच्चे नायक नेता जी सुभाष चन्द्र बोस ही थे। जिनके एक संदेश पर उस समय का युवा उनकी सेना में भर्ती होकर आजादी में अपनी कुर्बानी देने के लिए कूद पड़ा था। आजाद हिन्द फौज के सेनानियों का देश का एक-एक नागरिक ऋणी है।



नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों के साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सूरजपाल अम्मू।

# पाश कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें हैं खराब, अंधेरे से लोगों में दहशत

## शहर के वार्ड नंबर-5 और 6 के आम रास्तों में रहता है अंधेरा

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**शहर** की पाश कॉलोनियों में खराब स्ट्रीट लाइटों के कारण दिन ढहलने साथ ही अंधेरा छा जाता है। जिसके कारण यहा के आम रास्तों में उजाला करने की जिम्मेदारी चांद तारों पर आ जाती है। स्थानीय लोग रात के समय में जरुरी कार्य के लिए भी घरों से बाहर निकलने में कतरा रहे है।

शहर के वार्ड नंबर-5 और 6 की पाश कॉलोनियों के आम रास्ते व गालियों में रात के समय में उजाला देने की जिम्मेदारी आसमान में चमकने वाले चांद तारों पर रहती है। दस माह में एक करोड़ से भी अधिक संपत्ति कर की वसूली करने वाली नगर परिषद की पाश कॉलोनियों में दिन ढहलने के साथ अंधेरा छा जाता है। यहां के निवासियों को आत्म सुरक्षा के लिए अपने घरों के बाहर लाइटें जलाकर रखनी होती है। जिसे कॉलोनी के निवासी पूरी रात न जलाकर रात 12 बजे से पहले बंद करके सो जाते हैं। उसके बाद कॉलोनी के चौक-चौराहों से लेकर आम रास्ते व गलियों में छाया अंधेरा को उजाला करने की जिम्मेदारी चांद तारों पर आ जाती है।



सोहना की फ्रेंड्स कॉलोनी के रास्ते में खराब स्ट्रीट लाइट के कारण छाया अंधेरा।

### पाश कॉलोनी निवासी देते हैं संपत्ति कर

**शहर** की फ्रेंड्स, न्यू फ्रेंड्स, शिव कॉलोनी सहित अन्य पाश कॉलोनियों रहने वाले नागरिक हर साल लाखों रुपये संपत्ति कर की अदायगी कर रहे हैं। यहां के निवासी राकेश कहना है कि संपत्ति कर देने के बावजूद कॉलोनियों की गलियों अंधेरा छाया रहता है। खराब स्ट्रीट लाइटों की जांच करने के लिए परिषद के कर्मचारी कभी आते नहीं। विजय कुमार का कहना है कि जब से पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हुआ है। उन्होंने ने भी जनहित के कार्यों पर अपना ध्यान देना कम कर दिया है।

### जनहित के नाम पर विकास

**नगर** परिषद की तरफ से जनहित की महिमा देते हुए अवैध कॉलोनियां और परिषद सीमा में आने वाले गांवों में हर माह लाखों रुपये विकास कार्यों के टेंडर लगाएं जा रहे हैं। सुरेन्द्र का कहना है कि अवैध कॉलोनियों के आम रास्तों से लेकर बरसाती व गंदे पानी के नालों का निर्माध धड़ल्ले से चल रहे हैं। जबकि इन क्षेत्रों से संपत्ति कर के नाम पर परिषद को एक रुपये की वसूली नहीं हो रही है।

### ऐसा कहते हैं परिषद अधिकारी

**नगर** परिषद के कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह खनगवाल ने बताया कि जल्द ही खराब स्ट्रीट लाइटों को जल्द ठीक कराया जाएगा। खराब लाइटों की पहली जांच कराई जाएगी।

## स्वतंत्रता संग्राम के महानायक का राष्ट्र कृतज्ञ थे सुभाष चंद्र बोस

**फरीदाबाद।** एनआईटी तीन फरीदाबाद की राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में आजाद हिन्द फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज भारतवासी संपूर्ण विश्व में स्वतंत्रता के महानायक सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन के राष्ट्र के प्रति समर्पण के कृतज्ञ हैं।

सुभाष चंद्र बोस ने देश को स्वतंत्रता प्राप्त करवाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। सुभाष चन्द्र बोस जैसा अद्वितीय राष्ट्रभक्त देश के लिए पुन: मिलना सरल नहीं हैं। उन्होंने अपने देशप्रेम से करोड़ो भारतीयों को स्वतंत्रता प्राप्त करने के स्वतंत्रता के आंदोलन में जोड़ा प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा में कटक में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन करते हुए कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा। सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। वे 24 वर्ष की आयु में इंडियन नेशनल कांग्रेस से जुड़ गए थे।

# नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनाई



नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती मनाते।

**कैलाश मंगला। होडल**

**होडल** उपमंडल में रविवार को नेताजी सुभाष चंद बोस की 125वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। जयंती के मौके पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर वक्ताओं ने नेताजी के द्वारा बताए लक्ष्य कदमों पर चलने व उनके जीवन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती के अवसर पर गांव सोन्हद में बीजेपी की महिला मंडल अध्यक्षा मनीषा सौरोत व मंडल महामंत्री जीतन सौरोत की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया वहीं बावरी मोड बीजेपी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य उत्तम भारद्वाज व सुनील कुमार ठेकेदार की अध्यक्षता में जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद बोस की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सुभाष चंद बोस आजाद हिंद फौज के संस्थापक व देश को आजाद कराने वाले एक महान नायक थे। उन्होंने कहा कि सुभाष चंद बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन कर लोगों को यही नारा दिया था कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा।

उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनके द्वारा बताए गए रास्तों पर चलकर देश हित में कार्य कराना चाहिए। हमें सुभाष चंद बोस के जीवन से देश भक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर राधा, पूनम, मुकेश, उमा, सविता, धर्म सौरोत, वंशी, मोहन, पूरन, गिर्राज, विनित, प्रिंस, सुमित, रूपम, आकाश, अजय, सुरेंद्र सोनू, पार्षद शिवराम सौरोत, पदम सिंह, हरीश चंद, विजय, संदीप, सुबह सिंह के अलावा अन्य लोगों ने नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती में हिस्सा लेकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# भाजपा सरकार ने किया गुमनाम शहीदों को याद: केंद्रीय मंत्री

## पटेल वाटिका में बोस जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

## सांसद ने कहा, पीएम मोदी ने बोस की जयंती को इतने बड़े पैमाने पर मनाया

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



स्थानीय पटेल वाटिका में बोस जयंती के उपलक्ष में आजाद हिंद फौज के शहीद सिपाही मंगल खान की वीरांगना फातिमा को सम्मानित करते केंद्रीय मंत्री राव।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इंडिया गेट पर सुभाष चंद्र बोस का बड़ा बड़ा स्टेच्यू लगाकर देश को समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के अंबाला में सुभाष चंद्र बोस का स्टेच्यू लग चुका है और नारनौल में भी जल्द लगाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री रविवार को पटेल वाटिका नूंह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा की देश की खातिर जिन वीर शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति दी है, उनको इतिहास के पन्नों में सही स्थान दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि अहीरवाल एवं मेवात क्षेत्र के लोग देश को आजादी दिलाने के लिए एक साथ लड़े थे। चुनाव के समय कुछ गलत प्रचार उनके परिवार को लेकर किया जाता है। गुरुग्राम लोक सभा सांसद ने कहा कि बहुत से वीर शहीद ऐसे हैं, जिनके नाम इतिहास के स्वर्णिम पन्नों में दर्ज नहीं हो पाए। अब उनके नाम इतिहास के पन्नों में दर्ज कराए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश भर में एक साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती मनाई हैं। राव इंद्रजीत सिंह ने पटेल वाटिका नूंह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद कहा कि उन्होंने ही तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद जैसे नारे देश को दिए थे। जिनसे आज भी सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती को इतने बड़े पैमाने पर मनाने का फैसला लिया है ताकि आने वाली पीढ़ियों को अपने वीर शहीदों पर गर्व हो सके। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दक्षिणी हरियाणा में वीर शहीदों ने देश को आजाद कराने की खातिर बहुत कुर्बानियां दी है और आज भी हजारों जवान सेना में सीमाओं पर देश की रक्षा कर रहे हैं। सांसद बोले कि मेवात सहित प्रदेश के सभी जिलों में सैनिक बोर्ड बनाए जाएंगे।

नूंह जिले में भी जल्दी ही सैनिक बोर्ड का निर्माण कराया जाएगा ताकि पूर्व सैनिकों को सभी सुविधाएं सैनिक बोर्ड से मिल सके। इंद्रजीत सिंह ने कहा कि पहले यह इलाका गुरुग्राम जिले का हिस्सा था। गुरुग्राम का भर्ती बोर्ड दादरी जा चुका है और मेवात तथा गुरुग्राम इत्यादि का भर्ती दिल्ली से की जा रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि उनका ट्विटर हैंडल हैक कर लिया है। उसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के ट्विटर अकाउंट को हैक करने की भी खबर मिल रही है।

इंद्रजीत सिंह ने कहा कि यह तकनीकी का मामला है। इसकी शिकायत की जा चुकी है और एमपी वाले ट्विटर अकाउंट को बदलना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह में आजाद हिंद फौज के क्रांतिकारी शहीद मंगल खान की वीरांगना फातमा खेड़ला नूंह को नमन करते हुए उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित भीड़ ने हरियाणा बोले, जय हिंद बॉस के नारे लगाकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को याद किया। इस मौके पर पूर्व गो-सेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप आर्य, पूर्व हज कमेटी के चैयरमैन औरंगजेब, जाहिद चैयरमैन, अशीष गोयल, खुर्शीद राजाका, बीरपाल कालियाका, योगेश तंवर, ओमबीर शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# ताहिरा के घर पर भोजन करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**केंद्रीय** मंत्री राव इंद्रजीत सिंह रविवार को पटेल वाटिका में सुभाष चंद्र बॉस की जयंती के कार्यक्रम के बाद नूंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक समिति नगीना चेयरपर्सन ताहिरा के नूंह निवास पर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री के पहुंचने पर फूलमालाओं तालियों के साथ जोरदार स्वागत किया। यहां केंद्रीय मंत्री ने जलपान व भोजन किया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने भाजपा नेत्री ताहिरा और उनके पति जेई अजमत के साथ भोजन करते हुए परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात भी की। इस दौरान ताहिरा और अजमत ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को राधा कृष्ण की तस्वीर भेंट की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ताहिरा अजमत हमारे बहुत करीबी लोगों में से एक है। उनके साथ परिवार की तरह एक रिश्ता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर बहुत खुशी हुई।

ताहिरा बहुत ही मेहनती व संघर्षशील महिला है। जिले में पार्टी की मजबूती में उनका अहम योगदान है। वहीं ताहिरा अजमत ने केंद्रीय मंत्री के साथ जिले के विकास संबंधी कई मुद्दों पर चर्चाएं की। इस बीच केंद्रीय मंत्री ने कहा मेवात के विकास की ओर सरकार पूरा ध्यान दे रही है। आने वाले समय में मेवात के चारों ओर विकास ही विकास दिखाई देगा।


# दो दिन में गिरदावरी या मुआवजे का ऐलान हो

## चेतावनी दी, सरकार ने ऐलान नहीं किया तो कांग्रेस सचिवालय पर देगी धरना

रिजवान कासिम। मेवात

**बेमौसम** बरसात के बाद गेहूं इत्यादि फसलों में जमा पानी की निकासी नहीं हुई, स्पेशल गिरदावरी के साथ-साथ मुआवजे का ऐलान नहीं किया गया तो कांग्रेस 27 जनवरी से लघु सचिवालय नूंह में धरना-प्रदर्शन करेगी ताकि किसानों को उनकी फसलों का उचित मुआवजा मिल सके। ये विचार सीएलपी उपनेता विधायक आफताब अहमद ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहे।

विधायक आफताब अहमद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार संघर्ष करके झकझोरने के बाद गहरी नींद से जागती है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को जगाने के लिए धरना-प्रदर्शन के अलावा विधानसभा इत्यादि में बात को मजबूती से उठाना पड़ता है, तब कहीं जाकर सरकार उस बात पर अमल करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि बेमौसम बरसात से जिले के सैकड़ों एकड़ किसानों की हजारों एकड़ भूमि में या तो फसल खराब हो रही है या फिर जलभराव की वजह से काफी बड़ी संख्या में खेतों की बिजाई नहीं हो पाई। ऐसे हालात में किसान भुखमरी के कगार पर पहुंचता जा रहा है, लेकिन कांग्रेस यह अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। वह किसानों की इस लड़ाई में उनके साथ खड़ी है। संघर्ष का अगर कोई भी रास्ता अपनाना पड़ा तो कांग्रेस पीछे नहीं हटेगी। विधायक ने कहा की इस बात को लेकर उन्होंने दो दिन पहले ही



आफताब अहमद उपनेता सीएलपी कांग्रेस।

उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह से मुलाकात की है। उन्होंने भरोसा दिलाया है की रेवेन्यू विभाग के अधिकारियों से रिपोर्ट मंगवाई जाएगी, लेकिन आफताब अहमद इस मामले में और ज्यादा तेजी लाना चाहते हैं ताकि समय रहते किसानों को खराब फसलों का उचित मुआवजा मिल सके। इसलिए उन्होंने अब सरकार व प्रशासन के सामने महज दो दिन का अल्टीमेटम रख दिया है।

अगर सरकार इसे लेकर संजीदा नहीं हुई तो गणतंत्र दिवस समारोह के अगले दिन 27 जनवरी को लघु सचिवालय नूंह के बाहर बड़ी तादाद में कांग्रेस जन सरकार को घेरने के लिए धरना-प्रदर्शन में शामिल हो सकते हैं। कुल मिलाकर किसानों के लिए यह राहत की खबर है, लेकिन सत्ता में बैठी भाजपा-जजपा सरकार के लिए यह अल्टीमेटम परेशानी बढ़ा सकता है। आफताब अहमद ने कहा कि अलालपुर, चंदेनी, फिरोजपुर नमक, गुलालता, बिकटी इत्यादि इलाकों में खेतों में बेमौसम बरसात की वजह से पानी खड़ा है। अगर जल्दी पानी नही निकाला गया तो गेंहू इत्यादि की फसल पूरी तरह खराब हो सकती है।

# नेताजी बोस की जयंती पर सुभाष चौक की सफाई की

**सोनीपत।** नगर सुधार मंच द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं व चौकों की सफाई करने के अभियान के तहत रविवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति व चौक की धुलाई की और उसके आस-पास की सफाई कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मंच के चैयरमेन संजय सिंगला ने कहा कि सोनीपत नगर सुधार मंच ने जो शहर के सौंदर्यकरण के लिए चौकों व चौराहों को साफ रखने का बीड़ा उठाया है, उसमें आमजन की भी भागीदारी हो। उसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे, ताकि यह सफाई अभियान एक जन आन्दोलन बन जाए। हमारा शहर स्वच्छता की श्रेणी में प्रथम स्थान हासिल करें। उसके लिए जिला प्रशासन को भी इन सामाजिक संगठनों का सहयोग करना चाहिए।

# निजामपुर गांव में सीवर लाइन चौक, ग्रामीण परेशान

## ग्रामीणों ने एसडीएम और बीडीपीओ से की सफाई कराने की मांग

## सीवर लाइन एक साल से चोक होने से गंदा पानी रास्तों पर आ गया

पायनियर समाचार सेवा। तावडू





सीवर लाइन में गंदगी का दृश्य व रास्तों में जमा गंदगी को साफ साफ करते ग्रामीण।

**उपमंडल** के गांव निजामपुर में पिछले लगभग एक साल से सीवर लाइन चोक है। जिसके कारण गांव के रास्तों में गंदगीयुक्त पानी से जलभराव के साथ-साथ भारी कीचड़ जमा है। इससे जहां गांव में गंदगी पनप रही है तो बदबू से ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने प्रशासन से सीवर लाइन सफाई की सफाई की मांग की है।

ग्रामीण आकिब, असगर, रहीस, रमजान, मुबारिक रफीक व शहजाद आदि ने बताया कि गांव में श्मशान घाट के नजदीक वाले रास्ते में सीवर लाइन पिछले एक साल से अधिक समय से चोक है। मेनहोलो से निकलता हुआ गंदा पानी रास्तों पर आ गया। इससे जहां रास्तों में भारी जलभराव और कीचड़ जमा हो गई तो वही गंदगी भी पनप रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सीवर लाइन डालने में भारी अनियमितताएं बरती गई ।इसकी निकासी का ढलान सही नहीं किया गया। जिसके कारण यह चौक हुई है। कई बार रास्तों में ज्यादा जलभराव और गंदगी जमा होने पर ग्रामीण खुद ही उसकी सफाई करते हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या से संबंधित तावडू उपमंडल अधिकारी एवं पंचायत विकास अधिकारी सहित पंचायत प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। गांव में यह एक स्थाई समस्या बन चुकी है। बीती 20 जनवरी को भी लोगों ने तावडू बीडीपीओ और एसडीएम को शिकायत देकर सीवर सफाई की मांग की थी। वही पंचायत सचिव खुर्शीद अहमद का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है, जल्दी इसकी सीवर लाइन की सफाई कराई जाएगी।

# नेताजी की जयंती पर जय हिंद और वंदेमातरम का किया जयघोष

**सोनीपत।** नेहरू युवा केन्द्र सोनीपत के तत्वावधान में युवा स्पोर्ट्स क्लब के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती मनाई गई। जिसमें स्टेट अवार्डी बबीता ने नेताजी की तस्वीर पर मालार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी की एक आवाज पर स्वतंत्रता संग्राम के लिए आजाद हिंद सेना बनाई गई। जिसमें लाखों युवाओं ने आजद हिन्द सेना में देश के लिए प्राण न्योछावर करने का संकल्प लिया था।

क्लब की महासचिव सिमरन ने उपस्थित युवा एंव युवतियों को नेताजी के जीवन व्रतांत के बारे में बताया। दुर्गा शक्ति क्लब की अध्यक्ष सरीना ने नेताजी का आजादी के लिए लगाया गया नारा तुम मुझे खून दो,मैं तुम्हे आजादी दूंगा पर एक कविता सुनाई। जिस पर सभी ने जय हिंद और वंदेमातरम का जयघोष किया।

# महापुरुषों नहीं बल्कि गोडसे के विचारों को बढ़ावा देती है बीजेपी: विधायक आफताब

## आफताब अहमद ने स्वतंत्रता सेनानी बोस को खिराजे अकीदत पेशकर कहा

## विधायक ने कहा, बीजेपी के लिए सुभाष चंद्र बोस का वैचारिक अपहरण असंभव

दीपक कुमार। नूंह



सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर खिराजे अकीदत पेश करते विधायक आफताब अहमद।

**जिला** कांग्रेस मुख्यालय नूंह पर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर खिराजे अकीदत पेश की, कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफताब अहमद ने की।

नूंह विधायक आफताब अहमद ने कहा कि 1938 में कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद सुभाष चंद्र बोस ने योजना आयोग गठित करके पंडित जवाहर लाल नेहरू को उसका अध्यक्ष बनाया था। जिसे मोदी सरकार ने भंग कर दिया है। यह एक्शन सीधे सुभाषचन्द्र बोस के सपने की हत्या है। वहीं आजाद हिंद फौज में सुभाष चंद्र बोस ने गांधी और आजाद के अलावा नेहरू ब्रिगेड गठित की थी लेकिन नाथू राम गोडसे ने गांधी की हत्या कर दी। आफताब अहमद ने कहा कि बीजेपी सरकार और उसके नेता एक सांस में गांधी की तारीफ करते हैं और उसी सांस में गोडसे की तारीफ करते हैं, इससे बीजेपी का दोहरा चेहरा दिखता है। आफताब अहमद ने कहा कि ध्यान रहे, बापू को राष्ट्रपिता सुभाष बोस ने ही कहा था। दरअसल, सुभाष बोस का पूरा जीवन सांप्रदायिक शक्तियों के साथ तीखे संघर्ष का रहा है। विधायक आफताब अहमद ने कहा बीजेपी मूलतः कारपोरेट घरानों द्वारा वित्तपोषित राजनीतिक संगठन है, इसके लिए राष्ट्रीय नायक जैसे गांधी, पटेल, बोस, आम्बेडकर आदि पोस्टरबॉय से ज्यादा महत्व नहीं रखते, उसके लिए इनका मात्र विज्ञापन मूल्य है। इस संगठन का मूल मकसद है सत्ता स्वार्थ। आफताब अहमद ने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस और गोलवलकर के भारत में जमीन-आसमान का अंतर है। बीजेपी भारत को हिन्दुत्व के नजरिए से और धर्म को आधार बनाकर संगठित करना चाहते हैं, लेकिन बोस न्याय, समानता और बंधुत्व के आधार पर स्वतंत्र भारत का निर्माण करना चाहते थे। उनकी इस भावना को संविधान निर्माताओं ने संविधान निर्माण का आधार भी बनाया। बोस की विचारधारा कांग्रेस की विचारधारा रही है और कांग्रेस ही उनके सपनों के भारत का निर्माण कर सकती है। आफताब अहमद ने कहा कि केवल कांग्रेस पार्टी ही गांधी, पटेल, नेहरू, मौलाना आजाद, बोस, अम्बेडकर जैसे महापुरुषों के विचारों को बढ़ावा देने वाली पार्टी है जबकि बीजेपी सिर्फ इन महापुरुषों को राजनीतिक फायदे के लिए याद करती है। इस दौरान पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आह्वान पर आफतब हमद ने घोषणा कि अगर जल निकासी और किसानों को मुआवजा 26 जनवरी तक नहीं मिला तो वो लघु सचिवालय में प्रदर्शन करेंगे।

# मुस्लिमों पर कोई बात आने पर दुष्यंत मिलते हैं साथ खड़े

## समसुद्दीन गुमला ने जननायक जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में कहा

सहादत खान। फिरोजपुर झिरका



प्रदेश अध्यक्ष मोसिन चौधरी से मुलकात करते जजपा हलका प्रधान।

**जननायक** जनता पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की शनिवार को मीटिंग का आयोजन फरीदाबाद में संस्कृति वाटिका में किया गया। इस प्रोग्राम में मुख्य अतिथि हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रहे। प्रोग्राम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन चौधरी ने की मीटिंग में हल्का प्रधान समसुद्दीन गुमला के नेतृत्व में गांव शाहपुर पथराली सोलापुर से सैकड़ों की संख्या में लोग फरीदाबाद पहुंचे।

हलका प्रधान समसुद्दीन गुमला ने बताया कि आज हमारा मुस्लिम समाज उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ है। अब हमारा समाज कांग्रेस जैसी भ्रष्ट पार्टियों के बहकावे में नहीं आएगा। आज लोग अपना अच्छा बुरा समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे हित की कहीं सुरक्षित है तो वह जजपा में सुरक्षित है समसुद्दीन गुमला ने बताया कि जब जब मुस्लिमों पर कहीं कोई बात आती है । तो उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला हमारे साथ खड़े मिलते हैं। इस परिवार ने हमें मुस्लिमों को कभी दूसरा नहीं समझा चाहे वो रोजा इफ्तारी की बात हो या कब्रिस्तान की चारदीवारी की बात हो या ईदगाह की बात है। उन्होंने कहा कि अबकी बार शत प्रतिशत वोट मुस्लिम समाज पूरे हरियाणा प्रदेश में जजपा के कैंडिडेट को देंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## खेड़ा खलीलपुर में मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती



सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते लोग।

**नूंह।** सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर रविवार को मंडल खेड़ा खलीलपुर के गांव में भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा गंगादान डागर की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही जय हिन्द बोस के साथ अन्य गीतों का गायन भी किया। कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर चर्चाएं की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विक्रम सिंह एडवोकेट, अनिल एडवोकेट रहे। अंतिम कड़ी में वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष खलीलपुर रूपराम, भगवत नंबरदार, राजेंद्र हवलदार, रामपाल भगत, ओमप्रकाश मास्टर, वेद प्रकाश, कर्मवीर खटाना, मोनू उर्फ लाला फौजी, पुष्पेंद्र डागर, राजू खटाना, कर्मवीर उर्फ छोटे खारी, चिमनलाल डागर, जीत डागर, ललित कुमार डागर सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर किया सूर्य नमस्कार

**नूंह।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड व योग आयोग हरियाणा के द्वारा सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड मेवात के सदस्यों ने रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई। उनके जन्म दिवस के उपलक्ष में योग आयोग हरियाणा एवं हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के संयुक्त कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव पर 75 करोड़ सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में पहले दिन सूर्य नमस्कार की तैयारी कराई गई। हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के राज्य सचिव नवीन जयहिंद व राज्य कोषाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार के मार्गदर्शन में निकिता खुराना जिला सचिव नूंह के निर्देशन में जिला की पूरी कार्यकारिणी ने सूर्य नमस्कार फुल रिहर्सल जूम मीटिंग पर की। समस्त हरियाणा से स्काउट एंड गाइड मीटिंग पर जुड़े हुए थे। राज्य कोषाध्यक्ष व योग आयोग के सदस्यों द्वारा क्रम वाइज सूर्य नमस्कार के सभी स्टेप बताए गए। इस मौके पर हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड नूंह की कार्यकारिणी मौजूद रही। जिला प्रशिक्षण आयुक्त जयसिंह, आईटी सैल से मनीष भारद्वाज, किशोर जावलिया, जिला ट्रेनर करिश्मा, संतोष, नेहा आदि ने भाग लिया।

## सुभाष चन्द्र बोस ने भारत देश के लिए अनेक कुर्बानियां दीं

**कुरुक्षेत्र।** अमीन रोड़ ब्रह्मा कॉलोनी स्थित वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला कुरुक्षेत्र में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। विद्यालय गतिविधियों से विद्यालय प्रधानाचार्य गौरव चौधरी ने अवगत करवाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मित्रसेन गुप्ता प्रसिद्ध समाजसेवी एवं विशिष्ट अतिथि राजीव गर्ग व विकास गाबा पूर्व छात्र परिषद् गीता निकेतन आवासीय विद्यालय कुरुक्षेत्र रहे। मुख्य वक्ता के रूप में संजय चौधरी पूर्व छात्र परिषद् रहे। मुख्य वक्ता के रूप में संजय चौधरी ने कहा कि सुभाषचन्द्र बोस ने भारत देश के लिए अनेक कुर्बानियां दी। वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने सुभाष चन्द्र बोस के बारे में बताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के प्रबंधक सुरेश कुमार, वात्सल्य वाटिका ट्रस्ट प्रधान ओमप्रकाश मित्तल, ट्रस्ट सचिव ओमप्रकाश गेरा, ट्रस्ट कोषाध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह, राजीव गर्ग, जगमोहन गोयल, पंकज जिन्दल, अंशुल गर्ग, विशाल कालड़ा, महेंद्र सुमरान मौजूद रहे।

## आजादी की लड़ाई में आजाद हिंद फौज की अहम भूमिका

**कुरुक्षेत्र।** वार्ड में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी स्वामी कृष्ण कांत ने कहा कि आजादी की लड़ाई में आजाद हिंद फौज की अहम भूमिका रही, जिससे देश का प्रत्येक नागरिक अवगत है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रोशन बेदी, थानेसर मंडल सचिव राज कुमार बाजवा, शक्ति केंद्र प्रमुख राजेश सैनी, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक नरेश सिरसवाल रोहित, संदीप, संजीव, महिंदर सिंह, शेर सिंह आदि मौजूद रहे।

## बारिश में कच्चे मकान की छत गिरी, पांच परिजन घायल

**कुरुक्षेत्र।** गांव मिजार्पुर में बेमौसमी बरसात से एक गरीब परिवार का आशियाना ढह गया। आशियाना गिरने से मलबे के नीचे परिवार के पांच सदस्य दब गए जिसमें सतबीर, एक गर्भवती महिला पूनम और दो छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा एक वृद्ध महिला भी मलबे के नीचे दब गई। पड़ोसियों ने बड़ी मशक्कत के बाद मलबे के नीचे गर्भवती महिला व अन्य को निकाला गया। सभी को मामूली चोंटे आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस हादसे से परिवार के लोग दहशत में है। खंड थानेसर के गांव मिर्जापुर में रविवार की सुबह अचानक मकान की छत गिर गई। इससे मकान के अंदर रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। मकान कड़ियों का बना हुआ था और इस मकान में गरीब मजदूर परिवार के दो बच्चे एक वृद्ध मां गर्भवती महिला रह रहे थे जिस समय मकान की छत गिरी उस समय सभी लोग सो रहे थे। बताया जा रहा है कि परिवार ने सरकार की आवास योजना के तहत लाभ लेने के लिए फार्म भरा हुआ था लेकिन उसे यह लाभ नहीं मिल पा रहा था। परिवार के मुखिया का कहना है कि वह अनेक बार प्रशासनिक अधिकारियों के यहां मकान बनाने के लिए सहायता की मांग कर चुका है। लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। वहीं गांव के निवर्तमान सरपंच का कहना है कि उसने आवास योजना के तहत गरीब परिवारों को आशियाना बनवाने के लिए गांव के 172 लोगों के आवेदन एडीसी कार्यालय में जमा करवाए थे। खुद भी वे कई बार इन लोगों के मकान बनाने के लिए उनके आवेदन स्वीकृत करवाने के लिए अधिकारियों से मिल चुके है लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की की गई।

## नेताजी की जयंती मनाकर लगाया रक्तदान शिविर

**सोनीपत।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस पर पालीवाल धर्मशाला में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने अपना सर्वस्व देश पर न्योछावर कर दिया, वे स्वयं या परिवार के लिए नहीं अपितु देश के लिए जीये। यह हम सबका सौभाग्य है कि हम आज स्वतंत्र भारत में सांस ले रहे हैं। जनहित फाउंडेशन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। रक्तदान शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं ने कहा कि रक्त की कमी को रक्तदान करके ही दूर किया जा सकता है। विश्व में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्तदान कर किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने नारा दिया था की तू मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। जीवन में हर व्यक्ति को महादान करना चाहिए।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए
कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## आप की निकृष्ट सोच



अन्ना आंदोलन को सीढ़ी बनाकर अरविंद केजरीवाल ने सत्ता की मंजिल बहुत जल्दी हासिल कर ली। उन्होंने लीक से हटकर राजनीति का दावा करते हुए जो पार्टी बनाई, उसे आम आदमी पार्टी नाम दिया। इस नाम से जनता के साथ जुड़ाव का एहसास होता है। एक ऐसा दल जो आम लोगों का है, यानी जिसके कर्ता-धर्ता उस अभिजात्य वर्ग से अलग होंगे, जो भारत के बड़े राजनैतिक दलों की खास पहचान बन चुके हैं। अपनी राजनीति के शुरुआती दौर में अरविंद केजरीवाल बाहर निकली हुई शर्ट, स्वेटर, मफलर, और मारुति कार में सफर करते हुए आम आदमी की तरह ही लगते थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री होते हुए उन्होंने धरने दिए, आंदोलन किए। ये सब बाकी राजनैतिक दलों के तौर-तरीकों से अलग ही था। लेकिन जैसे-जैसे अरविंद केजरीवाल की सत्ता के बरस बीतते गए और दिल्ली के बाहर आम आदमी पार्टी का दायरा बढ़ाने की ललक बढ़ती गई, आप के ऊपर का आवरण भी हटता गया।

**अन्ना आंदोलन को सीढ़ी बनाकर अरविंद केजरीवाल ने सत्ता की मंजिल बहुत जल्दी हासिल कर ली। उन्होंने लीक से हटकर राजनीति का दावा करते हुए जो पार्टी बनाई, उसे आम आदमी पार्टी नाम दिया।**

बीते दो-तीन बरसों में देश में बेहद गंभीर हालात बने। महामारी के कारण स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था का ढांचा पूरी तरह चरमराया ही, सामाजिक तौर पर भी देश कमजोर हुआ। कई किस्म की नफरत, कई तरीकों से फैलाई गईं। लेकिन इन तमाम संकटों पर आम आदमी पार्टी ने कभी सुधार या समाधान के लिए कोई लीक से हटकर सुझाव दिया हो, या पहल की हो, ऐसे उदाहरण याद नहीं आते। आप की सरकार ने दिल्ली में निगम के स्कूलों को सुधारा, मोहल्ला क्लिनिक चलाए, तो इन सब कदमों की तारीफ हुई। अगर दिल्ली तक ही आप सीमित रहती, तो उससे कोई खास अपेक्षा नहीं की जा सकती थी। क्योंकि दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है और यहां सरकार चलाने में आधा जोर केंद्र की ओर से नियुक्त उपराज्यपाल का चलता है। लेकिन जब पंजाब, गोवा, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में भी आप चुनावी मैदान में उतरती है और वहां भी सत्ता चलाने के मंसूबे दिखाती है, तो फिर सवाल उठना जायज है कि हिंदुस्तान के सुलगते मुद्दों पर आप के विचार क्या हैं। धर्म संसद से लेकर किसान आंदोलन और सीएए, एनआरसी आदि पर पार्टी का झुकाव किस ओर है। और महिलाओं के बारे में पार्टी का नजरिया क्या है।

अभी गोवा, उत्तराखंड और पंजाब में चुनाव प्रचार में लगे अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं को हर माह एक हजार रुपए का वादा किया। जिस पर विपक्षी दलों ने सवाल भी उठाए। हो सकता है श्री केजरीवाल की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने की नेकनीयत इस वादे के पीछे हो। हालांकि मुफ्त की चीजों से सशक्त नहीं हुआ जा सकता, इसकी जगह महिलाओं को रोजगार या उनके कौशल को आगे बढ़ाने के वादे किए जाते तो बेहतर होता। और केवल आर्थिक रूप से ही नहीं महिलाओं को सामाजिक तौर पर भी आगे बढ़ाने की जरूरत है, इसके लिए उन्हें सबसे पहले बराबरी और सम्मान देने की जरूरत है। %आप% को इस पर भी आत्मचिंतन करना चाहिए, इस मामले में वह खुद को कहां पाती है और किस तरह बाकी दलों से अलग है।

# स्वामी विवेकानंद की असाधारण बुद्धिमत्ता

*सरकारी स्कूलों के अभिभावकों से जब यह पूछा जाता है कि आप क्यों प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस को स्वीकार करके अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे हो।*

**कैलाश शर्मा**
राष्ट्रीय महासचिव
आल इंडिया पेरेंट्स एसोसियेशन






**विद्यालय** चाहे सरकारी हो या प्राइवेट वे विद्या के मंदिर होते हैं। मां सरस्वती के वास होते हैं। सरकारी स्कूलों के मेनगेट पर और दीवारों पर यह लिखा होता है शिक्षार्थ आइए, पुरुषार्थ बनके जाइए। प्राइवेट स्कूलों में यह लिखा हुआ नहीं दिखाई देता है। उनका तो एक ही मकसद होता है कि पैसा है तो आइए, शिक्षा लेकर जाइए। आज हालत यह है कि अभिभावक चाहे वह झुग्गी झोपड़ी का हो या, स्लम बस्ती का और या हो कोठियों में रहने वाला। वह अपने बच्चों को इन्हीं महंगे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। इसी का फायदा प्राइवेट स्कूल संचालक उठा रहे हैं। सरकारी स्कूलों के अभिभावकों से जब यह पूछा जाता है कि आप क्यों प्राइवेट स्कूलों की महंगी फीस को स्वीकार करके अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में पढ़ा रहे हो। इसकी जगह सरकारी स्कूलों में बच्चों को क्यों नहीं पढ़ाते हो तो उनका यही जवाब होता है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई होती ही कहां है? वहां गुणात्मक शिक्षा मिलती ही कहां है? स्कूल की बिल्डिंग व कमरे जर्जर हैं, टीचरों की कमी है। जब उन्हें बताया जाता है कि प्राइवेट स्कूलों के संचालक भी तो इन्हीं सरकारी स्कूलों में पड़े हैं और आज जो बड़े अधिकारी व राजनेता है वह भी इन्हीं सरकारी स्कूलों में पढ़ कर अधिकारी व नेता बने हैं तो उनका कहना होता है कि उस समय सरकारी स्कूलों के अध्यापक स्कूलों में टीचर व संसाधनों की कमी होते हुए भी पूरी मेहनत और लगन से बच्चों को पढ़ाते थे, पढ़ाई में कमजोर बच्चों का विशेष ध्यान रखकर उन्हें अतिरिक्त पढ़ाई कराते थे। लेकिन आज के सरकारी स्कूलों के अध्यापकों में वह बात दिखाई नहीं देती है। वह मोटी तनखा लेकर भी बच्चों को होशियार बनाने में खास रुचि नहीं लेते हैं, कुछ अध्यापक जरूर ऐसे हैं जो पूरी लगन व निष्ठा से पढ़ाई कराते हैं और अभी भी गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखे हुए हैं। अगर सभी अध्यापक ऐसे हो जाएं तो सरकारी स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर बहुत ही बेहतर हो जाएगा। सभी अभिभावकों का यही कहना है कि अगर सरकारी स्कूल की बिल्डिंग, व कमरे हाईटेक होंगे, जरूरत के अनुसार पूरे टीचर होंगे, सभी जरूरी संसाधन बच्चों के लिए उपलब्ध होंगे और आज के अध्यापक पुराने अध्यापकों की तरह पूरी लगन व निष्ठा से बच्चों को पढ़ाएंगे तो हर अभिभावक चाहेगा कि उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करें। फिर कोई भी अभिभावक शिक्षा का व्यवसायीकरण कर रहे महंगे प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को नहीं पढ़ाएगा।

सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार कराने के लिए पिछले 5 साल से लगातार प्रयास कर रहे एनजीओ ऑल इंडिया पेरेंट्स एसोसिएशन आईपा व हरियाणा अभिभावक एकता मंच का कहना है कि सरकारी स्कूलों की दशा में सुधार करने को लेकर हरियाणा सरकार की ना तो नीति सही है और ना नीयत। आइपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि आईपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ एडवोकेट अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में एक टीम 2018 से हरियाणा के प्रदेश जिले में जाकर सरकारी स्कूलों की कंडम व जर्जर बिल्डिंग व कमरों का पता लगा रही है इसके अलावा इनमें टीचरों खास कर साइंस, फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी,मैथ की कमी और सभी जरूरी संसाधनों जैसे साफ पीने का पानी, छात्र छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट, पुस्तकालय, साइंस लैब, बैठने के लिए बैंच आदि की कमी का पता लगा कर उसकी जानकारी सबूत के साथ मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री शिक्षा सचिव को दी जा रही है अकेले फरीदाबाद जिले के 85 सरकारी स्कूलों के 454 कमरे जर्जर स्थिति में हैं। जिसमें से पीडब्ल्यूडी ने 2017-18 में 34 स्कूलों के 220 कमरों को कंडम घोषित किया हुआ है। जिन्हें चार साल से अधिक समय के बाद भी तोड़ा नहीं गया है। हरियाणा के अन्य जिलों के सरकारी स्कूलों में यही हालत है। हजारों छात्र अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर और खतरनाक स्कूल भवनों में या बरामदे व खुले में पढ़ने को मजबूर हैं। ऐसी हालत में अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ने के लिए कैसे भेज सकते हैं। इन स्कूलों की हालत सुधारने में सरकार कोई भी उचित कार्रवाई नहीं कर रही है। मजबूर होकर आईपा को पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का सहारा लेना पढ़ रहा है। इस प्रयास से ही फरीदाबाद के अनंगपुर स्कूल की बहुमंजली हाईटेक बिल्डिंग बनी है। फरीदपुर, मोहना, तिगांव, गोच्छी व सरकारी स्कूल पलवल केंप में भी हाईटेक बिल्डिंग बन रही है।

सरकार की नीयत व उदासीनता का एक नमूना देखिए फरीदाबाद के इंदिरा नगर का सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीचे बह रहे गहरे नाले के ऊपर व स्कूल की छत के ऊपर से जा रही हाई वोल्टेज तारों के बीच में बना हुआ है। कमरों का साइज बहुत छोटा है, बरामदा व खेल का मैदान है ही नहीं। कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसी तरह ईस्ट इंडिया कॉटन मिल के मजदूरों के लिए बनाए गए सर्वेंट क्वार्टरों में प्रेस कॉलोनी फरीदाबाद का हाई स्कूल चल रहा है। छोटे छोटे कमरे हैं वह भी जर्जर हालत में है। इन दोनों स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के भविष्य को देखते हुए इन दोनों स्कूलों को यहां से शिफ्ट करने के लिए आईपा की ओर से कई पत्र सरकार को लिखे गए हैं लेकिन मुख्यमंत्री शिक्षा मंत्री शिक्षा सचिव ने पत्रों पर कोई भी उचित कार्रवाई आज तक नहीं कर रहे हैं। शायद वे किसी बड़े हादसे के इंतजार में हैं। इसी प्रकार आइपा की टीम ने करनाल, गुरुग्राम, नूह, हिसार, सिरसा, सोनीपत, पानीपत सहित 10 जिलों के 55 स्कूलों की जर्जर बिल्डिंग व संसाधनों की कमी के बारे में सरकार को जानकारी दी है। लेकिन सरकार प्राइवेट स्कूल संचालकों को फायदा पहुंचाने की नीयत से ही इन स्कूलों में कोई सुधार नहीं कर रही है। हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुजर ने विधानसभा में एक सवाल के जवाब में कहा गया था कि हरियाणा में शिक्षकों के लिए 40,000 और सहायक कर्मचारियों के लिए 6,000 पद खाली हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग को 398 प्रधानाध्यापकों, 112 प्रधानाध्यापकों, 13,974 स्नातकोत्तर शिक्षकों, 20,467 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों और 4,846 प्राथमिक शिक्षकों की जरूरत है इसी तरह इसमें सफाईकर्मी, गार्ड और चपरासी समेत सहयोगी स्टाफ के 6,662 पद खाली थे। राज्य में वर्तमान में 53,68,539 छात्र हैं, जिनमें से 25,30,868 छात्र सरकारी स्कूलों में और 28,37,671 छात्र निजी स्कूलों में पढ़ रहे हैं। सरकार खुद मान रही है कि सरकारी स्कूलों में अध्यापकों व स्टाफ की कमी है लेकिन सरकार इस कमी को दूर करने के लिए कोई भी प्रयास नहीं कर रही है। अत: अब मजबुर होकर आईपा की ओर से तीन जनवरी को पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय में पुन: एक याचिका दायर करके आईपा टीम द्वारा विजिट किए 10 जिलों के 55 स्कूलों का कायापलट कराने व हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर हरियाणा के सभी सरकारी स्कूलों की स्थिति जानने का अनुरोध किया गया है।

**कुछ अध्यापक जरूर ऐसे हैं जो पूरी लगन व निष्ठा से पढ़ाई कराते हैं और अभी भी गुरु शिष्य की परंपरा को कायम रखे हुए हैं। अगर सभी अध्यापक ऐसे हो जाएं तो सरकारी स्कूलों में भी शिक्षा का स्तर बहुत ही बेहतर हो जाएगा।**

# सुभाषचन्द्र बोस :भारत की स्वतंत्रता संघर्ष का महान कर्मयोद्धा

**ललित गर्ग**
(स्वतंत्र वेब लेखक)



**लम्बे** इंतजार के बाद अच्छी बात हुई है कि देश के क्रांतिकारी आंदोलन के महानायक, कर्मयोद्धा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को केंद्र सरकार ने 'राष्ट्रीय पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा करके देश के असंख्य लोगों की भावनाओं का सम्मान किया है। वास्तव में हमारी आजादी हमारे ऐसे ही वीरों के पराक्रम, शौर्य, समर्पण और साहस से मिली थी। यह सही है कि स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी का योगदान महत्वपूर्ण था, परंतु नेताजी के योगदान को कमतर आंकना या उनके योगदान का विस्मृत करना, किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं कहा जा सकता। भारत के स्वाधीनता संग्राम में आजाद हिंद फौज एवं नेताजी का सर्वाधिक योगदान रहा है, उनके योगदान की अमर कहानी अभी लिखी जानी शेष है और इसकी शुभ शुरुआत हो गयी है।

आजाद हिन्द सरकार के माध्यम से सुभाषचन्द्र बोस ने एक ऐसा भारत बनाने का वादा किया था, जिसमें सभी के पास समान अधिकार हों, सभी के पास समान अवसर हों। जो अपनी प्राचीन परम्पराओं से प्रेरणा लेगा और गौरवपूर्ण बनाने वाले सुखी और समृद्ध सशक्त भारत का निर्माण करेगा। यह करोड़ों भारतीयों का सपना था, किंतु सुभाष बाबू से भय खाने वाले अंग्रेजों और बाद में उसी लीक पर चलकर सत्ता और परिवारवाद को मजबूत करने वाले राजनीतिक दलों एवं सत्ताधारियों ने उस महानायक के योगदान एवं सपनों को कुचलने का षड़यंत्रपूर्वक प्रयत्न किया। जब वर्ष 2018 को आजाद हिन्द सरकार के 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से तिरंगा फहराया तो देश को मानो उसका बिसराया प्यार, स्वतंत्रता संग्राम की अनूठी स्मृतियों की जीवंतता से देश को वास्तविक रूप में आजादी का स्वाद चगने का अवसर मिल गया है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जिस अमृत को अपने संघर्ष से बटोरो एवं सुरक्षित भारत की भावी पीढ़ियों के लिए रखा था, वह तो राजनीतिक स्वार्थों की भेंट चढ़ गया। उस अमृत पर तो कोरी राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेकी गयी, अपने-अपने स्वार्थ सिद्ध किये गये, देश को भूला दिया गया, नेताजी के योगदान को भूला दिया गया। यही कारण है कि 75 वर्षों के कालखण्ड में राष्ट्र मजबूत होने की बजाय दिन-ब-दिन कमजोर होता गया। राष्ट्र कभी भी केवल व्यवस्था पक्ष से ही नहीं बनता, उसका सिद्धांत, चरित्र पक्ष एवं राष्ट्रीय भावना भी सशक्त होनी चाहिए। किसी भी राष्ट्र की ऊंचाई वहां की इमारतों की ऊंचाई से नहीं मापी जाती बल्कि वहां के नागरिकों के चरित्र से मापी जाती है। उनके काम करने के तरीके से मापी जाती है, उनके बलिदानी स्वतंत्रता संग्रामियों की जीवंतता से आंकी जाती है। हमारी सबसे बड़ी असफलता है कि आजादी के 75वर्षों के बाद भी राष्ट्रीय चरित्र नहीं बन पाया, इसका कारण नेताजी जैसे नेताओं के योगदान को भूला देना है।



सुभाष चन्द्र बोस भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। आपका जन्म 23 जनवरी 1897 को को ओड़िशा के कटक शहर में हिन्दू कायस्थ परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम जानकीनाथ बोस और माँ का नाम प्रभावती था। जानकीनाथ बोस कटक शहर के मशहूर वकील थे। पहले वे सरकारी वकील थे मगर बाद में उन्होंने निजी प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। उन्होंने कटक की महापालिका में लम्बे समय तक काम किया था और वे बंगाल विधानसभा के सदस्य भी रहे थे। अंग्रेज़ सरकार ने उन्हें रायबहादुर का खिताब दिया था। प्रभावती देवी के पिता का नाम गंगानारायण दत्त था। दत्त परिवार को कोलकाता का एक कुलीन परिवार माना जाता था। प्रभावती और जानकीनाथ बोस की कुल मिलाकर 14 सन्तानें थी जिसमें 6 बेटियाँ और 8 बेटे थे। सुभाष उनकी नौवीं सन्तान और पाँचवें बेटे थे। अपने सभी भाइयों में से सुभाष को सबसे अधिक लगाव शरद चन्द्र से था। सुभाषचन्द्र बोस आजीवन भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के लिये युद्ध तथा सैन्य संगठन में रत रहते हुए भारत को आजादी दिलाने के प्रभावी एवं सार्थक प्रयत्न किये। सुभाष बाबू के जीवन पर स्वामी विवेकानंद, उनके गुरु स्वामी रामकृष्ण परमहंस तथा महर्षि अरविंद के गहन दर्शन और उच्च भावना का प्रभाव था।

नेताजी ऋषि अरविंद की पत्रिका आर्य को बहुत ही लगाव से पढ़ते थे। पिताजी की इच्छा का निर्वाहन करते हुए उन्होनें उन दिनों की सर्वाधिक महत्वपूर्ण परीक्षा आईसीएस में बैठने के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया तथा मात्र आठ माह में ही परीक्षा उत्तीर्ण कर ली किंतु राष्ट्रीय भाव एवं भारत को आजाद कराने के संकल्प के चलते उन्होंने आईसीएस की नौकरी का परित्याग करके एक अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया। तब तक आइसीएस के इतिहास में किसी भारतीय ने ऐसा नहीं किया था। युवा सुभाष ने 16 जुलाई 1921 को बम्बई में महात्मा गांधी से मिलने के बाद सम्पूर्ण देश में अंग्रेजों के खिलाफ चल रहे असहयोग आंदोलन में हिस्सा लिया। उस समय देश में गांधीजी के नेतृत्व में असहयोग की लहर थी तथा अंग्रेजी वस्त्रों का बहिष्कार, विधानसभा, अदालतों एवं शिक्षा संस्थाओं का बहिष्कार भी इसमें शामिल था।

## यूक्रेन संकट: भारत की दुविधा


**इस** समय यूक्रेन पर सारी दुनिया की नजर लगी हुई हैं, क्योंकि अमेरिका और रूस एक-दूसरे को युद्ध के धमकी दे रहे हैं। जैसे किसी जमाने में बर्लिन को लेकर शीतयुद्ध के उष्णयुद्ध में बदलने की आशंका पैदा होती रहती थी, वैसा ही आजकल यूक्रेन को लेकर हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री खुले-आम रूस को धमकी दे रहे हैं कि यदि रूस ने यूक्रेन पर हमला किया तो उसके नतीजे बहुत बुरे होंगे। सचमुच यदि यूरोप में युद्ध छिड़ गया तो इस बार वहां प्रथम और द्वितीय महायुद्ध से भी ज्यादा लोग मारे जा सकते हैं, क्योंकि इन युद्धरत राष्ट्रों के पास अब परमाणु शस्त्रास्त्रों और प्रक्षेपास्त्रों का अंबार लगा हुआ है। रूस ने यूक्रेन की सीमा पर लगभग एक लाख फौजियों को अड़ा रखा है। यूक्रेन के दोनबास क्षेत्र पर पहले से रुस-समर्थक बागियों का कब्जा है। यूक्रेन पर लंबे समय तक रूस का राज रहा है। वह अभी लगभग दो-दशक पहले तक रुस का ही एक प्रांत भर था। सोवियत रुस के विश्व-प्रसिद्ध नेता




निकिता ख्रुश्चौफ यूक्रेन में ही पैदा हुए थे। इस समय यूरोप में यूक्रेन ही रूस के बाद सबसे बड़ा देश है। लगभग सवा चार करोड़ की आबादीवाला यह पूर्वी यूरोपीय देश पश्चिमी यूरोप के अमेरिका-समर्थक देशों के साथ घनिष्ट संबंध बनाने की कोशिश करता रहा है। वह रूस के शिकंजे से उसी तरह बाहर निकलना चाहता है, जिस तरह से सोवियत खेमे के अन्य 10 देश निकल चुके हैं। उसने यूरोपीय संघ के कई संगठनों के साथ सहयोग के कई समझौते भी कर लिये हैं। रूस के नेता व्लादिमीर पुतिन को डर है कि कहीं यूक्रेन भी अमेरिका के सैन्य संगठन 'नाटो' का सदस्य न बन जाए। यदि ऐसा हो गया तो नाटो रूस की सीमाओं के बहुत नजदीक पहुंच जाएगा। यों भी एस्तोनिया, लेटविया और लिथुवानिया नाटो के सदस्य बन चुके हैं, जो रूस के सीमांत पर स्थित हैं। यूक्रेन और जार्जिया जैसे देशों को रूस अपने प्रभाव-क्षेत्र से बाहर नहीं खिसकने देना चाहता है। लेनिन के बाद सबसे अधिक विख्यात नेता जोजफ़ स्तालिन का जन्म जार्जिया में ही हुआ था। इन दोनों देशों के साथ-साथ अभी भी मध्य एशिया के पूर्व-सोवियत देशों में रूस का वर्चस्व बना हुआ है। अफगानिस्तान से अमेरिकी पलायन के कारण रूस की हिम्मत बढ़ी है। यों भी यूक्रेन पर बाइडन और पुतिन के बीच सीधा संवाद भी हो चुका है और दोनों देशों के विदेश मंत्री भी आपस में बातचीत कर रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यूक्रेन को लेकर दोनों महाशक्तियों के बीच युद्ध छिड़ेगा, क्योंकि वैसा होगा तो यूरोप के नाटो देशों को मिलनेवाली रूसी गैस बंद हो जाएगी। उनका सारा कारोबार ठप्प हो जाएगा और उधर रूस की लड़खड़ाती हुई अर्थ-व्यवस्था पैंदे में बैठ जाएगी। खुद यूक्रेन भी युद्ध नहीं चाहेगा, क्योंकि लगभग एक करोड़ रूसी लोग वहां रहते हैं। इस संकट में भारत की दुविधा बढ़ गई है।

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



"**जो** आज कह रहे हैं 300 यूनिट फ्री बिजली देंगे उनके समय मे बिजली आती ही नहीं थी।

**- योगी अदित्यनाथ**
उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री

**आजाद** हिंद फौज के नाम पर कोलकाता के राजारहाट क्षेत्र में समाधि स्थल का निर्माण किया जाएगा और एक विश्वविद्यालय की भी स्थापना की जा रही है,

**- ममता बनर्जी**
बंगाल की मुख्यमंत्री





केंद्रीय बजट सरकार को वरिष्ठ नागरिकों की चिंताओं को हल करने का अवसर प्रदान करता है।

**- प्रियंका चतुर्वेदी**
शिवसेना सांसद"

# 100 करोड़ का तोहफा भूमाफियों को

## ■ जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियों का दुस्साहस

## ■ देश के कानून का ही बना डाला मजाक







■ पायनियर सेवा, राजस्थान

जयपुर विकास प्राधिकरण(जेडीए) जिसके पास जयपुर के विकास कि जिम्मेदारी का दाइत्व है और उसके अधिकार छेत्र कि सभी सरकारी व आवाप्ति शुदा जमीने उसकी सम्पति है जिसमे

### सील में भी हुई डील!



जब खसरा संख्या 298 कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर व्यसायिक गतिविधि ओर हाई कोर्ट के स्टे कि आड़ में भूमाफियों द्वारा गैरकानुनी कब्जा व खुद के पक्ष में फर्जी स्टे व जेडीए के अधिकारियो कि मिली भगत कि शिकायत होने लगी और मामला तूल पकड़ने लागा तो जेडीए ने फिर फिर खुद के ही बनाये अधिनियमों को तोड़कर धारा 32,33 का मामूली नोटिस दिया ताकि अतिकर्मियो को जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट से स्टे मिल जाए और वही हुवा अतिकर्मियो ने धारा32,33 के नोटिस के खिलाफ जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट जाकर स्टे ले लिया लेकिन जेडीए कि इस हरकत के खिलाफ भी आवाज उठी तो जेडीए ने धारा 34 का नोटिस दिया और इस मामले में भी पक्के अवैध निर्माण को सील से बचा बचा फर्जी मौका रिपोर्ट तैयार कर बाकी को सील कर दिया गया जबकि जेडीए एक्ट में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने के खिलाफ धारा 72 का नोटिस देने का प्रावधान है और द्धद्धह तक दर्ज कराई जानी चाहिए लेकिन एसा नही कर जेडीए एक्ट का उलंघन जानबुझकर जेडीए अधिकारियो ने किया जो इनका दु:साहस है वही सील के लिए तैयार कि गई मौका रिपोर्ट में कई मंजिला अवैध पक्के निर्माण को सील नही करने डील हो गई ।


### ट्रिब्यूनल कोर्ट का फैसला जेडीए के पक्ष में फिर भी चल रहा रेस्टोरेंट

जेडीए के सील व धारा32,33 के नोटिस के खिलाफ अतिकर्मियो में से मोहन लाल शर्मा ने अपील जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट में कि जिसका निस्तारण हुवे 6 महीने हो चुके जिसका सम्पूर्ण निर्णय जेडीए पक्ष में होने के बावजूद आदेशो कि अवहेलना कर अवैध रेस्टोरेंट संचिलित किया जा रहा है जबकि कोर्ट ने खुद के आदेश में इस जमीन पर व्यसायिक गतिविधि पर रोक लगा दी।





जयपुर में एशिया के सबसे बड़ा सर्किल कहे जाने वाले जवाहर सर्किल पर जेडीए कि 50 वर्षो से आवाप्ति शुदा 36 वर्षो से राजस्व रिकॉर्ड में नामान्तरण शुदा खसरा संख्या 298 ग्राम चैनपुरा तहसील सांगानेर कि जमीन भी जेडीए कि 100 करोड़ रुपये के लगभग कि जनता के जन उपयोग कि सरकारी सम्पति है जिस पर राजस्थान हाई कोर्ट के यथा इस्थति के आदेश व जेडीए ट्रिब्यूनल कोर्ट के व्यसायिक गतिविधियों पर रोक के आदेश है उसके बावजूद इन सभी आदेशो को ताक में रख कर जेडीए के जिम्मेदार अधिकारियो ने अतिकर्मियो को रेस्टोरेंट संचालित करा रखा है जो इन जिम्मेदार अधिकारियों के दु:साहस है इस जमीन को वर्ष 1969 में अवाप्त किया गया था जो वर्ष 2005 तक बिल्कुल खाली पड़ी हुई जमीन थी लेकिन इस छेत्र में अचानक जमीनो के भावो में उछाल व एयरपोर्ट टर्मिनल के गेट के नजदीक होने से विकास में तेजी आने के कारण भारी उछाल हुवा जिसके कारण इस जमीन पर भूमाफियों ने जेडीए अधिकारियो से साठ गाँठ कर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया वर्ष 2005 में राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर बैंच में याचिका संख्या 3588/2005 जरिए मुख्तार आम गोपाल शर्मा ने जमन्या बनाम जेडीए लगाई गई और इसमें यथा इस्थति बनाए रखने के आदेश हुवे इन आदेशों कि आड़ में रामकिशन शर्मा व उसके तीन पुत्र लाधुराम राम शर्मा, गंगा शहाय शर्मा व मोहन लाल शर्मा ने चार दिवारी का निर्माण कर आवाप्ति शुदा सरकारी सम्पति पर अतिक्रमण कि शुरुआत कि धीरे धीरे इस जमीन पर ये अवैध निर्माण कर महालक्ष्मी फार्म हाउस नाम से अतिक्रमण कर गेट लगा दिया व फर्जी दस्तावेज से नगर निगम जयपुर से मेरिज गार्डन संचिलित करने कि स्वीकृति जेडीए कि सरकारी जमीन पर हाई कोर्ट के स्टे आदेशो कि अवहेलना कर साठ गाँठ से लेकर आम जनता से करोड़ो रूपये किराया वसूला फिर वर्ष 2016 में रामकिशन शर्मा ने खुद के पुत्रों के साथ मिलकर इस सरकारी जमीन पर महालक्ष्मी गार्डन रेस्टोरेंट अवैध निर्माण कर बना दिया जिसकी शिकायत जेडीए में हुई तो तत्कालीन जेडीए जोन 4 उपायुक्त ने सरकारी स्टे हाई कोर्ट के स्टे शुदा जमीन पर प्याउ बनाने का शपथ ले जेडीए जमीन पर रेस्टोरेंट बनाया जबकि सबसे संघीन मामला ये है कि जिन भूमाफियों ने ये सब गैरकानुनी कृत्य 2005 से हाई कोर्ट के स्टे कि आड़ में किया वे याचिका संख्या 3588/2005 में पक्षकार तक नही ओर एसे भूमाफियों को हाई कोर्ट के स्टे का लाभ 2005 से अब तक जेडीए के जिम्मेदार अधिकारी देते चले आ रहे है यानी हाई कोर्ट व जेडीए दोनो से धोखाधड़ी करते रहे अब तक..**(जारी....)**



---

### जिन मतदाताओं के यूनिक मोबाइल नम्बर है वे डाउनलोड कर सकते है e-Epic

■ पायनियर सेवा, राजस्थान

जिला निर्वाचन अधिकारी राजन विशाल ने एक आदेश जारी कर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को अपने विधानसभा क्षेत्र से संबंधित मतदाताओं को e-Epic (ई मतदाता पहचान पत्र) को डाउनलोड करने को सुनिश्चित करने के लिये कहा है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह चारण ने कहा कि e-Epic (ई मतदाता पहचान पत्र) डाउनलोडिंग की प्रक्रिया को गति प्रदान करते हुये ऐसे मतदाताओं को जिनके यूनिक मोबाइल नम्बर उपलब्ध है को e-Epic (ई मतदाता पहचान पत्र) डाउनलोडिंग के संबंध में जागरूक करते हुये e-Epic (ई मतदाता पहचान पत्र) डाउनलोड करवाना सुनिश्चित किया जाए।

### आधार नामांकन एवं अद्यतन केन्द्र हेतु आवेदन आमंत्रित

■ पायनियर सेवा, राजस्थान

जिला कलक्टर श्री राजन विशाल ने बताया कि जयपुर जिले की पंचायत समिति एवं नगरीय क्षेत्र के चयनित कार्यालयों में आधार नामांकन, अद्यतन केंद्र स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। चयनित केंद्र पर आधार नामांकन एवं अद्यतन का कार्य करने हेतु रजिस्ट्रार (सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग) के अधीन नामांकन एजेंसी (राजकॉम्प, इन्फोसिस्टम लिमिटेड) द्वारा एक ऑपरेटर को यूआईडीआई नई दिल्ली से आधार (पंजीकरण एवं अपडेट) विनियम 2016 के अनुसार कार्य हेतु आईडी/ क्रिडेंशियल जारी कराया जाना भी प्रस्तावित है। जो भी पात्र व्यक्ति नामांकन ऑपरेटर के रूप में यूआईडीएआई नई दिल्ली एवं सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार कार्य करने का इच्छुक है, वह ऑनलाइन sso.rajasthan.gov.in पर स्वयं की sso id से दिनांक 21 जनवरी से 27 जनवरी तक आवेदन कर सकता है। चयनित कार्यालयों के नाम पात्रता आवेदन प्रक्रिया एवं अन्य शर्तें जिले की वेबसाइट jaipur.rajasthan.gov.in पर सिटीजन कॉर्नर में आधार ऑपरेटर हेतु आवेदन पर देखी जा सकती है।

AADHAAR

### कोटा के लिए नायाब है सभी कार्य, गुणवत्ता एवं समयबद्धता हो पूरे: स्वायत्त शासन मंत्री

■ पायनियर सेवा., राजस्थान

स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने शनिवार को शहर में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि जनहित एवं पर्यटन की दृष्टि से ये सभी कार्य नायाब हैं, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ समय पर कार्य पूरे किये जाये। उन्होंने कार्य में देरी पाये जाने पर अन्नतपुरा फ्लाईऑवर के संवेदक पर जुर्माना लगाने एवं ऑक्सीजोन पार्क में देरी पाये जाने पर प्रति दिवस के अनुसार जुर्माना लगाने के निर्देश दिये। स्वायत्त शासन मंत्री ने सीबी गार्डन से निरीक्षण की शुरुआत करते हुए पौधारोपण एवं निर्माण कार्य को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। अनंतपुरा फ्लाईओवर के निरीक्षण में उन्होंने कार्य पर देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संवेदक पर जुर्माना लगाने तथा जलदाय विभाग की लाइनों की शिफ्टिंग कार्य को सात दिवसीय पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नगर विकास



न्यास के अभियंता नियमित मॉनिटरिंग करें कार्य में देरी अथवा गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर तुरंत कार्यवाही करें। गोरिया बावडी चौराहे के फ्लाई ऑवर के अंडरपास में उन्होंने दिवारों पर लगाई जाने वाली टाइल्स को कलर कॉम्बीनेशन के साथ आकर्षक रूप से लगाने के निर्देश दिये। सिटी मॉल के सामने एलिवेटेड रोड के निरीक्षण के समय उन्होंने कहा कि पिलरों एवं एलीवेटेड रोड की दिवारों पर लगाई जा रही टाइल्स को आधुनिक डार्क वुडन कलर व पेंन्टिग टेक्चर के साथ लगाई जावें जिससे राहगीरों को आवागमन की सुविधा के साथ स्मार्टसिटी के लुक में भी दिखाई दे। उन्होंने रोड के दोनों तरफ बन रहे नाला निर्माण में सुरक्षा दीवार की ऊंचाई 2 फीट रखते हुए पौधारोपण कराने के निर्देश दिये।

**कार्य में देरी पर लगेगा प्रतिदिन 3 लाख जुर्माना:** स्वायत्त शासन मंत्री ने सिटी पार्क का खुली जिप्सी में बैठकर प्रत्येक ब्लॉक का निरीक्षण किया, जहां पौधारोपण एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को बरकरार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय अवधि में कार्य पूरा नहीं करने पर प्रतिदिन 3 लाख तक जुर्माना लगाया जाएगा साथ ही संपूर्ण पार्क में पुष्प प्रजातियों के पौधों को ब्लॉकवार तैयार कर आकर्षक रूप में रोपित करने के की बात कही। उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु के समय में पौधों को पानी के लिए एसटीपी के निर्माण कार्य को 1 मार्च तक पूरा करने की हिदायत देते हुए आरयूआईडीपी के अधिकारियों को कार्य की गति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पार्क में पानी के लिए पाइप लाइन एवं एसटीपी दोनों की व्यवस्था रहेंगी सभी कार्य मार्च से पहले पूरे किसये जावें।

### डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लिखा पत्र

#### रीट परीक्षा 2021 के पेपर लीक,अनियमितताएं तथा धांधली के संबंध में सीबीआई जांच करवाए जाने की मांग

**पायनियर सेवा, राजस्थान।** प्रदेश में रीट परीक्षा 2021 के पेपर लीक, अनियमितताएं तथा धांधली के संबंध में सीबीआई जांच करवाए जाने के संदर्भ में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखा है। डॉ. पूनियां ने गहलोत को पत्र में लिखा कि, राजस्थान में रीट परीक्षा 2021 प्रदेश के विभिन्न जिलों में सितम्बर 2021 में सम्पन्न हुई। रीट पेपर में लाखों अभ्यर्थी सम्मिलित हुए तथा परीक्षा का आयोजन दो पारियों में सम्पन्न हुआ। समय से पूर्व रीट का पेपर बाहर आना, डमी अभ्यर्थियों के बैठने से एवं धांधली से प्रदेश के लाखों युवाओं के सपनों के साथ धोखा हुआ। सरकार के द्वारा प्रशासनिक सेवाओं के विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पेपर आउट में संलिप्त मानते हुए निलंबित और उन्हें गिरफ्तार किया। पूर्व शिक्षा मंत्री ने कहा था कि परीक्षा का सफल आयोजन हुआ, जबकि प्रदेश के विभिन्न जिलों में पेपर लीक तथा धांधली की खबरें समाचार पत्रों, मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित हुई थी।



एसओजी ने अपनी जांच में बत्तीलाल मीणा व अन्य अभियुक्तों को मुलजिम मानकर गिरफ्तार किया, परन्तु पेपर लीक का मास्टरमाइंड भजनलाल करीब 4 माह बाद एसओजी के गिरफ्त में आया। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के अनुसार भजनलाल ने रीट का पेपर पृथ्वीराज को व्हाटसएप के माध्यम से भेजा एवं 40 लाख रूपये में बेचा और बाड़मेर व जालौर में भी रीट का पेपर बेचने की बात सामने आई। गंगापुरसिटी में परीक्षा केन्द्र से रीट का पेपर लीक होने के बाद बत्तीलाल मीणा की गिरफ्तारी के बाद भजनलाल का नाम सामने आया। भजनलाल की गिरफ्तारी के बाद जेईएन तथा एक अन्य आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने से पहले प्रिंट निकालने के लिए प्रिंटर की व्यवस्था की गई थी। रिश्तेदारों व परिचितों को रीट का पेपर परीक्षा से पहले ही दे दिया गया। मीडिया के माध्यम से यह भी पता चला है कि एक दिन पहले ही गंगापुरसिटी में व्हाटसएप पर दोपहर 03:45 मिनट पर पेपर वायरल हो गया था इसके बाद परीक्षा केन्द्र पर प्रिंटर से प्रिंट लेकर पेपर बंटते गए। इस परीक्षा केन्द्र पर रीट के पेपर 8 से 10 लाख रूपये में बांटे गये।

### वंचित तबकों के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही सरकार: मुख्यमंत्री

■ पायनियर सेवा, राजस्थान

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, जरूरतमंद, वंचित एवं पिछड़े तबकों के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता एवं सेवाभाव के साथ कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि हर वर्ग की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित हो और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जो?ा जा सके। उन्होंने कहा कि सादगी जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। सादगी से आयोजित होने वाले विवाह एवं अन्य समारोह सबके लिए मिसाल पेश करते हैं। ऐसे समारोहों को सदैव प्रोत्साहन देना चाहिए। गहलोत रविवार को एनएसयूआई की ओर से श्रीगंगानगर और नागौर जिले में आयोजित कोरोना से प्रभावित गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के सर्वधर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सामाजिक सरोकार की दिशा में एनएसयूआई राजस्थान की इस पहल को सराहा और साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने नव दंपतियों को सुखी, सफल और समृद्ध वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसयूआई ने प्रदेशभर में 1008 कन्याओं के विवाह का लक्ष्य तय किया है और आज उस क?ी में 108 कन्याओं का नया जीवन शुरू होना एक पुनीत अवसर है। ऐसे विवाह सम्मेलन समाज के प्रति उत्तरदायित्व के निर्वहन का अनुकरणीय उदाहरण है। उन्होंने कहा कि रचनात्मक कार्य राजनीति का एक अहम अंग है। ऐसे कार्यों में शामिल होने वाले व्यक्ति किसी भी पद पर पहुंच जाएं, समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करते रहते हैं। गहलोत ने कहा



कि विश्वव्यापी कोरोना महामारी के कारण समाज में अल्पआय वर्ग और दैनिक मजदूरी करने वाले लोगों के सामने आजीविका का संकट पैदा हो गया। राज्य सरकार ने संकट की इस घ?ी में सभी वर्गों के सहयोग से बेहतर प्रबंधन करते हुए जरूरतमंद परिवारों को हरसंभव राहत पहुंचाई। कोई भूखा न सोए के संकल्प को साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और अनुदान योजना के माध्यम से ऐसे विवाह सम्मेलनों को प्रोत्साहन दे रही है। अंतरजातीय विवाह को प्रोत्साहन देने के लिए डॉ. सविता बेन अम्बेडकर अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है, इसके तहत विगत तीन वर्षों में करीब 1575 दंपतियों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत एससी, एसटी और अल्पसंख्यक वर्ग के बीपीएल परिवारों की कन्याओं के विवाह पर 31 हजार रुपये हथलेवा राशि दी जा रही है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने नव दंपतियों को सुखद भावी जीवन के लिए आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दीं।एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने कहा कि एनएसयूआई परिवार समाज सेवा के प्रति समर्पित भाव से कार्य करता रहेगा।

### देश का इतिहास कभी बदला नहीं जा सकता: खाचरियावास

■ पायनयिर सेवा, राजस्थान

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा और जय हिंद के नारों से आज भी देश के लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं हर हिंदुस्तानी का सीना गर्व से फूल जाता है और नेताजी के नारों पर आज भी देश का नौजवान अपना बलिदान देने के लिए हर वक्त तैयार रहता है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी के आंदोलन के महान नायक थे अब जब उनकी प्रतिमा इंडिया गेट पर लगाई जा रही है तो इंडिया गेट पर जलने वाली अमर जवान ज्योति वहां से नहीं हटाना चाहिए था नेताजी और शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि इंडिया गेट पर 50 वर्षों से जल रही अमर जवान ज्योति जलती रहे और कहीं भी ज्योति जलानी है वहां भी शहीदों की याद में ज्योति प्रज्वलित की जाए। मंत्री खाचरियावास ने कहा कि भाजपा अपनी असफलताओं, महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी और जनाक्रोश से ध्यान हटाने के लिए इस तरह के कंट्रोवर्शियल फैसले लेकर जनता का अपनी असफलताओं से ध्यान हटाना चाहती है। भाजपा को यह समझ लेना चाहिए देश का इतिहास कभी बदला नहीं जा सकता, नेताजी सुभाष चंद्र बोस खुद कांग्रेस का नेतृत्व करते थे बाद में उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की वह हम सबके आदर्श है। भाजपा और आर एस एस से नेताजी का कोई लेना देना नहीं था। अब भाजपा जो उस वक्त आजादी के आंदोलन का विरोध कर रही थी इतिहास को बदलना चाहती है लेकिन देश इतिहास बदलने नहीं देगा लेकिन इतिहास हमेशा अमर रहेगा।



### जयपुर शहर में एक कॉल पर कोरोना संक्रमितों को मिलेगी घर बैठे दवा

#### बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू

■ पायनयिर सेवा, राजस्थान

चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने जयपुर शहर में कोरोना संक्रमित मरीजों को घर पर ही दवाएं पहुंचाने के लिए बाइक एंबुलेंस सुविधा शुरू की है। गृह एकांतवास में रह रहे मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग ने ये योजना शुरू की है। मरीज 108 नंबर पर कॉल करके घर पर दवा मंगवा सकते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार सुबह ट्वीट कर ये जानकारी दी।

विभाग की ओर से जारी सूचना के अनुसार यदि आप अकेले हैं, बुजुर्ग हैं, गृह एकांतवास में रह रहे हैं और आपको दवा मंगवाने में परेशानी हो रही है तो



विभाग आपको एक कॉल पर घर बैठे दवा भेजेगा। बाइक एंबुलेंस सेवा के जरिए दवा मंगवाने के लिए 108 और 0141-2605858 फोन नंबर भी जारी किए गए हैं। फोन नंबरों पर कॉल करके जयपुर शहर में कहीं पर भी दवाओं की डिलीवरी करवा सकते हैं। सरकार की सेवा से जयपुर शहर में कोरोना संक्रमितों को राहत मिलेगी, साथ ही इससे मरीजों को समय पर इलाज भी मिल जाएगा।

### युवक को बंधक बनाकर मारपीट करने का वीडियो वायरल

■ पायनियर सेवा, राजस्थान

अलवर जिले के बानसूर कस्बे के एक गांव में एक युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में तीन बदमाश एक युवक को हाथ पांव बांधकर लाठी- डंडों से बेरहमी से पीटते नजर आ रहे हैं। युवक रोते हुए माफी मांग रहा है एवं छोड़ने की गुहार बदमाशों से कर रहा है लेकिन बदमाश ताबड़तोड़ लाठियों से उस पर वार करते नजर आ रहे हैं। बदमाश इतनी बेरहमी से युवक को मार रहे थे कि लाठी भी टूट जाती है। बानसूर डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि सोशल मीडिया से वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की जानकारी में आने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है।

### शातिर वाहन चोर मालपुरा जिला टोंक से गिरफ्तार

#### आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मामलों में वांछित चल रहा था

■ पायनयिर सेवा, राजस्थान

जयपुर की करधनी थाना पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मामलों में वांछित चल रहे एक शातिर वाहन चोर को मालपुरा जिला टोंक से गिरफ्तार किया गया है। आरोपित एक दर्जन से अधिक दुपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी बीएल मीना ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मामलों में वांछित चल रहे शातिर वाहन चोर तेजपाल निवासी निवाई जिला टोंक हाल कालवाड़ जयपुर को मालपुरा जिला टोंक से गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी के मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपित से



अन्य वारदातों से संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने किया एमएलए हॉस्टल में बोस की प्रतिमा का अनावरण

## आजादी के लिए दिए गए बलिदान का देश सदैव ऋणी रहेगा

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**चंडीगढ़।** देशभर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज चंडीगढ़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में नेताजीजी की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे नेताजी के आदर्शों और बलिदान से प्रेरणा लेते हुए देश की सेवा के लिए अपना जीवन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि आज का अवसर हमें हमारे देश के आजादी के समय को याद करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है, जब नेताजी और कई अन्य शहीदों ने देश की आजादी के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। भारी बारिश के बावजूद पराक्रम दिवस का समारोह बड़े धूमधाम से आयोजित हुआ। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली, विधानसभा उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा, अंबाला से सांसद रतन लाल कटारिया और पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल भी मौजूद रहे।



बावल में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करते मंत्री डॉ. बनवारीलाल।

### भाजपा नेताओं ने दी नेताजी को श्रद्धाजंलि

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश सह-प्रवक्ता वंदना पोपली ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर विभिन्न जगह आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने वार्ड नंबर 10 में नगर परिषद के उपप्रधान श्यामसुंदर चुघ द्वारा कराए गए कार्यक्रम में शिकरत करते हुए कहा कि नेता जी भारत माता के सच्चे सपूत थे। नरेंद्र मोदी व पूरे हरियाणा में कराने का बीड़ा उठाने पर प्रदेश ओमप्रकाश धनखड़ का आभार जताया। वार्ड नंबर 18 में एडवोकेट एंव भाजपा युवा मोर्चा जिला प्रभारी मनीष गुप्ता की अध्यक्षता में नेता जी की जयंती मनाई गई

मुख्यमंत्री ने अन्य गणमान्य राजनीतिक व्यक्तियों के साथ सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक अद्वितीय नेता थे, जिन्होंने आजाद हिंद फौज का नेतृत्व करके न केवल भारत की धरती पर बल्कि पूरे विश्व में आजादी की मशाल जलाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आजादी के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरा देश अमृत महोत्सव मना रहा है।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस सरीखे महानायक हैं हमारे प्रेरणा स्रोत: मंत्री

**रेवाड़ी।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महानायक, आजाद हिंद फौज के संस्थापक एवं तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, के उद्घोषक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती रविवार को जिले भर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई । विभिन्न संगठनों व राजनीतिक लोगों ने अलग-अलग जगह कार्यक्रम कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारीलाल ने बावल के राजकीय महिला कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नेताजी को श्रद्धाजंलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में डॉ. बनवारीलाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए सेना के पराक्रम से युवा शक्ति को अवगत कराया। मंत्री ने कहा कि पराक्रम दिवस हमें जीवन में प्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ने की सीख देता है। नेताजी जैसे महानायक सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



नेताजी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा नेता राजीव जैन।

## देशभक्ति का अटल नारा जय हिंद नेताजी सुभाषचंद्र बोस की देन: राजीव जैन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत।

**देश** की आजादी के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती कविता जैन-राजीव जैन ने कहा कि नेताजी का जीवन बताता है कि किसी भी राष्ट्र के लिए स्वाधीनता ही सर्वोपरि है। स्वाधीनता के लिए उन्होंने अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। ऐसे महान सेनानी इतिहास में सदैव अमर रहेंगे और हम उनके ऋणी रहेंगे।

भाजपा के तत्वावधान में पराक्रम दिवस के रूप में सुभाषचंद्र बोस की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। गांवों-शहरों-वार्डों आदि प्रत्येक स्तर पर यह आयोजन किया गया।

इस दौरान हरियाणा की पूर्व केबिनेट मंत्री एवं भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता जैन ने सेक्टर-15 में आयोजित सुभाष जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। वहीं, पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन शिव मंदिर तारा नगर में मनाये गये पराक्रम दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

### भाजपा ने प्रदेशभर में गांवों-शहरों-वार्डों में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जयंतीः पूर्व मंत्री

पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा नारा देने वाले सुभाष बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई है। विदेशी हुकूमत को धराशाही करने के लिए जापान के सहयोग से द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान उन्होंने आजाद हिंद फौज का गठन करते हुए यह नारा गुंजायमान किया। यह वाक्य लाखों युवाओं के अंदर रच-बस गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पांच हजार का इनामी एवं मोस्ट वांटेड बदमाश गिरफ्तार

**सोनीपत।** सीआईए स्टाफ गोहाना पुलिस ने पांच हजार के इनामी एवं मोस्ट वांटेड बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी जयदेव निवासी निजामपुर जिला सोनीपत का रहने वाला है। आरोपी को न्यायालय में पेशकर चार दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है। शीघ्र ही घटना में शामिल अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुलिस प्रवक्ता जगजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 30 जून 2021 को प्रवीन निवासी निजामपुर ने थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि उसके गांव के ही जयदेव व सुशील उर्फ मीठू ने गोली मारकर हत्या कर दी है। सीआईए स्टाफ गोहाना टीम ने घटना में शामिल आरोपियों को शरण देने के आरोप में धर्मबीर निवासी निजामपुर को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। फरार आरोपियों पर सोनीपत पुलिस द्वारा पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया गया था। अनुसंधान टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये घटना के मुख्य आरोपी पांच हजार रुपये के ईनामी एवं मोस्ट वांटेड बदमाश जयदेव निवासी निजामपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो नशा तस्करों से 7.5 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की एंटी नारकोटिक्स सेल व सीआईए टू की टीम द्वारा अलग-अलग मामलों में नशीले मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पहले मामले में 22 जनवरी को रात के समय उप निरीक्षक सिंहराज सीआईए टू की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए पिंगली चौक कैथल रोड करनाल पर मौजूद थी। उसी समय टीम को सूचना मिली की गुलाब सिंह उर्फ हरविंदर सिंह वासी जिला कैथल डोडा पोस्त बेचने का काम करता है, जो इस समय जांगड़ा धर्मशाला करनाल के नजदीक आवर्धन नहर की पूर्वी पटरी पर काले रंग के पिट्ठू बैग में डोडा पोस्त लिए किसी के इंतजार में खड़ा है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा नजदीक जांगड़ा धर्मशाला आवर्धन नहर की पूर्वी पटरी पर पहुंचकर पिट्ठू बैग लिए हुए खड़े व्यक्ति को काबू किया गया। जिसने पूछताछ में अपना नाम हरविंदर सिंह उर्फ गुलाब सिंह पुत्र गुरदेव सिंह उर्फ देबू वासी गांव मंडवाल थाना राजोंद जिला कैथल बतलाया। बैग की तलाशी लेने पर बैग में से 7 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। दूसरे मामले में एएसआई विकास कुमार एंटी नारकोटिक्स सेल करनाल की अध्यक्षता में टीम कल शाम को थाना बुटाना के एरिया में मौजूद थी।

### नेहरू युवा केंद्र ने मनाई जयंती

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती खंड थानेसर के गांव चीबा में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नेहरू युवा केन्द्र, कुरुक्षेत्र की लेखा एवम कार्यक्रम सुपरवाइजर कांता देवी द्वारा ग्रमीण युवाओं को संबोधित करते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। अपने दैनिक जीवन उनके द्वारा देश को आजाद करवाने के लिए किए गए प्रयास का अनुसरण करने की अपील की। इस अवसर पर बलवंत सिंह बतान सेवा निवृत्त एसडीओ, दीपक योगी, रीतू, उषा व नेहरु युवा केंद्र के एमटीएस अमित शर्मा मौजूद रहे।

### सुभाष चंद्र बोस को दी श्रद्धांजलि



**कुरुक्षेत्र।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 126वीं जयंती के अवसर पर जन संघर्ष मंच हरियाणा, जिला कुरुक्षेत्र की ओर से मिडिल स्कूल गांधीनगर में जनसभा-प्रदर्शन किया गया। गांव बारना में मंच की तरफ से नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि दी गई व जनसभा की गई। मंच के जिला प्रधान संसार चंद, नरेश कुमार, मेवाराम ने नेताजी के बारे में विस्तार से बताया। कुरुक्षेत्र में मंच के जिला सचिव चन्द्र रेखा, उपाध्यक्ष उषा कुमारी, महासचिव सुदेश कुमारी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संघर्षशील जीवन के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर सतीश कुमार, ईश्वर, वंदना, पृथ्वी, पूजा, याशना, अंजलि, यशस्वी, शकुंतला देवी, सोनू, पुष्पा, कैलाश, सोनिया विमला, पाशीराम आदि ने भी नेता जी को अपनी श्रद्धांजलि दी।

## 14 युवाओं ने रक्तदान कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**नेताजी** सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा पार्थ ब्लड सेंटर में 176वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 14 युवाओं ने रक्तदान कर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन किया। लोगों ने नेताजी के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

सर्वप्रथम शिविर के मुख्यातिथि यूआईईटी के सहायक प्रोफेसर व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय सेनिटेशन विभाग के इंचार्ज डा. अजय जांगड़ा, शिविर के वशिष्ट अतिथि एमके मौदगिल, शिविर की अध्यक्षता कर रहे समिति के सह सचिव टोनी रोहिल्ला व सुप्रसिद्ध समाजसेवी चौधरी रामचंद्र नरकातारी, प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, कॉर्डिनेटर अविनाश कौर, मीडिया प्रभारी तरूण



शिविर में रक्तदान करता रक्तदाता।

वधवा, महासचिव सुखविंद्र सिंह, ऑडिटर अमरीश बंसल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यातिथि डा. अजय जांगड़ा ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस को याद करते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। मुख्यातिथि डा. अजय जांगड़ा ने शिविर में स्वयं भी रक्तदान किया। शिविर में पार्थ ब्लड सेंटर के लैब टेक्नीशियन संजीव वर्मा की अध्यक्षता में टीम ने रक्त संग्रहित किया।

### देशवासी सुभाष चंद्र बोस के पद चिह्नों पर चलें: पाला राम सैनी

**कैथल।** भारत के बहादुर स्वतंत्रता सेनानी और महान नेताओं में से एक नाम नेताजी सुभाष चंद्र बोस का भी है। नेताजी की हर साल 23 जनवरी को जन्म जयंती मनाई जाती है।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर मून लाइट पब्लिक स्कूल में भी उन्हें याद किया गया। पाला राम सैनी ने जयंती पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के आगे पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा आजादी में दिए गए योगदान के बारे में बताया। पाला राम सैनी ने बताया कि, भारत में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक और 'जय हिंद' का नारा देने वाले सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। उनके अविस्मरणीय योगदान का देश आज भी कर्जदार है। इस साल उनकी 125वीं जयंती मनाई जा रही है। उनकी जन्म जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

## युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए दिया प्रशिक्षण

### नेहरु युवा केन्द्र करनाल ने युवा मण्डल उपली में कराया कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**नेहरू** युवा केंद्र करनाल ने रविवार को युवाओं को आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के अंतर्गत युवाओं के अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम उपली स्थित सामुदायिक केंद्र में युवा मंडल के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन व अतिथि सत्कार मंडल सदस्य सन्दीप ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप उपली द्वारा की गई।

कार्यक्रम में कॅरियर काउंसलर



अमन जोशी ने युवा एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। बैंक द्वारा दी जा रही सुविधाएं व नाबार्ड द्वारा चलाई जा रही स्वयं सहायता समूह से जुड़ महिलाओं को प्रशिक्षण देने वाली योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही नाबार्ड, कॉपरेटिव बैंक व स्टेट बैंक के सहयोग से संयुक्त देता समूह से जुड़ कर महिलाओं को आत्म निर्भर कैसे बन सकती हैं इसके भी गुर सिखाए।

स्किल ट्रेनर रामपाल कशयप ने सभी युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि युवा किस प्रकार अपने हाथ का हुनर सिखकर ऑटोमोबाइल सेक्टर में कॅरियर बना सकते है।

## पंजाब लोक कांग्रेस ने जारी की 22 प्रत्याशियों की सूची

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़।

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पंजाब लोक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन अमरिंदर सिंह ने विधानसभा चुनाव के लिए 22 प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। खुद अमरिंदर सिंह अपनी पैतृक सीट पटियाला शहरी से चुनाव लड़ेंगे। रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में अमरिंदर सिंह ने कहा कि भाजपा के साथ सीट आवंटन के मुद्दे पर कोई सहमति नहीं हुई है। आने वाले दिनों में फाइनल सूची आने के बाद ही सीटों की संख्या तय होगी। उनकी पार्टी करीब-करीब 37 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। आज जिन सीटों पर प्रत्याशियों का ऐलान किया गया उनमें माझा में दो, दोआबा में तीन तथा मालवा में 17 सीट शामिल हैं। आज घोषित किए गए प्रत्याशियों पर आठ जाट सिख,चार अनुसूचित जाति, तीन अन्य पिछड़ा वर्ग, पांच हिन्दू चेहरे शामिल हैं। जिनमें तीन पंडित और दो अग्रवाल हैं।

अमरिंदर सिंह ने बताया कि शिरोमणि अकाली दल की पूर्व विधायक फरजाना आलम खान को मलेरकोटला से प्रत्याशी बनाया गया है। वह पूर्व डीजीपी इजहार आलम खान की पत्नी हैं। अमरेन्द्र सिंह स्वयं अपने गृह क्षेत्र पटियाला शहर से चुनाव लड़ेंगे। पटियाला के वर्तमान मेयर संजीव शर्मा उर्फ बिट्टू शर्मा को पटियाला ग्रामीण, पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव, पंजाब सहकारी बैंक के भूतपूर्व चेयरमैन और पी.एल.सी. के इंचार्ज महासचिव (संगठन) कमलदीप सैनी खरड़, जिला कांग्रेस कमेटी लुधियाना के पूर्व अध्यक्ष और पी.एल.सी. के वर्तमान जिला अध्यक्ष जगमोहन शर्मा लुधियाना पूर्वी, अकाली दल सरकार में सहकारिता मन्त्री के पुत्र सतिंदरपाल सिंह ताजपुरी को लुधियाना दक्षिण सीट से प्रत्याशी बनाया गया है।

### पटियाला शहरी विधान सभा क्षेत्र से लड़ेंगे कैप्टन अमरिंदर सिंह

## बोस के आदर्श और बलिदान से युगों तक प्रेरित होता रहेगा युवा वर्ग: रुबल शर्मा

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने भी नेताजी को किया नमन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारतीय** जनता युवा मोर्चा द्वारा खेड़ी मारकंडा में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। भारी बरसात और सर्दी की चुनौती के बावजूद युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलेभर में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि दी। आजाद हिन्द फौज का तराना गाकर सैल्यूट बोस बोलकर नेताजी को नमन किया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा ने भी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किए। रुबल शर्मा ने कहा कि देश मे पहली बार भाजपा पार्टी द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की याद में पराक्रम दिवस मनाने की शुरूआत हुई है जो सराहनीय है। बीजेवाईएम जिलाध्यक्ष रूबल शर्मा ने देश के पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा लगाने का स्वागत किया।



भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राहुल राणा और जिलाध्यक्ष रुबल शर्मा नेताजी सुभाषचंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों को न्योछावर करने वालों को उचित सम्मान नहीं दिया यही कारण है कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के संघर्ष और आजाद हिन्द फौज के अनगिनत क्रांतिकारी वीर गुमनामी के अंधेरे में छिप गए।

### भिवानी में नप चुनाव में लड़ाई होगी मंडल व कमंडल की: राजेंद्र तंवर

**भिवानी।** हाऊसिंग बोर्ड परिसर में एससी व बीसी वर्ग के संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अपना समाज मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र तंवर ने की।

इस मौके पर आगामी नगर परिषद चुनाव व एससी वर्ग की कम की गई आरक्षित सीटों बारे विचार-विमर्श किया गया तथा आगामी छह फरवरी को बाबा नत्थुनाथ मंदिर में भिवानी शहर के सभी एससी व बीसी वर्ग के संगठन मिलकर मीटिंग करेंगे तथा नगर परिषद के चेयरमैन व पार्षद चुनाव की रूपरेखा तैयार की जाएगी। तंवर ने कहा कि पिछली बार भी नगर परिषद के चेयरमैन की सीट एससी वर्ग के लिए आरक्षित की गई थी। लेकिन भिवानी वर्ग के कुछ लोगों ने सरकार पर दबाव डालकर उसको जनरल में बदल दी गई।

## मिरदवाना जोहड़ में हजारों की संख्या में मिली मरी हुई मछलियां

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

ढ़ाणा रोड पर स्थित मिरदवाना जोहड़ इन दिनों गंदगी से अटा पड़ा है। आलम यह है कि यहां आस-पास रहने वाले नागरिकों का तो जीन दूभर है ही साथ-साथ ही इस क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को भी सांस रोककर यहां से गुजरना पड़ रहा है।

स्थिति बद से बदत्तर तब बनी जब इस जोहड़ में हजारों की संख्या में मरी हुई मछलियां मिली, जिससे इस पूरे क्षेत्र का माहौल बदबूमय होने के साथ-साथ यहां के लोगों को महामारी फैलने का भय सताने लगा है। मिरदवाना जोहड़ क्षेत्र में मरी हुई मछलियां मिलने के बाद आज रविवार को इस क्षेत्र के निवासियों ने उपायुक्त व नगर परिषद चेयरमैन को इस समस्या से अवगत करवाया, जिसके बाद नगर परिषद के उपप्रधान मामनचंद ने मौके पर पहुंचकर स्थिति



का जायजा लिया तथा समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सैनी ने बताया कि एक तरफ तो सरकार व प्रशासन जोहड़ों का जीर्णोद्धार कर उन्हे पर्यटक स्थल बनाने की योजना बनाते रहते है, वही दूसरी तरफ शहर के सबसे पुराने जोहड़ों में शामिल मिरदवाना जोहड़ सरकार व प्रशासन की अनदेखी की मार झेल रहा है। उन्होंने नप उपप्रधान से मांग की की कि इस जोहड़ की सफाई करवाई जाए, ताकि लोग यहां चैन से जीवन यापन कर सकें।

राजस्थान की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
भवानी शंकर शर्मा
निवासी एम -33, इनकम टैक्स कॉलोनी टोंक रोड दुर्गापुर, जयपुर (राजस्थान) पिन कोड 302018
मोबाइल नंबर-7878877419




## अब नई दिल्ली में चाय सुट्टा बार के नए स्टोर की हुई शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**चाय** सुट्टा बार ने दिल्ली शहर में एक और नई शाखा की शुरूआत की है। अब दिल्ली के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चमत्कारों से भरे इस शहर में कुल्हड़ की चाय का लुत्फ ले सकेंगे। नई दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर में नए स्टोर का भव्यता के साथ शुरूआत की गई है। यह क्षेत्र रणनीतिक है क्योंकि यह प्रमुख रोडवेज से जुड़ा हुआ है और शहर के वाणिज्यिक केंद्र के रूप में एक प्रसिद्ध कैटेजिक है।

चाय सुट्टा बार के सह-संस्थापक अनुभव दुबे ने लॉन्चिंग के दौरान कहा कि भगवान की अद्भुत आशीर्वाद से चाय सुट्टा बार ने लोगों के दिलो में एक प्यारी सी जगह छोड़ दी है। जिन्होंने अपनी गर्मजोशी और चमचमाती मुस्कराहट के साथ स्टोर का स्वागत किया। लोगों के प्यार और दीवानगी से हाल ही में एचआर गबरू, जिसमें कुछ स्थानीय सितारों को दिखाया गया था चाय सुट्टा बार का गान जारी किया।

अनुभव दुबे ने बताया कि कंपनी प्रतिदिन 3 लाख से अधिक कुल्हड़ का उपयोग करती है और 1500 से अधिक कुम्हार परिवारों का समर्थन करती है। यह कमजोर वर्गों पर विशेष जोर देने के साथ समाज के विविध वर्ग के 500 से अधिक लोगों को भी रोजगार देता है। ब्रांड की भावपूर्ण चाय को पूरे भारत में 225 प्लस आउटलेट के साथ 110 से अधिक शहरों में वितरित किया गया है और कुछ नाम दुबई और ओमान सहित देशों में भी हैं।

हम अपने कुल्हड़ चाय के बारे में प्रचार करने के मिशन पर हैं और लोगों को इसे विश्व स्तर पर आजमाने के लिए और कुल्हड़ के माध्यम से भारत की मिट्टी की सुगंध को अपने हर घूंट में चखें। कार्यक्रम में चाय सुट्टा बार के संस्थापक अनुभव दुबे ने कहा कि सिद्धांत उत्कृष्ट ग्राहक सेवा और एक उत्कृष्ट अनुभव देना है। हमारा लक्ष्य सीएसबी को लोगों की खेती के लिए समर्पित एक वैश्विक ब्रांड के रूप में विकसित करना है। खुशी, दोनों व्यक्तियों और समग्र रूप से समाज को लाभान्वित करना। हम दिल्ली में अपनी नई लोकेशन के साथ बहुत आगे बढ़ने की उम्मीद करते हैं और चाई और चुस्की के साथ चाय का जश्न मनाते हैं।

### एतिहासिक चमत्कारी इस शहर में लें सकेंगे चाय सुट्टा बार का मजा

## बायजूस के विशेषज्ञ की सलाह, गेट की तैयारी में क्या करें और क्या न करें

### बायजूस के सीनियर फैकल्टी संजय राठी ने कहा, गेट की परीक्षा में एक महीना बचा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**विश्व** की अग्रणी एडटेक कंपनी और भारत की सबसे पसंदीदा स्कूल लर्निंग ऐप की निर्माता, बायजूस ने भारत के अग्रणी गेट ट्रेनर्स द्वारा तैयार किया गया एक अत्यंत अनुकूल, रोचक और प्रभावी लर्निंग प्रोग्राम पेश किया है। बायजूस एक्जाम प्रेप उच्चतम गुणवत्ता के अध्यापन, कंटेन्ट और गहन चर्चाओं की पेशकश करता है, ताकि आकांक्षी स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग की इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हों, जो 5,



6, 12 और 13 फरवरी 2022 को होने वाली है।

भूतपूर्व आईईएस ऑफिसर और बायजूस में बायजूस एक्जाम प्रेप के सीनियर फैकल्टी, संजय राठी ने कहा की, गेट (ग्रेजुएट एप्टिट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) इंजीनियरिंग और साइंस में स्टूडेंट्स के अंडर ग्रेजुएट लेवल के विषयों पर उनके ज्ञान और समझ को परखने का बिलकुल सटीक तरीका है। आकांक्षी स्टूडेंट्स को स्मार्ट रणनीति, पैनी योजना और सही तकनीक चाहिए, ताकि वे इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफल हो सकें। अंतिम समय के टिप्स, जैसे कि क्या करें और क्या नही करें, परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों की रणनीति को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिसकी आखिरकार बेहतर परिणामों के साथ सफल होने में निर्णायक भूमिका होती है।

आकांक्षी स्टूडेंट्स की कठिनाइयों को आसान बनाने और तैयारी के दौरान उन्हें तनाव से मुक्त करने के लिये क्या करें और क्या नही करें पर गेट-2022 में सफल होने के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव नीचे दिए जा रहे हैं।

बसपा ने प्रियंका गांधी पर साधा निशाना

# उत्तर प्रदेश में कांग्रेस वोट कटवा पार्टी: मायावती

**एजेंसी।** लखनऊ



**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने रविवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश में वोट कटवा पार्टी है। मायावती ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस की हालत इतनी खराब है कि मुख्यमंत्री की उम्मीदवार ने कुछ ही घंटों में अपना इरादा बदल लिया।

पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी प्रियंका गांधी द्वारा उनपर चुनाव में निष्क्रिय रहने का आरोप लगाए जाने के एक दिन बाद निशाना साधा। मायावती ने ट्वीट किया उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हालत इतनी ज्यादा खस्ताहाल है कि पार्टी की मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार ने कुछ घंटों के भीतर ही अपना स्टैंड बदल डाला है। ऐसे में बेहतर होगा कि लोग कांग्रेस को वोट देकर अपना वोट बर्बाद ना करें, बल्कि एकतरफा तौर पर बसपा को ही वोट दें।

मायावती ने एक और ट्वीट में दावा किया, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस जैसी पार्टियां लोगों की नजर में वोट काटने वाली पार्टियां हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को उत्तर प्रदेश की सत्ता से बाहर करके यहां सर्व समाज के हित में और उनके जाने-परखे नेतृत्व वाली सरकार की जरूरत है, जिसमें बसपा का स्थान वास्तव में नम्बर-एक पर है।

प्रियंका गांधी ने शनिवार को एक साक्षात्कार में बसपा प्रमुख के चुनाव प्रचार में निषक्रिय रहने का आरोप लगाते हुए कहा था, मैं बहुत हैरान हूं कि चुनाव शुरू हो गया है और हम बीच चुनाव में हैं लेकिन उन्होंने (मायावती) चुप्पी साध रखी है, यह मेरी समझ के बाहर है। नई दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय में दो दिन पहले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए युवाओं को लेकर घोषणापत्र जारी करने के दौरान पत्रकारों ने जब प्रियंका गांधी से पूछा कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा तो उन्होंने कहा, क्या आपको उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की तरफ से कोई और चेहरा दिख रहा है? बाद में एक साक्षात्कार में प्रियंका ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सिर्फ वह ही अपनी पार्टी का चेहरा नहीं हैं।

## उप्र चुनाव: बसपा के प्रचारकों की सूची में मायावती और भाई समेत 18 नेता शामिल

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण में अपने उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के लिए बसपा प्रमुख मायावती, उनके भाई आनन्द कुमार और पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा समेत 18 नेताओं की सूची जारी की है। बसपा के स्टार प्रचारकों की सूची में मायावती, आनन्द कुमार, सतीश चंद्र मिश्रा के अलावा मुनकाद अली, समसुद्दीन राईन, सतपाल पिपला, गोरेलाल जाटव, राज कुमार गौतम, सूरज सिंह जाटव, आशीर्वाद आर्या, नकुल दुबे, प्रदीप जाटव, प्रताप सिंह बघेल, दिनेश कुमार काजीपुर, डॉक्टर कमल सिंह राज, करतार सिंह नागर, चांद सिंह कश्यप और सत्य प्रकाश के नाम शामिल हैं।

# देश में चार करोड़ लोगों को गरीबी में धकेला गया : राहुल गांधी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राहुल गांधी ने ट्विटर पर कहा, सिर्फ हमारे दो के लिए विकास हो रहा है, चार करोड़ का नहीं**

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि देश में चार करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी में धकेला गया है। सिर्फ हमारे दो के लिए विकास किया गया है। गांधी ने ट्विटर पर कहा, सिर्फ हमारे दो के लिए विकास हो रहा है जबकि हमारे 4,00,00,000 (चार करोड़) भाइयों और बहनों को गरीबी में धकेला गया है।

उन्होंने हैशटैग बीजेपी फेल इंडिया का इस्तेमाल करते हुए कहा, इन 4,00,00,000 (चार करोड़) में से हरेक वास्तविक व्यक्ति है, न कि सिर्फ एक संख्या है। इन 4,00,00,000 में हर कोई बेहतर का हकदार है। इन 4,00,00,000 में से हर कोई भारत है।

ऑक्सफैम की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कांग्रेस नेता ने एक ग्राफिक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दो शीर्ष उद्योगपतियों की संपत्ति 2021 के दौरान अरबों डॉलर बढ़ी है जबकि 2020 से महामारी के दौरान भारत में चार करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा के नीचे चले गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शामली में बारिश के बाद छत ढहने से चार लोगों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में बारिश के बाद एक घर की छत ढह जाने की घटना में एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार को गढ़ी हसनपुर गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस दौरान हुए नुकसान का आकलन करने के लिए एक राजस्व दल घटनास्थल पहुंचा।

### जंगली सूअरों को पकड़ने के आरोप में तीन किसानों पर जुर्माना

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के शेरपुर गांव में जंगली सूअरों को पकड़ने के आरोप में वन विभाग ने तीन किसानों पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वन अधिकारी कुलदीप सिंह ने कहा कि शनिवार को खेतों से जंगली सूअरों को अवैध रूप से पकड़ने के आरोप में किसानों पर यह जुर्माना लगाया गया है। हालांकि, भारतीय किसान यूनियन के नेता मांगेराम त्यागी ने जुर्माना लगाए जाने का विरोध किया और तर्क दिया कि जंगली सूअरों से किसानों की फसल को होने वाले नुकसान के मद्देनजर उन्हें (जंगली सूअरों को) पकड़ना जरूरी था। उन्होंने वन विभाग से किसानों का उत्पीड़न करना बंद करने को कहा।

### सेवानिवृत्त न्यायाधीश केएल मंजूनाथ का निधन

**बेंगलुरू।** उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति केएल मंजूनाथ का रविवार तड़के उनके आवास पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 68 साल के थे। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने न्यायमूर्ति मंजूनाथ के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मंजूनाथ का जन्म 21 अप्रैल, 1953 को हुआ था। सितंबर 1974 में एक अधिवक्ता रूप में कर्नाटक उच्च न्यायालय में उन्होंने वकालत की शुरूआत की थी। उन्हें दिसंबर 2000 में कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया और अक्टूबर 2001 में स्थाई न्यायाधीश बने।बोम्मई ने न्यायमूर्ति मंजूनाथ के कामाक्षीपाल्य स्थित आवास का दौरा किया और उनके पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बोम्मई ने अपने शोक संदेश में कहा कि न्यायमूर्ति मंजूनाथ बहुत अच्छे अधिवक्ता थे। बोम्मई ने कहा, एडवोकेट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, कर्नाटक नदी जल और सीमा विवाद प्राधिकरण के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के रूप में उनकी सेवाएं सराहनीय रही हैं।

### दिल्ली और वाराणसी के बीच चलेगी दिव्य काशी यात्रा ट्रेन

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पर्यटकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर दिव्य काशी यात्रा ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गुजरात के सोमनाथ में नए सर्किट हाउस के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बताया था कि दिव्य काशी यात्रा के लिए एक विशेष ट्रेन दिल्ली से शुरू होने जा रही है। आईआरसीटीसी के जनसंपर्क अधिकारी आनंद झा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस ट्रेन को चलाए जाने के संबंध में शुक्रवार को घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि वाराणसी में पर्यटकों की बढ़ती मांग के मद्देनजर दिव्य काशी यात्रा ट्रेन चलाई जा रही है, जिसका वाणिज्यिक संचालन दिल्ली से काशी के लिए 22 मार्च से होगा। उन्होंने बताया कि ट्रेन में प्रथम और द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी में कुल 156 सीट होंगी। उन्होंने बताया कि आईआरसीटीसी यात्रियों के लिए चार रात और पांच दिन का यात्रा पैकेज उपलब्ध कराएगा, जिसमें खाना, रहना और वाराणसी के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर घूमना शामिल है।

### तमिलनाडु के सीएम ने नेताजी सुभाष चंद्र को श्रद्धांजलि दी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्हें देशभक्ति का प्रतीक बताया। स्टालिन ने ट्वीट किया, भारत में लाखों लोगों के लिए देशभक्ति के प्रतीक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि। उनकी प्रसिद्धि सूर्य की किरणों की तरह पूरे देश में व्याप्त है। आइए, उनके द्वारा फैलाए गए देशभक्ति के प्रकाश के साथ आगे बढ़ें। स्वास्थ्य मंत्री एम. सुब्रमण्यम ने यहां मरीना समुद्र तट पर सुभाष चंद्र बोस की आदमकद प्रतिमा के पास लगाई गई तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नेताजी बंगाल के शेर और देश के लौह पुरुष थे। वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने बोस की जयंती के मौके पर आयोजित आधिकारिक कार्यक्रम में भाग लिया।

### नेताजी भारत की ही तरह सिंगापुर के इतिहास का हिस्सा है

**सिंगापुर।** सिंगापुर के प्रसिद्ध लेखक असद लतीफ ने स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर रविवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि नेताजी सिंगापुर के इतिहास का उतना ही अहम हिस्सा हैं, जितना भारत के इतिहास में उनका योगदान है। लतीफ ने भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कहा, बोस द्वारा भारतीय स्वतंत्रता लीग और आजाद हिंद फौज (आईएनए) के पुनरोद्धार से वास्तव में मलया (दक्षिण एशिया के मलय प्रायद्वीप में ऐतिहासिक राजनीतिक संगठन) लोक राजनीति का आगमन हुआ क्योंकि उन्होंने मजदूरों के साथ काम किया और उनमें सम्मान के दुलर्भ भाव को जगाया। सिंगापुर में नेताजी की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लतीफ ने कहा, उन्होंने भारत और सिंगापुर दोनों जगह साम्राज्यवादी पकड़ को नष्ट किया। रैफल्स (सिंगापुर के संस्थापक सर स्टैनफोर्ड रैफल्स) के विपरीत नेताजी भारत की तरह सिंगापुर के इतिहास का भी हिस्सा हैं। नेताजी इन द इंडियन मेकिंग ऑफ सिंगापुर किताब पर प्रस्तुति देते हुए लतीफ ने कहा, रोचक तथ्य है कि 1867 तक भारतीय सरकार के बंदरगाहों में कलकत्ता के बाद दूसरा स्थान सिंगापुर बंदरगाह का था। संक्षेप में कहें, तो सिंगापुर औपनिवेशिक भारत का विस्तार था। उन्होंने कहा, सिंगापुर के निर्माण में भारतीयों का प्रभाव अमिट है। लतीफ ने रेखांकित किया कि ब्रिटिश राज ने औपनिवेशिक सिंगापुर का निर्माण लंदन के बजाय कोलकाता से किया था। कोलकाता में जन्मीं और सिंगापुर में रह रहीं लेखिका नीलांजना सेनगुप्ता ने भी नेताजी की सिंगापुर में भूमिका पर प्रकाश डाला और रेखांकित किया।

# सामूहिक दुष्कर्म में नाबालिग सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी।** मुंबई



**मुंबई पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अब तक चार पकड़े**

**मुंबई** के पूर्वी उपनगर गोवंडी इलाके में महिला के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि शनिवार तड़के 19 वर्षीय महिला के साथ चार लोगों ने दुष्कर्म किया।

शिवाजी नगर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया, दो आरोपियों को शनिवार देर रात पकड़ा गया था जबकि नाबालिग आरोपी को गोवंडी से एवं दूसरे आरोपी को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी के साथ पुलिस अबतक मामले में दो नाबालिग सहित चार लोगों को पकड़ चुकी है। उन्होंने बताया कि दो आरोपियों की पहचान साजिद मलिक और रमजान कुरैशी के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत के मुताबिक पीड़ित महिला केटरर (खानपान प्रबंधन) का काम करती है और जब वह काम कर घर लौट रही थी तभी आरोपियों में से एक उसके पास पहुंचा और कहा कि वह काम के सिलसिले में बात करना चाहता हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी महिला को झुग्गी बस्ती में बने एक कमरे में ले गए जहां पर उसने और उसके दोस्तों ने महिला से कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज किया और आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमें बनाई।

## कोविड-19: केरल में रविवार को लॉकडाउन लागू

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू एक दिवसीय लॉकडाउन रविवार को प्रभावी हो गया और इस दौरान केवल आपात सेवाओं को ही कार्य करने की मंजूरी दी गई है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा करने के लिए बृहस्पतिवार को उच्च स्तरीय बैठक में फैसला किया गया था कि 23 और 30 जनवरी को केवल आपात सेवाओं को ही मंजूरी दी जानी चाहिए।

बैठक में इन दो रविवार पर आवश्यक वस्तुओं जैसे दूध, अखबार, मछली, मांस, फल, सब्जी और किराना की बिक्री करने वाली दुकानों को सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक खोलने की अनुमति दी गई। फैसले के मुताबिक, इस दौरान निजी वाहनों पर रोक रहेगी। सरकार के अनुसार, जिन यात्रियों हवाई अड्डे जाना है या जिन्होंने पहले ही पर्यटन स्थलों पर जाने की टिकट बुक करा ली हैं, उन्हें टिकट आदि जरूरी दस्तावेज जांच चौकियों पर तैनात पुलिस अधिकारियों को दिखाकर यात्रा करने की अनुमति होगी।

# कोविड-19 के आगामी 14 दिन में चरम पर पहुंचने की संभावना: आईआईटी विश्लेषक

**14 जनवरी से 21 जनवरी के बीच आर-वैल्यू 1.57 दर्ज की गई**

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** में कोरोना वायरस संक्रमण फैलने की दर बताने वाली आर-वैल्यू 14 जनवरी से 21 जनवरी के बीच और कम होकर 1.57 रह गई है। देश में संक्रमण की तीसरी लहर के आगामी पखवाड़े में चरम पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मद्रास के प्रारंभिक विश्लेषण में यह जानकारी दी गई।

आर-वैल्यू बताती है कि एक व्यक्ति कितने लोगों को संक्रमित कर सकता है। यदि यह दर एक से नीचे चली जाती है तो यह माना जाता है कि वैश्विक महामारी समाप्त हो गई है। आईआईटी मद्रास के साथ साझा किए गए विश्लेषण के अनुसार, 14 जनवरी से 21 जनवरी के बीच आर-वैल्यू 1.57 दर्ज की गई, जो सात से 13 जनवरी के बीच 2.2, एक से छह जनवरी के बीच चार और 25 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच 2.9 थी।

प्रोफेसर नीलेश एस उपाध्याय और प्रोफेसर एस सुंदर की अध्यक्षता में आईआईटी मद्रास के गणित विभाग और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर कम्प्यूटेशनल मैथमैटिक्स एंड डेटा साइंस ने कम्प्यूटेशनल मॉडलिंग के जरिए प्रारंभिक विश्लेषण किया। आंकड़ों के अनुसार, मुंबई की आर-वैल्यू 0.67, दिल्ली की आर-वैल्यू 0.98, चेन्नई की आर-वैल्यू 1.2 और कोलकाता की आर-वैल्यू 0.56 है। आईआईटी मद्रास के गणित विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. जयंत झा ने बताया कि मुंबई और कोलकाता की आर-वैल्यू दर्शाती है कि वहां महामारी का चरम समाप्त हो गया है, जबकि दिल्ली और चेन्नई में यह अब भी एक के करीब है। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर के नए दिशानिर्देशों के अनुसार संक्रमितों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है।

# सपा के स्टार प्रचारक में मुलायम, अखिलेश के साथ मौर्य का भी नाम

**यूपी चुनाव में सपा ने की पहले चरण के लिए प्रचारकों की सूची जारी**

**एजेंसी।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने के लिए पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत 30 प्रचारकों की सूची जारी की है। जिनमें हाल ही भाजपा से इस्तीफा देकर आए स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम भी शामिल हैं।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से सपा के प्रचारकों की सूची अनुमोदित होने के बाद रविवार को जारी हुई जिसमें मुलायम और अखिलेश समेत 30 नेताओं के नाम शामिल हैं। पहले चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 11 जिलों में 10 फरवरी को मतदान होगा। सपा के प्रचारकों की सूची में दो मुस्लिम नेताओं के नाम शामिल हैं। पार्टी के स्टार प्रचारक रहे रामपुर के सांसद आजम खान का नाम उनके जेल में होने की वजह से इस सूची में शामिल नहीं है।विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अहमद हसन और सपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष अबू आसिम आजमी का भी नाम इसमें शामिल नहीं है। अबू आसिम आजमगढ़ जिले के मूल निवासी हैं और उत्तर प्रदेश में पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी सक्रियता दिखती रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने अपनी नई रणनीति के तहत मुस्लिम समर्थक छवि से बचने के लिए यह प्रयोग किया है।

सपा की सूची में हाल ही में भाजपा सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री पद से इस्तीफा देकर सपा में शामिल हुए स्वामी प्रसाद मौर्य को भी जगह मिली है, लेकिन मंत्री पद से इस्तीफा देकर सपा में शामिल होने वाले दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी को यह अवसर नहीं मिला। सपा के एक नेता ने बताया कि अहमद हसन अस्वस्थ हैं।

## आर्थिक समीक्षा एक खंड में आने की संभावना

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय वर्ष 2021-22 की आर्थिक समीक्षा (इकनॉमिक सर्वे) को एक खंड में जारी कर सकता है और इसमें अगले वित्त वर्ष के लिए लगभग नौ प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जताया जा सकता है। आम बजट से पहले वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किए जाने वाली समीक्षा को मुख्य आर्थिक सलाहकार की अनुपस्थिति में प्रधान आर्थिक सलाहकार और अन्य अधिकारी तैयार कर रहे हैं।

परंपरागत रूप से इस दस्तावेज को सीईए की अगुवाई में तैयार किया जाता है। हालांकि, जुलाई 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार की पहली आर्थिक समीक्षा को वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार इला पटनायक ने तैयार किया था और इसे तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने संसद में पेश किया था। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में रघुराम राजन की नियुक्ति के बाद उस समय सीईए का पद खाली था। बाद में अरविंद सुब्रमण्यम अक्टूबर, 2014 में सीईए नियुक्त हुए। केवी सुब्रमण्यम ने पिछले साल छह दिसंबर को सीईए के रूप में अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया।

# रूस यूक्रेन की सरकार को बदलना चाहता है: ब्रिटेन

**एजेंसी।** लंदन



**ब्रिटेन** ने रूस पर आरोप लगाया है कि वह यूक्रेन की सरकार को मास्को समर्थित प्रशासन से बदलना चाहता है और कहा कि यूक्रेन के पूर्व सांसद एवेनी मुराएव को इसके लिए संभावित उम्मीदवार माना जा रहा है।

मुराएव रूस समर्थक छोटी पार्टी नाशी के प्रमुख हैं, जिसके पास वर्तमान में यूक्रेन की संसद में कोई सीट नहीं है। ब्रिटेन के विदेश कार्यालय ने यूक्रेन के कई अन्य नेताओं का नाम लिया, जिनके बारे में कहा गया कि उनके रूसी खुफिया सेवाओं के साथ संबंध रहे हैं।

ब्रिटेन की सरकार ने यह दावा एक खुफिया आकलन के आधार पर किया है लेकिन इसके समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया है। ब्रिटेन ने यह आरोप ऐसे वक्त में लगाए हैं जब रूस और पश्चिमी देशों के बीच यूक्रेन को लेकर तनाव चल रहा है। विदेश मंत्री लिज ट्रस ने कहा कि ये जानकारी यूक्रेन का विनाश करने के इरादे से की जा रही रूसी गतिविधि पर प्रकाश डालती है और क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) की सोच को दर्शाती है।

ब्रिटेन ने संभावित रूसी हमले से यूक्रेन की रक्षा को मजबूत करने के प्रयासों के तहत वहां टैंक रोधी हथियार भेजे हैं। यूक्रेन संकट को कम करने के राजनयिक प्रयासों के बीच, मास्को में वार्ता के लिए ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस के रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मिलने की उम्मीद है। बैठक के लिए कोई समय नहीं दिया गया है। यह 2013 के बाद पहली ब्रिटेन-रूस द्विपक्षीय रक्षा वार्ता होगी।

# मुखर्जी आयोग ने अस्थियों की डीएनए जांच की मंजूरी की नजरअंदाज: नेताजी की परिजन

महान स्वतंत्रता सेनानी के भाई शरत बोस की पोती माधुरी बोस ने ऐसा कहा


**पूछा, पहले सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया या डीएनए जांच क्यों नहीं की गई**

**एजेंसी।** कोलकाता

**तोक्यो** स्थित रेनकोजी मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा जापानी भाषा में 2005 में भारत सरकार को लिखे गए एक पत्र के हालिया अनुवाद से पता चला है कि न्यायमूर्ति एमके मुखर्जी आयोग को उन अस्थियों की मदद से डीएनए जांच की अनुमति दी गई थी। जिसके कलश के संरक्षण की जिम्मेदारी पुजारी के पास थी। ऐसा माना जाता है कि इस कलश में बोस की अस्थियां हैं।

कोई कारण बताए बिना पत्र के इस हिस्से का अनुवाद नहीं किया गया था। बोस के लापता होने पर न्यायमूर्ति मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट के साथ साक्ष्य के तौर पर एक अंग्रेजी संस्करण संलग्न किया गया था कि जिसमें लिखा था मंदिर अधिकारियों के मौन रहने के कारण... आयोग (डीएनए जांच के मुद्दे पर) आगे नहीं बढ़ सका। आयोग ने बाद में इसका उपयोग यह निष्कर्ष निकालने के लिए किया कि ये अस्थियां नेताजी की नहीं थीं, जिससे इन अटकलों को बल मिलता है कि वह हादसे में बच गए और एक संन्यासी बन गए या रूस की जेल में उन्हें कैदी के रूप में रखा गया।

महान स्वतंत्रता सेनानी के भाई शरत बोस की पोती माधुरी बोस ने कहा, मुखर्जी आयोग की रिपोर्ट में विसंगतियां पाए जाने और न्यायमूर्ति मुखर्जी की जांच रिपोर्ट के आधिकारिक अंग्रेजी संस्करण से जापानी भाषा में लिखे पत्र के कई पैराग्राफ नहीं मिलने के बाद हमने हाल में इनका फिर से नया अनुवाद शुरू किया। जापानी भाषा के एक विशेषज्ञ के नए अनुवाद से पता चलता है कि पत्र के छोड़े गए अंश में 427 वर्ष पुराने बौद्ध मंदिर रेनकोजी मंदिर के मुख्य पुजारी निचिको मोचिजुकी ने लिखा था, मैं जांच में अपना सहयोग देने के लिए सहमत हूं। पिछले साल (2004) में (जापान के लिए भारतीय राजदूत) (एमएल) त्रिपाठी के साथ बैठक में इसी पर सहमति बनी थी। इस अनुवाद को स्वतंत्र रूप से प्रमाणित नहीं किया जा सका है। राष्ट्रमंडल सचिवालय और संयुक्त राष्ट्र में काम कर चुकीं माधुरी बोस ने बोस बंधुओं पर किताबें भी लिखी हैं। उन्होंने कहा, हमें समझ नहीं आता कि इस अनुमति को पहले सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया या डीएनए जांच क्यों नहीं की गई। मुखर्जी आयोग ने 2006 में संसद में अपनी रिपोर्ट पेश की थी। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला था कि आजाद हिंद फौज में बोस के करीबी विश्वासपात्रों सहित चश्मदीदों के बयान के उलट बोस की मृत्यु विमान दुर्घटना में नहीं हुई थी और यह भी कहा गया था कि जापान के मंदिर में मिली अस्थियां नेताजी की नहीं हैं। आजाद हिंद फौज के कर्नल हबीब-उर-रहमान सहित चश्मदीदों ने कहा था कि बोस की मृत्यु अगस्त 1945 में ताइपे में एक विमान दुर्घटना में हुई थी।



## ममता ने नेताजी को दी श्रद्धांजलि



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कहा कि यह दिन राज्य भर में देश नायक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने केंद्र से नेताजी की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की दोबारा अपील की। ममता ने ट्वीट किया, देशनायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि। एक राष्ट्रीय और वैश्विक प्रतीक के तौर पर बंगाल से नेताजी का उदय भारतीय इतिहास में अद्वितीय है। उन्होंने लिखा, हम फिर से केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि नेताजी के जन्मदिन को राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए ताकि पूर देश में राष्ट्रीय नेता को श्रद्धांजलि दी जा सके और देशनायक दिवस मनाया जा सके।

## बोस ने मातृभूमि के लिए नि:स्वार्थ समर्पण का परिचय दिया: उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने रविवार को सुभाष चंद्र बोस को उनकी 125वीं जयंती पर श्रद्धाजंलि दी। कहा कि नेताजी ने मातृभूमि के लिए नि:स्वार्थ समर्पण का परिचय दिया। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने नायडू के हवाले से ट्वीट किया, हम राष्ट्र की नि:स्वार्थ सेवा के प्रति नेताजी के अदम्य साहस का सम्मान करते हुए इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हैं। राष्ट्र स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बोस का ऋणी है।

## देश के लिए नेताजी के महत्वपूर्ण योगदान पर हर भारतीय को गर्व: मोदी


**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रविवार को कहा कि हर भारतीय को देश के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, मैं नेताजी सुभाष चंद्र बोस को उनकी जयंती पर नमन करता हूं। हर भारतीय को हमारे देश के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान पर गर्व है।

## जापान के पूर्व प्रधानमंत्री आबे को नेताजी पुरस्कार-2022 दिया गया

**कोलकाता।** नेताजी रिसर्च ब्यूरो ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे को नेताजी पुरस्कार 2022 से रविवार को सम्मानित किया। कोलकाता में जापान के महावाणिज्य दूत नाकामुरा युताका ने आबे की तरफ से यह सम्मान प्राप्त किया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर उनके एल्गिन रोड स्थित आवास पर एक कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया।

# कर्नाटक में100 फीसदी पात्र आबादी को कोविड टीके की पहली खुराक लगी: सुधाकर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक ने रविवार को अपनी शत-प्रतिशत पात्र आबादी को कोविड रोधी टीके की पहली खुराक लगाने की उपलब्धि हासिल कर ली।



कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ के. सुधाकर ने यह जानकारी दी है। सुधाकर ने यह भी दावा किया कि कर्नाटक देश में यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला राज्य बन गया है। सुधाकर ने ट्वीट किया, हमने यह कर दिया। शत प्रतिशत लोगों को पहली खुराक लगाने की उपलब्धि हासिल करने में ठीक एक साल और सात दिन लगे। कर्नाटक देश (चार करोड़ से ज्यादा वयस्क आबादी) में यह कमाल हासिल करने वाला पहला राज्य बन गया है। सभी स्वास्थ्य कर्मियों और जिला प्रशासन की इस उपलब्धि के लिए तारीफ की जानी चाहिए।

# पहले अपराधियों को संरक्षण मिलता था अब होती है कार्रवाई : योगी

*मुख्यमंत्री ने साहिबाबाद व गाजियाबाद विधानसभा में प्रबुद्ध वर्ग से किया संवाद, बाल्मीकि बस्ती में जाकर मांगे वोट*

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

रविवार को शहर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले की दो प्रमुख विधानसभा साहिबाबाद व गाजियाबाद में अलग-अलग कार्यक्रमों में प्रबुद्ध वर्गों से सीधे संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने बाल्मीकि कॉलोनी में घर-घर जाकर वोट भी मांगे। साहिबाबाद विधानसभा से सुनील शर्मा तथा गाजियाबाद विधानसभा से राज्यमंत्री अतुल गर्ग भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने अपने संबोधन में समाजवादी पार्टी व अपनी सरकार के कार्यकाल के फर्क को लोगों को समझाया। उन्होंने कहा कि पहले आतंकवादियों, अपराधियों,दंगाइयों व पलायन कराने वालों को संरक्षण दिया जाता था। उन्हें गले लगाया जाता था, उनके मुकदमे वापस लिए जाते थे, लेकिन उनकी सरकार में अपराधियों को सींखचों के पीछे डाला गया। बेटियों की अस्मितता के साथ खिलवाड़ वालों को सबक सिखाया गया। अवैध बूचड़खानों को बंद कराया गया। दंगाइयों से ऐसी वसूली की गई कि उनकी सात पुश्ते भी अब दंगा करने की हिम्मत नहीं जुटा सकेंगी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पहले दिन से ही अपराध को जीरो टॉलरेंस के साथ काम कर रही हैं जिसका नतीजा यह है कि जिन अपराधियों के डर से जनता पलायन करती थी, आज अपराधी पलायन करने को मजबूर हैं। योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में दंगों के कारण कर्फ्यू लगता था, आज विश्व स्तरीय महामारी कोरोना काल के बावजूद भी जन-जीवन सामान्य रूप से चल रहा है। जीवन और जीविका को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार व्यवस्थित ढंग से बिना किसी बाधा के काम कर रही है। प्रदेश में 25 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगवा दी गयी। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका ,चीन जैसे देशों के कोरोना के कारण लॉकडाउन लगा हुआ है, जबकि सरकार के प्रयासों से उत्तर प्रदेश में सब कुछ सामान्य चल रहा है। केवल रात्रि में 10 से तड़के तक कर्फ्यू लागू किया गया है।



बाल्मीकि बस्ती में भाजपा प्रत्याशियों के लिए घर-घर जाकर प्रचार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अखिलेश यादव के 300 यूनिट फ्री बिजली देने की घोषणा पर तंज करते हुए योगी ने कहा कि जब उनकी सरकार थी तब बिजली ही नहीं दे पाते थे, जबकि आज बिजली की कोई कमी नहीं है। सरकार सबका साथ-सबका विकास कर रही है। आज देश में उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि उनके काल में करोड़ों युवाओं को नौकरी दी गयी है और एक भी दाग सरकार पर नहीं है जबकि सपा सरकार में नौकरी निकलते ही चाचा भतीजा वसूली करने के लिए निकल पड़ते थे। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों की सेवा में लगे रहे, लेकिन चाचा भतीजे व भाई-बहन नदारद थे। जनता सब जानती है। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से अपील की की वे घर-घर जाकर वर्तमान व पूर्व की सरकार के कार्यों को जनता के समक्ष रखे और भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह, राज्यमंत्री अतुल गर्ग, विधायक सुनील शर्मा,मेयर आशा शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा समेत कई भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महापौर आशु वर्मा ने किया। इस दौरान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त थे।

## गौतमबुद्धनगर पहुंचे ऑब्जर्वर

वोटर 9289766224 नंबर पर कर सकते हैं संपर्क

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के लिए पुलिस ऑब्जर्वर की नियुक्ति कर दी है। पुलिस ऑब्जर्वर शनिवार को ग्रेटर नोएडा पहुंच गए हैं। पुलिस प्रेक्षक जिले की तीनों विधानसभा सीटों में काम करेंगे। कोई भी वोटर पुलिस ऑब्जर्वर से सम्पर्क कर सकते हैं।

गौतमबुद्धनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि सभी मतदाता निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग कर सकें, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने आईपीएस राजेंद्र कुमार मीणा को पुलिस प्रेक्षक नियुक्त किया है। पुलिस प्रेक्षक गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल गेस्ट हाउस में प्रवास कर रहे हैं। उनका मोबाइल नंबर 9289766224 है। जिला मजिस्ट्रेट ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग पुलिस प्रेक्षक जनपद की तीनों विधानसभा सीटों के लिए नियुक्त किए हैं। जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष और शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए वह काम करेंगे।

### जनपद की तीन सीटों पर 52 ने भरा नामांकन

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए पहले चरण की नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार की शाम 3:00 बजे खत्म हो चुकी है। गौतमबुद्ध नगर जिले की 3 विधानसभा सीटों के लिए 52 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किए हैं। इनमें नोएडा विधानसभा सीट के लिए सबसे ज्यादा नामांकन किए गए हैं। जबकि जेवर सीट पर सबसे कम नामांकन दाखिल हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक नोएडा सीट पर सबसे ज्यादा 23, इसके बाद दादरी सीट के लिए 16 और जेवर विधानसभा सीट के लिए 13 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किए हैं। तीनों सीटों के लिए 10 फरवरी को मतदान करवाया जाएगा।

## प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार किया तेज, डोर-टू-डोर जाकर मांगे वोट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

भारतीय जनता पार्टी नोएडा विधानसभा के प्रत्याशी पंकज सिंह कोरोना से ठीक होने के बाद रविवार को अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की। विधायक पंकज सिंह सेक्टर 62, सरस्वती शिशु मंडल के शताब्दी रेल विहार, भारत पेट्रोलियम, नीलकंठ अपार्टमेंट, आदि जगहों पर डोर टू डोर जाकर चुनाव प्रचार किया और लोगो से भाजपा के पक्ष में वोट डालने का आह्वान किया।

शताब्दी रेल विहार में लोगों को संबोधित करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार द्वारा राज्य में काफी विकास कार्य कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्य रह गया है तो उसे चुनाव बाद करा दिया जाएगा।

**कोरोना से ठीक होने के बाद विधायक पंकज सिंह भी मैदान में उतरे**

*आरडब्ल्यूए ने सपा प्रत्याशी सुनील चौधरी को दिया समर्थन*

सपा नोएडा से विधानसभा प्रत्याशी सुनील चौधरी ने सेक्टर 11, 12 और सेक्टर 56 आरडब्ल्यू के साथ बैठक की।

बैठक में आरडब्ल्यूए ने अपना समर्थन सुनील चौधरी को देने का ऐलान किया। प्रत्याशी सुनील चौधरी ने कहा कि सपा सरकार बनने पर सभी अधूरे कामों को पूरा किया जाएगा। जनता अब भाजपा नेताओं के झूठे वादों से थक चुकी है। भाजपा ने विकास के बजाए लोगों को बांटने का काम किया है।

### प्रत्याशी के प्रचार को ग्रेनो आए डिप्टी सीएम

नोएडा। रविवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम डॉ दिनेश शर्मा ग्रेटर नोएडा पहुंचे। उपमुख्यमंत्री दादरी के वर्तमान विधायक और भाजपा उम्मीदवार तेजपाल नागर के लिए लोगों से वोट मांगा। उनके साथ एमएलसी श्रीचंद शर्मा भी मौजूद है। दिनेश शर्मा और श्रीचंद शर्मा के साथ भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेता मौजूद रहे।

इस दौरान डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार की उपलब्धियां भी लोगों को बताई। दिनेश शर्मा ने तेजपाल नागर के लिए, जनता से वोट मांगते हुए कहा आज उत्तर प्रदेश काफी तेजी के साथ विकास की गति पकड़ता जा रहा है।

## मतदाताओं को बस एक क्लिक पर मिलेगी बूथ की लोकेशन

*जिला निर्वाचन आयोग और प्रशासन ने तैयार की वेबसाइट, लोगों को मिलेगा फायदा*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्धनगर की तीनों विधानसभा सीटों पर आगामी 10 फरवरी को मतदान होंगे। इस बार जिला निर्वाचन आयोग और गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने एक खास तैयारी की है। अब जनपद में रहने वाला कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक क्लिक में जिले के सभी मतदान बूथ स्थलों की लोकेशन जान सकता है।

इसके लिए जिला प्रशासन की वेबसाइट पर जैसे ही आप ने योर बूथ पर क्लिक करेंगे, तभी वेबसाइट में आपको अपना बूथ नंबर डालना होगा। जिसके बाद आपको अपने बूथ की लोकेशन मिल जाएगी। जिला प्रशासन की इस तैयारी की मदद से जिले के मतदाता अपने बूथ तक आसानी से पहुंच सकते हैं।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने बताया कि अगर किसी को अपने बूथ तक पहुंचना है तो उसे जिला प्रशासन की वेबसाइट पर जाना होगा। यहां पर नो योर बूथ पर क्लिक करना होगा। इस पर क्लिक करते ही वह आपसे आपका बूथ नंबर मांगेगा। यहां पर बूथ नंबर डालते ही उसकी लोकेशन मिल जाएगी। इसके सहारे आप अपने बूथ तक पहुंच जाएंगे। मतदाताओं को यह सुविधा मिलेगी। नोएडा, दादरी व



नोएडा विधानसभा क्षेत्र के लिए 10 फरवरी को मतदान किया जाएगा। इसके लिए जिला निर्वाचन विभाग तैयारी कर रहा है। शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने में दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने सभी बूथ को जीपीएस लोकेशन से जोड़ने का निर्णय लिया है। जनपद में 552 मतदान केंद्र हैं, जबकि मतदेय स्थल की संख्या 1754 है। सभी बूथ को जीपीएस लोकेशन से जोड़ा जाएगा। इनमें से 202 मतदान केंद्र संवेदनशील हैं। इन मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन विशेष निगरानी रखेगा ताकि यहां पर किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न ना होने पाए।

**जिले में मतदाताओं का आंकड़ा**

*कुल मतदाता- 16,23,545*

*पुरुष- 9,30,394*

*महिला- 7,21,052*

### सपा प्रत्याशी मुन्नी ने खोला चुनाव कार्यालय

गाजियाबाद। रविवार को मुरादनगर विधानसभा से रालोद-सपा के संयुक्त प्रत्याशी पंडित सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने कविनगर स्थित अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व एमएलसी राकेश यादव, सपा के जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष राशिद मलिक महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी,राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष तेजपाल चौधरी, ईदरजीत सिंह टीटू अजय प्रमुख,अमरजीत सिंह संजय यादव अरुण चौधरी, मनोज पंडित रविंद्र चौहान, सर्वेश यादव, मधु चौधरी,अजय शर्मा, राकेश शर्मा रश्मि चौधरी, किरण चौधरी, आशा सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

## यूपी टेट एग्जाम : परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों ने किया हंगामा

परीक्षार्थियों के एडमिट कॉर्ड अटेस्ट नहीं होने पर नहीं दिया प्रवेश, गेट किया बंद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश के 4,265 परीक्षा केंद्र पर रविवार को यूपी टेट का एग्जाम हुआ, लेकिन परीक्षा शुरू होने से पहले यहां नोएडा के कई सेंटरों पर हंगामा शुरू हो गया। हंगामा परीक्षा सेंटर के गेट समय से पहले बंद करने को लेकर हो हुआ। अभ्यर्थियों का कहना था कि स्कूल-प्रशासन द्वारा उनको अंदर एंट्री नहीं दी जा रही है।

दरअसल, रविवार को नोएडा के अलग-अलग स्कूलों को यूपी टेट का एग्जामिनेशन सेंटर बनाया गया था। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से



नोएडा के एक परीक्षा केंद्र पर गेट बंद करने के बाद हंगामा करते अभ्यर्थी।

दोपहर 12:30 बजे तक था। वहीं सुबह एग्जामिनेशन सेंटर पर एग्जाम देने पहुंचे कई अभ्यर्थियों को अंदर एंट्री नहीं दी गई, जिससे नाराज होकर अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। अभ्यर्थियों ने बताया कि समय से पहले परीक्षा केंद्रों का गेट बंद कर दिया गया। जिसकी वजह से भारी संख्या में अभ्यर्थी अंदर नहीं जा सके। कई अभ्यर्थियों ने आरोप लगाया है कि परीक्षा केंद्र में तैनात अधिकारियों ने उन्हें एडमिट कार्ड पर अधिकारियों द्वारा अटेस्टेड नहीं होने और स्कूल द्वारा अटेस्टेड नहीं होने पर एग्जामिनेशन सेंटर में एंट्री नहीं दी। जिस कारण ये सभी अभ्यर्थियों ने परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा किया।

सूचना मिलते ही आनन-फानन में नोएडा पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरह परीक्षा देने आए अभ्यर्थियों को समझाने की कोशिश की। एग्जामिनेशन सेंटर पर मौजूद अधिकारियों से बात की। हालांकि पुलिस अधिकारियों द्वारा बात करने के बाद भी परीक्षा केंद्रों में मौजूद अधिकारी अभ्यर्थियों के एंट्री के लिए राजी नहीं हुए।

## संक्षिप्त समाचार



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

### नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वी जयंती पर गोष्ठी

नोएडा। आम आदमी पार्टी नोएडा कार्यालय में आप पदाधिकारियों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वी जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गोष्ठी में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र जादौन ने अपने विचार रखते हुए कहा, नेताजी सदैव अपने आप को राष्ट्र के प्रति समर्पित कर के रहे। अत: आज देश के प्रत्येक नागरिक के लिए नेताजी का जीवन अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि नेता जी के विचारों पर चलकर ही हम राष्ट्र को सशक्त कर सकते हैं। महानगर अध्यक्ष प्रशान्त रावत ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस के बलिदान का देश सदैव ऋ णी रहेगा। नोएडा विधानसभा अध्यक्ष नितिन प्रजापति ने गोष्ठी का संचालन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश अवाना, मुन्ना गुप्ता जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, डॉ बी पी सिंह जिलाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद महिला को दिया कंबल

नोएडा। संत डा गुरमीत राम रहीम सिंह की पावन शिक्षा पर चलते हुए ब्लॉक नोएडा सिटी ने एक जरूरतमन्द महिला को कम्बल दिया वहीं नोएडा फेस-2 से एक सेवादार ने एक मरीज को प्लेटलेट डोनेट कर मानवता का फर्ज अदा किया। जानकारी के मुताबिक रविवार को हरौला स्थित साप्ताहिक नामचर्चा में क्षेत्रीय भंगीदास महेन्द्र इन्सां ने जनरल स्टोर खोलने की खुशी में एक जरूरतमन्द महिला को इस कड़ाके की ठण्ड में कम्बल दिया वहीं नोएडा फेस-2 से प्रेमी विकास इन्सां ने बुलन्दशहर निवासी अनुज भाटी को रात्रि दो बजे ग्रेटर नोएडा स्थित कैलाश अस्पताल जाकर एक यूनिट प्लेटलेट डोनेट कर इन्सानियत की मिशाल कायम की।

## नुकसान झेल रहे दिल्ली के व्यापारियों ने सप्ताहांत कर्फ्यू, सम-विषम योजना की आलोचना की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

सप्ताहांत कर्फ्यू और सम-विषम नियम ने दिल्ली के व्यवसायियों का व्यापार काफी प्रभावित हुआ है। कुछ व्यापारियों ने पीटीआई-भाषा से कहा कि बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए उन्होंने अपने आभूषणों को गिरवी रखने पर भी विचार किया और भोजन पर होने वाले खर्च तक में कटौती की।पुरानी दिल्ली के खारी बावली इलाके में एक किराना दुकान के मालिक ललित ने कहा कि सम-विषम नियम ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया है क्योंकि अधिकांश ग्राहकों को यह नहीं पता होगा कि दुकान किस दिन खुलेगी।ललित ने कहा, कोई व्यवसाय नहीं है। हमें 100 प्रतिशत नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

हमारा थोक बाजार है और ग्राहक यहां थोक में खरीदारी करने आते हैं लेकिन वे सम-विषम नियम के कारण इससे परहेज कर रह रहे हैं। उन्होंने कहा, उन्हें नहीं पता होगा कि कौन सी दुकान किस दिन खुली है। सप्ताहांत कर्फ्यू से ज्यादा दुकानें खोलने का सम-विषम नियम नुकसान के लिए जिम्मेदार रहा है। कारोबारियों ने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से पाबंदियां हटाने पर विचार करने का आग्रह किया है।21 जनवरी को दिल्ली सरकार ने दिल्ली के उपराज्यपाल को सप्ताहांत कर्फ्यू और सम-विषम व्यवस्था को वापस लेने का प्रस्ताव दिया था लेकिन प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था।सरोजिनी नगर मिनी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने ग्राहकों की कमी के कारण कपड़ों के नहीं बिकने पर चिंता व्यक्त की।


उन्होंने कहा, हमारे लिए पाबंदियों को कम किया जाना चाहिए। दुकानदारों ने सर्दियों का सामान खरीदा है और अब उन्हें खरीदने के लिए कोई ग्राहक नहीं है, वे अगले साल तक सामान कहां रखेंगे? उनके पास गोदाम का किराया देने के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति ने इन दुकानों के श्रमिकों को अपने गृहनगर लौटने के लिए मजबूर कर दिया है।उन्होंने कहा, इन दुकानों पर अधिकांश कर्मचारी उत्तर प्रदेश और बिहार से आते हैं। वे यहां किराए पर रहते हैं।

## हाइवे पर पलटा गन्ने से लदा ट्रक, लगा जाम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

एमएम डिग्री कॉलेज के सामने रविवार दोपहर गन्ने से लदा ट्रक पलटने के कारण दिल्ली मेरठ मार्ग पर कई किलोमीटर लम्बा जाम लग गया। पलटे ट्रक को सड़क से हटाने के लिए तीन क्रेनों को लगाया गया। जाम के कारण गाजियाबाद से मेरठ जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बताया गया कि ट्रक में क्षमता से अधिक गन्ना लदा होने के कारण ट्रक एक साईड झुककर चल रहा था। इसी के चलते दोपहर करीब दो बजे जब उक्त ट्रक दिल्ली-मेरठ मार्ग



ट्रक पलटने से हाइवे पर बिखरा गन्ना

पर एमएम डिग्री कॉलेज के सामने पहुंचा तो ट्रक का पहिया बारिश के कारण सड़क पर बने गड्ढे में धंस गया। जिस कारण ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और गन्ने सड़क पर फैल गए।

हालांकि ट्रक पलटने से किसी को जान माल की हानि नहीं हुई। घटना के बाद चालक ट्रक को सड़क पर छोड़कर फरार हो गया। देखते ही देखते दिल्ली मेरठ मार्ग पर वाहनों की लम्बी लाइन लग गई। सौंदा कट से लेकर मुरादनगर गंगनहर पुल तक वाहनों की लाइन पहुंच गई जिस कारण पुलिस को रुट डायवर्जन करना पड़ा।

सीओ सुनील कुमार ने बताया कि तीन क्रेनों की मदद से काफी मशक्कत के ट्रक को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया। जाम को देखते हुए दिल्ली मेरठ मार्ग पर अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी।

## गाजियाबाद में कोविड-19 के मिले 485 नए केस

गाजियाबाद। रविवार को जिले के 10 हजार लोगों की कोरोना जांच करने पर 485 लोग संक्रमित मिले जिसमें 1,354 संक्रमित लोग ठीक भी हुए हैं। इनमें 11 अस्पताल में ठीक हुए हैं। अब जनपद में सक्रिय केस घटकर 4,915 रह गए हैं। 24 घंटे में दर्ज की गई संक्रमण दर 5.56 प्रतिशत है। 23 दिन में 22,877 नए केसों के साथ जनवरी की संक्रमण दर 11.31 प्रतिशत है। जिले में मार्च 2020 से लेकर अब तक 78,791 केस मिल चुके हैं। 59 मरीजों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

## ग्रेटर नोएडा में बसों के चलने का टाइम होगा फिक्स

*यात्रियों की सुविधा के लिए स्टॉपों पर लगाई समयसारिणी, किराया भी होगा निर्धारित*

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और रोडवेज की संयुक्त पहल से बीते छह जनवरी को स्थानीय बस सेवा शुरू की गई, लेकिन बस स्टॉपों पर टाइम टेबल न लिखे होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। यात्रियों को बसों के आने-जाने का समय पता चल सके, इसके लिए बस स्टॉपों पर जल्द ही समयसारिणी लगाई जाएगी।



ग्रेटर नोएडा के 5 रूटों पर स्थानीय बस सेवा शुरू हुई है। पहला रूट कासना बस डिपो से नगुआ का राजपुर तक वाया सिरसा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर, तिलपता चौक, सूरजपुर, एलजी चौक और परी चौक है। इस रूट की पहली बस सुबह 6:15 बजे से चलती है। इसके बाद 9:45 बजे और फिर 01:15 बजे चलती है। दूसरा रूट ग्रेटर नोएडा डिपो से नगवा का राजपुर वाया सिरसा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर, तिलपता चौक, किसान चौक, सूरजपुर, एलजी चौक और परी चौक है। इस रूट की पहली बस डिपो से 6:30 बजे चलती है। इसके बाद 10:45 बजे चलती है।

तीसरा रूट कासना बस डिपो से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और जगत फार्म होते हुए ग्रेटर नोएडा डिपो तक है। इस रूट की पहली बस डिपो से 8:30 बजे, 9:45 बजे, 11 बजे, 12:15 बजे, 13:30 बजे, 14:45 बजे, 16 बजे और 17:15 बजे चलती है।

चौथा रूट ग्रेटर नोएडा डिपो से वाया घरबरा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण होते हुए ग्रेटर नोएडा डिपो तक है। इस रूट पर डिपो से पहली बस सुबह 7 बजे, 9:15 बजे, 11:30 बजे, 13:45 बजे और फिर 16:00 बजे चलती है। पांचवां रूट ग्रेटर नोएडा से हिंडन ब्रिज और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण होते हुए वापस ग्रेटर नोएडा डिपो तक है। इस रूट की पहली बस सुबह 7:45 बजे और फिर 11:45 बजे चलती है। यूपी रोडवेज के ग्रेटर नोएडा डिपो ने सिटी बस सेवा के पांच रूटों का किराया निर्धारित है।

सिटी बस सेवा का न्यूनतम किराया 5 रुपए और अधिकतम किराया 88 रुपए है। सबसे छोटा रूट 24 किमी और सबसे बड़ा रूट 73 किमी का है। यूपी रोडवेज कुल 5 रूट तैयार किए हैं।

इन पर 10 बसों का संचालन हो रहा है। शहर के सभी सेक्टरए आसपास के गांवए औद्योगिक सेक्टरए नॉलेज पार्कए सूरजपुरए कासना और दनकौर कस्बों को जोड़ा गया है।

## दिल्ली में कोविड-19 के दैनिक मामले घट कर 10 हजार के नीचे आए

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

दिल्ली में रविवार को कोविड-19 के 9,197 नए मामले सामने आए तथा 34 और लोगों की महामारी से मौत हो गई। वहीं, संक्रमण दर घट कर 13.32 प्रतिशत हो गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

एक स्वास्थ्य बुलेटिन के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 69,022 नमूनों की कोविड-19 जांच की गई। दिल्ली में कोविड के दैनिक मामले, 13 जनवरी को 28,867 के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद से घट रहे हैं। मामलों के 10,000 से नीचे आने में 10 दिनों का वक्त लगा। दिल्ली में शनिवार को कोविड के 45 और लोगों की मौत हो गई थी, जो पांच जून 2021 के बाद से सर्वाधिक संख्या है। शनिवार को कोविड के 11,486 मामले सामने आए थे और संक्रमण दर 16.36 प्रतिशत रही थी। शुक्रवार को 10,756 मामले सामने आए थे, जबकि संक्रमण दर 18.04 प्रतिशत दर्ज की गई थी और महामारी से 38 लोगों की मौत हो गई थी। दिल्ली में जनवरी में कोविड से करीब 513 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और अधिकारियों ने कहा है कि ज्यादातर मरीजों को कैंसर, लीवर या किडनी की बीमारियां थी और इस बार मौतों के लिए प्राथमिक कारण कोविड नहीं है।

बुलेटिन में कहा गया है कि अस्पतालों में कोविड के मरीजों की संख्या 19 जनवरी को 2,624 से घट कर 2,342 रह गई। अभी, 164 लोग वेंटिलेटर पर हैं। इसमें कहा गया है कि दिल्ली में कोविड के 54,246 उपचाराधीन मरीज हैं।

**सुपरटेक ट्विन टॉवर**

## इमरात गिराने के लिए कंपनी को किया अग्रिम भुगतान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रियल एस्टेट समूह सुपरटेक ने रविवार को कहा कि उसने मुंबई स्थित 'एडिफाइस इंजीनियरिंग' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार नोएडा में अवैध ट्विन टॉवर को गिराने के लिए अग्रिम भुगतान कर दिया है।



समूह ने कहा कि शहर के सेक्टर 93ए में स्थित 40 मंजिला दो टॉवर को गिराने की योजना के बारे में न्यू ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) के साथ समझौते का ब्योरा साझा किया गया है। उल्लेखनीय है कि इन टॉवर को भवन उपनियमों का उल्लंघन कर बनाया गया था।

सुपरटेक के प्रवक्ता ने कहा, सुपरटेक ने उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार ट्विन टॉवर गिराने के लिए एडिफाइस इंजीनियरिंग के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और इस समझौते के अनुसार कर्मियों, संबंधित सामग्री और मशीनों को स्थल पर लाने के लिए अग्रिम भुगतान किया गया है।

# सांपों को शत्रु न समझें

अपने नए शो में, वन्यजीव कार्यकर्ता बेनहेल अंतो और लुईस रेमेडियोस प्रजातियों के संरक्षण के लिए एक खोज शुरू कर रहे हैं और साथ ही दर्शकों को शिक्षित करके उनके आस-पास के मिथकों का भंडाफोड़ करते हैं कि ये सरीसृप अंधेरे में दुबके हुए खतरे नहीं हैं। पेश है **खुशबू कीर्ति की रिपोर्ट :**



वन्यजीव कार्यकर्ता बेनहेल अंताओ और लुईस रेमेडियोस ने अपने नए शो, स्नेक्स एसओएस- गोवाज वाइल्डेस्ट में, गोवा में जंगली सांपों की प्रजातियों और अन्य गैर-पालतू जानवरों को बचाते हुए देखा।

10-भाग की साहसिक श्रृंखला जंगली जानवरों के लिए रोमांच, रोमांच और आराधना की भावना ला रही है। पावर कपल सबसे असामान्य परिस्थितियों में कुछ जंगली सांप प्रजातियों का सामना करेंगे और उन्हें बचाएंगे। यह दोनों को एक्शन में दिखाता है और गोवा शहर के माध्यम से विभिन्न सांप प्रजातियों और अन्य गैर-पालतू जानवरों को बचाने में उनकी तकनीकों का एक करीबी और व्यक्तिगत अनुभव देता है। यह सांप मनोविज्ञान 101 को समझ रहा है, यदि आप कर सकते हैं।

एड्रेनालाईन के दीवाने और वन्यजीव बचावकर्ताओं के साथ उनकी नई श्रृंखला के अंदरूनी सूत्रों के बारे में एक स्पष्ट साक्षात्कार के अंश के लिए पढ़ें-

**❒ नेशनल ज्योग्राफिक ने शो का एक भारतीय अवतार, स्नेक इन द सिटी पेश किया है। यह कैसे अलग होगा या आप इसका भारतीयकरण कैसे कर रहे हैं?**

**बीए :** शहर में सांप, या, उस मामले के लिए, मगरमच्छ हंटर, बेहद अलग शो हैं। मुझे लगता है कि गोवाज वाइल्डेस्ट एक स्वतंत्र शो है और इसमें सब कुछ अनोखा है। सांपों से लेकर - वे भारतीय प्रजातियां हैं और अलग-अलग व्यवहार करते हैं - उन जगहों पर जहां से उन्हें बचाया गया है। यह इस कार्यक्रम में सांपों के बारे में और उन लोगों के बारे में अधिक है जो सांपों का सामना कर रहे हैं।

मेरा मतलब है, सांप हर जगह एक समस्या है। और जिस तरह से लोग प्रतिक्रिया करते हैं, दिखाया गया संस्कृति प्रतिकर्षण या घृणा को बढ़ावा देता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जो संदेश देते हैं वह सूक्ष्म है - मैं चाहता हूं कि लोग इसे देखें और लाइनों के बीच खोजें। यह बहुत स्पष्ट है कि जब हम सांपों और शब्द, संरक्षण की बात करते हैं तो हम कहां खड़े होते हैं। तुम्हें पता है, सांप अब अंधेरे में दुबके रहने वाले खतरे में नहीं हैं।

अंधेरे में दुबके रहने वाले सांप कभी खतरे में नहीं थे। शो की विचारधारा काफी अलग है।

**❒ क्या है शो का मकसद?**

**एलआरः** तो, सबसे पहले, हम आपको गोवा में रहने वाले सांपों के प्रकार के बारे में शिक्षित करना चाहते हैं क्योंकि इस शो को विशेष रूप से वहां शूट किया गया है। और इनमें से बहुत सारे सांप भारत के विभिन्न हिस्सों में भी मौजूद हैं। लोग मानते हैं कि हम या तो एनाकोंडा या रैटलस्नेक या ब्लैक माम्बा से निपट रहे हैं। नहीं, आपको वे नहीं मिलते हैं। यह अच्छा है कि लोग इन कार्यक्रमों को देख रहे हैं, लेकिन वे यहां मौजूद कई प्रकार के विषैले, गैर विषैले और विभिन्न प्रकार के सांपों से अवगत नहीं हैं। हम जागरूकता पैदा करना चाहते हैं।

इसके अलावा, हम चाहते हैं कि लोग समझें कि सांप किसी भी अन्य जानवर की तरह हैं। आप उन्हें ऐसे नहीं देखते जैसे आप कुत्ते या बिल्ली को देखते हैं, है ना? बहुत सारे मिथक और रहस्य हैं। भारत में, पौराणिक कथाओं, जो एक सांप से जुड़ी हुई है, लोगों को उनके बारे में अधिक चिंतित और अधिक भयभीत करती है। लोग पौराणिक कथाओं और तथ्य के बीच अंतर नहीं कर पा रहे हैं। इसलिए, हम इन मिथकों का भंडाफोड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। सांपों की बात करें तो हमारी पौराणिक कथाओं से और भी कई सवाल जुड़े हुए हैं, जिनका जवाब हम शो में देंगे। आपको वह संदेश हर एपिसोड में मिलेगा।

हम लोगों को सही प्रवृत्ति पर भी स्थापित करना चाहते हैं, जो शायद अब से 10 साल बाद भी होगा, जो बहुत नैतिक सांप-बचाव की एक संरक्षण तकनीक है, जो लोगों को सहानुभूति देने की कोशिश करती है। क्योंकि जब आप अपने आप को दूसरे जानवर के जूते में डाल सकते हैं, और समझ सकते हैं कि वे कहाँ से आते हैं, तब आप उनके प्रति सहानुभूति महसूस करेंगे, तब आप उन्हें समझ पाएंगे, और आप उनकी प्रशंसा करने लगेंगे।

हम चाहते हैं कि आप डर और खतरे के बीच के अंतर को समझें। हम पारिस्थितिकी तंत्र को भी संरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप किसी भी प्रकार के आवास को संरक्षित करना चाहते हैं, तो आपको उनमें मौजूद जानवरों की रक्षा करने की आवश्यकता है।

**❒ आपने उल्लेख किया है कि प्रजातियों के आसपास बहुत सारे मिथक हैं। मैं जानना चाहता था कि इससे जुड़े कुछ मिथक और गलतफहमियां क्या हैं?**

**बीए :** हां, यह बहुत दिलचस्प है। ज्यादातर लोग जो जानते हैं वह मिथक होते हैं, उदाहरण के लिए, एक बहुत ही सामान्य मिथक यह है कि एक सांप बदला लेता है। मेरे पास लोग हैं जो मुझे फोन करते हैं, जैसे, आप जानते हैं, सुबह तीन बजे और कहते हैं, मुझे मदद की ज़रूरत है। जब मैं पूछता हूं कि वे क्यों कहते हैं कि वे सो नहीं सकते क्योंकि वे दिन में एक सांप पर सवार हो जाते हैं और डरते हैं कि यह आकर बदला लेने वाला है। तो, यह अब कोई बचाव कॉल नहीं है, यह एक परामर्श कॉल है (हर कोई हंसता है)।

**एलआर :** तो, क्या होता है कि ये सांप, संभोग के मौसम के दौरान, कुछ प्रकार के फेरोमोन छोड़ते हैं और शायद आप जानते हैं, एक और सांप उसे ट्रैक करता है और मृत सांप की तलाश में आता है। ये प्रादेशिक जानवर हैं, अगर इन्हें खुला क्षेत्र दिखाई दे तो ये आ सकते हैं। इसके अलावा, अगर आपके टायर या ट्यूब पर महिलाओं के हार्मोन डाले जाते हैं, तो इस बात की बहुत कम संभावना है कि कोई पुरुष इसे समझेगा और उसका पालन करेगा। हालांकि, सांप निश्चित रूप से आप में दिलचस्पी नहीं ले रहा है (मुस्कुराते हुए)। यह संयोग भी हो सकता है।

**बीए :** अजीब बात है कि जब लोगों को एक विकल्प दिया जाता है, तो वे इसके लिए सबसे अलौकिक व्याख्या और सबसे महंगी व्याख्या को टाल देंगे। मैंने ऐसे लोगों के बारे में सुना है जो सांपों को पकड़ने और मोटी रकम वसूलने के लिए इधर-उधर जाते हैं। वे लोगों को इन सभी मिथकों के साथ खिलाते हैं, कि सांप उड़ते हैं और आपके गले में कुंडल करते हैं, या कि सांप संगीत पर नृत्य करते हैं।



**❒ रुको, सांप संगीत पर नहीं नाचते? मेरा मतलब है कि सपेरा (सपेरा) यही करता है, है ना?**

**एलआर :** हाहा, देखो! ठीक है, तो, सबसे पहले, सांप को संगीत का आनंद लेने की ज़रूरत है, है ना? इसलिए, जब हम इसका आनंद लेते हैं, तो हम इससे डरते नहीं हैं। सच तो यह है कि जब कोबरा अपना फन फैलाता है तो इसका मतलब होता है कि वह डरा हुआ है। हुड रक्षा का एक रूप है। तो, यह निश्चित रूप से आनंद नहीं ले रहा है और दूसरा, अधिकांश सांपों के बाहरी कान नहीं होते हैं और वे श्रव्य संगीत नहीं सुन सकते हैं! वे बहुत कम आवृत्ति वाले ध्वनि कंपन सुन सकते हैं।

अब, यह क्यों हिलता है या ऐसा आभास देता है कि यह नाच रहा है? ऐसा इसलिए है क्योंकि यह उस बांसुरी से डरता है। यह सपेरे के हाथ की गति का अनुसरण कर रहा है। ज्यादातर समय, सपेरे के पास सांप को प्रहार करने के लिए एक लंबी सुई होती है ताकि वे उनसे और उनके हाथों से डरें। ऐसा लगता है कि वे नाच रहे हैं, वे नहीं हैं।

**बीए :** और उनका दावा है कि सिर में हीरा है। मेरा मतलब है, यह संभव नहीं है। कोई पत्थर या कीमती पत्थर नहीं है। अगर ऐसा होता तो हम करोड़पति होते (हंसते हुए)।

वे कई बार इन सांपों के दांत निकाल लेते हैं। क्या होता है कि बहुत सारे जीवाणु संक्रमण हो सकते हैं और इससे सांप की मृत्यु हो सकती है। इसलिए जादूगर सांप के बहुत करीब आने पर ही दांत निकाल लेते हैं। वे कभी-कभी मुंह सिल लेते हैं। यह अत्यंत दुखद है।

**❒ मैं हमेशा सोचता था कि सांप अपनी रक्षा करना जानते हैं। अगर कोई ऐसा कुछ करता है, तो क्या वे काटते नहीं हैं?**

**बीए :** ओह, हां, वे काटते हैं। यहां तक कि सपेरों को भी बार-बार काटा जाता है। मेरा मतलब है, ऐसे सपेरे हैं जो सांप के काटने से मर जाते हैं और कभी-कभी वे सांप के नुकीले को बाहर निकालते हैं, लेकिन ध्यान नहीं देते कि एक और नुकीला है और वे इससे मर चुके हैं।

**एलआर :** लेकिन आमतौर पर एक सांप बहुत थक जाता है। यदि आप सांप को उकसाते हैं, तो शुरू में यह आपसे दूर रहने की कोशिश करेगा, आप इसे थोड़ा और भड़काएंगे, यह आपको चेतावनी देने वाला है, इसे और भी उत्तेजित करें यह आपको नकली काटने से काटने वाला है। यह आप पर अपना जहर बर्बाद नहीं करना चाहता। और फिर आप वास्तव में उत्तेजित करते हैं, यह आपको बुरी तरह से काटने वाला है। जब आप इसे बार-बार करते हैं, तो सांप डर जाता है, लगभग आघात और थक जाता है। उनमें अधिकतर समय प्रहार करने की भी शक्ति नहीं होती।

**बीए :** इसके अलावा, ऐसा नहीं है कि हर बार जब वे आप पर हमला करते हैं, तो जहर होने वाला होता है, वे नियंत्रित कर सकते हैं कि कितना जहर अंदर जाता है या नहीं जाता है। क्योंकि वह विष एक बहुत ही महत्वपूर्ण संसाधन है। और विष उत्पन्न करने में उस सांप को बहुत अधिक ऊर्जा लगती है और उसे वापस विष विकसित होने में समय लगता है।

देखिए, सांप आपको काटना नहीं चाहता क्योंकि यह जानता है कि अगर यह आपको जहर की पूरी खुराक के साथ काट भी लेता है, तब भी आप मरने से पहले उसे मार सकते हैं। सही? यह अभी भी आपको शायद एक नकली हड़ताल की तरह देगा, इसे अकेले छोड़ने की चेतावनी की तरह।

**❒ समझ में आता है। हमें बताएं कि आपने विशेष रूप से गोवा को स्थान के रूप में क्यों चुना?**

**बीए एंड एलआर :** हम गोवा में रहते हैं। हम गोवा से प्यार करते हैं (दोनों हंसते हैं)।

**❒ आप एक पावर कपल हैं जो दिन में शानदार वेडिंग प्लानर हैं और रात में घातक वन्यजीव बचावकर्ता हैं। यह गतिशील ट्रांसपायर कैसे हुआ?**

**बीए :** मैं अपने लिए बात कर सकता हूं। लेकिन हमें वन्यजीवों को बचाने और जागरूकता फैलाने का जुनून है। मैं पिछले 19 वर्षों से यह कर रहा हूं, संरक्षण का संदेश फैला रहा हूं।

समय के साथ, मैंने इंजीनियरिंग की, मैंने एक कंपनी में काम किया, हमने इवेंट मैनेजमेंट ज्वाइन किया, फिर हमने शादी कर ली और अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी शुरू की। तो, ये सब रास्ते में हुआ। लेकिन सांप बचाव रीढ़ की हड्डी रहा है। मेरा मतलब है, यह हमेशा से रहा है। हमने कभी इसका मुद्रीकरण नहीं किया। लेकिन यह हमेशा एक जुनून रहा है।

**एलआर :** तो, जब मेरी मां ने मुझसे बेन के बारे में पूछा, जब हम डेटिंग कर रहे थे, और वह क्या करता है, तो मैंने उन्हें बताया। मेरे पिता जैसे थे, सच में? मेरी माँ ने मुझे चौंका दिया। उसने कहा, %तुम्हें पता है, बेबी, मैंने हमेशा सोचा था कि तुम इस तरह से किसी से शादी करोगी। आप हमेशा एक जंगली बच्चे रहे हैं। अब हम हैशटैग गोवाज वाइल्डेस्ट (कोर्टल्स) कर रहे हैं।

**❒ वह एक प्यारी सी कहानी है! कैसा लगता है जब आपका पूरा जुनून एक ऐसे शो में बदल गया जिसे पूरी दुनिया देख रही है?**

**एलआर :** मैं कहूंगा कि यह एक सपने से बेहतर है क्योंकि नेशनल ज्योग्राफिक से जुड़े होने जैसी चीजों का कोई भी सपना नहीं देखता है। मुझे याद है कि मेरे पड़ोसी ने लगभग 50 पत्रिकाएं उठाईं और मैं उन्हें हर एक दिन पढ़ता हूँ क्योंकि यह इतना बड़ा मंच है। इसलिए, जब ऐसा कुछ होता है, तो यह एक अविश्वसनीय एहसास होता है - कोई भी इन चीजों की योजना नहीं बनाता है। और अगर आप कड़ी मेहनत करते हैं, और इसके साथ आपके पास थोड़ा सा भाग्य भी जुड़ा है, और आप किसी चीज के लिए जुनूनी हैं। मेरा मतलब है, यह एक सपने के सच होने जैसा है।

**बीए :** यह जागरूकता कार्यक्रम जो मैं पिछले 15 वर्षों से स्कूलों, कॉलेजों, सभाओं में कर रहा हूं, और सबसे अधिक, मैंने 1,000 लोगों की तरह पढ़ाया है, लेकिन सबसे प्रभावी तब है जब मैं किसी के घर पर सांप को बचा रहा हूं . अगर हम इस तरह ज्ञान को पूरी दुनिया में फैला सकते हैं, तो मैं आभारी और संतुष्ट हूं।

**❒ बेन्हेल, आपने कहा था कि आप 19 साल से इसमें थे। पेशे में आने के लिए आपको क्या दिलचस्पी थी?**

**बीए :** उह... यह कभी पेशा नहीं था, हमेशा से मेरा जुनून रहा है। जिस बात ने मुझे आकर्षित किया, वह यह है कि मुझे हमेशा से वन्य जीवन पसंद रहा है। मैं उस पृष्ठभूमि से आता हूं जहां मेरे दादाजी, मेरे चाचा शिकारी थे। मेरा पालन-पोषण इस तरह से हुआ कि मेरे अंदर किसी भी वन्य जीव का भय न पैदा हो।जब मैं आठ साल का था, मुझे याद है कि एक पड़ोसी ने एक सांप को मारने के लिए बुलाया था जो उसके बाथरूम में घुस गया था। तभी मुझे एहसास हुआ कि हत्या ही एकमात्र विकल्प नहीं है। मैं स्थिति को अलग तरह से संभाल सकता था। कोई इंटरनेट या किताबें नहीं थी जो मुझे प्रक्रिया सिखा सके। मेरे पास इस तरह के काटने और सामान का मेरा उचित हिस्सा है। सांप इस बात की सराहना नहीं करते कि उन्हें बचाया जा रहा है क्योंकि वे नहीं जानते कि उन्हें बचाया जा रहा है। इसलिए, प्रयोग करना और हिंसा का सहारा न लेना मैंने सीखा और मैं दूसरों को भी इसके बारे में जागरूक करना चाहता हूं।

**(देखें स्नेक एसओएस : गोवाज वाइल्डेस्ट ऑन नेशनल ज्योग्राफिक, सोमवार और मंगलवार को रात 8 बजे)**

# पावरहाउस महिलाएं

## यहां कुछ महिला निर्माता और निर्देशक हैं, जो इस साल सिनेमा जगत में कुछ नया लाने की उम्मीद कर रहे हैं।

चुनौतीपूर्ण दो वर्षों के बाद, फिल्म उद्योग एक बार फिर 2022 में संभावित तीसरी लहर की संभावना से निपट रहा है। हालांकि, अपने आंतरिक लचीलेपन को देखते हुए, उद्योग अपने कई कंटेंट क्रिएटर्स के साथ टिक कर दर्शकों को नए सिरे से आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार है। विषय. पेश हैं कुछ ऐसी महिला निर्माता और निर्देशक जिनकी खचाखच भरी उम्मीदें इस साल सिनेमा जगत में कुछ नया लाने का वादा करती हैं।

**जोया अख्तर और रीमा कागती :** इन दो



पावरहाउस निर्माताओं ने पहले ही अपने प्रोडक्शन हाउस टाइगर बेबी को एक अव्यवस्था-तोड़ने वाले के रूप में स्थापित कर लिया है और 2022 में, वे एक अद्वितीय लाइव-एक्शन संगीत अनुकूलन में द आर्चीज को एक ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 1960 के दशक के भारत में स्थापित, यह परियोजना जोया द्वारा निर्देशित है और आर्ची कॉमिक्स की पुरानी यादों और मासूमियत को याद करती है। यह टाइगर बेबी की पहली एकल परियोजना भी है, हालांकि यह जोड़ी भविष्य की परियोजनाओं जैसे मेड इन हेवन 2, जी ले जरा (कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा और आलिया भट्ट अभिनीत), खो गए हम कहां और दहाड़ जैसी अन्य परियोजनाओं पर एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना जारी रखेगी।



**दीपशिखा देशमुख :** उद्योग में सबसे कम उम्र की महिला निर्माताओं में से, दीपशिखा ने समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म सरबजीत से अपने करियर की शुरुआत की और यहां तक कि बेलबॉटम जैसी बड़ी प्रस्तुतियों को भी निर्देशित किया, जिसे महामारी के दौरान शूट और रिलीज़ किया गया था। साल उनके लिए भी बड़ा होने का वादा करता है, जिसमें दो बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। बहुप्रतीक्षित डायस्टोपियन थ्रिलर, गणपथ 23 दिसंबर को रिलीज़ होगी और अभी तक नामित प्रोडक्शन 41 भी इसी साल रिलीज़ होगी। इस डायस्टोपियन एक्शन बोनान्ज़ा को टाइगर श्रॉफ और कृति सनोन द्वारा शीर्षक दिया गया है, जबकि उनके अनटाइटल्ड प्रोडक्शन 41 में अक्षय कुमार हैं। दीपशिखा की इंडस्ट्री में मजबूत पकड़ है और पर्यावरण के प्रति उनके प्यार ने भारत में हरित फिल्म निर्माण में मदद की है। उन्होंने जवानी जानेमन, कुली नंबर 1 जैसी फिल्मों का भी निर्माण किया है।



**तापसी पन्नू :** हाल के दिनों में कुछ सबसे प्रशंसित फिल्मों में अभिनय करने वाले अभिनेता अब अजय बहल द्वारा निर्देशित एक हॉरर-थ्रिलर ब्लर का निर्माण कर रहे हैं। स्पैनिश फिल्म जूलियाज आईज का यह आधिकारिक हिंदी रीमेक पन्नू की आउटसाइडर फिल्म्स द्वारा ज़ी स्टूडियोज और इकोलोन प्रोडक्शंस के साथ संयुक्त रूप से निर्मित है। वह इस उद्यम में गुलशन देवैया के साथ भी अभिनय करती हैं, जो महिलाओं के नेतृत्व वाले विषयों के उत्पादन में निर्णायक रूप से अपने प्रवेश की घोषणा करने का वादा करता है।



**मेघना गुलज़ार :** अक्सर एक मनमौजी फिल्म निर्माता के रूप में वर्णित, मेघना गुलज़ार 2022 में एक और अविस्मरणीय कहानी के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस बार, बायोपिक सैम बहादुर के साथ, जो भारत के महान युद्ध नायकों में से एक फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के जीवन पर आधारित है।, जिन्होंने 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान भारतीय सेना के प्रमुख के रूप में कार्य किया। वह इस कहानी के लिए निर्देशन की कमान संभालती हैं जिसमें विक्की कौशल फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा ??के साथ सैम बहादुर के रूप में दिखाई देंगे। राज़ी, छपाक और तलवार के बाद, यह निर्देशक के लिए पूरी तरह से नई शैली है, लेकिन उनसे इसके साथ पूरा न्याय करने की उम्मीद की जाती है।

**चार्ममे कौर :** महामारी के बाद की सीमाहीन मनोरंजन की दुनिया में, उद्योगों में प्रतिभाओं का परागण जारी है। नवीनतम उदाहरण लीगर, एक स्पोर्ट्स एक्शन फिल्म है, जो पुरी जगन्नाथ द्वारा लिखित और निर्देशित है और धर्मा प्रोडक्शंस और पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले करण जौहर, चार्ममे कौर, अपूर्व मेहता, हीरू यश जौहर और जगन्नाथ द्वारा निर्मित है। चार्ममे पहले से ही तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ सिनेमा में एक अभिनेता के रूप में अच्छी तरह से स्थापित है। तेलुगु और हिंदी में एक साथ शूट की जाने वाली इस फिल्म में विजय देवरकोंडा और अनन्या पांडे मुख्य भूमिकाओं में हैं और यह 25 अगस्त को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।



# खुद को चुनौती देने के लिए गोडसे की भूमिका निभाईः अमोल कोल्हे

**मुंबई।** एक आगामी हिंदी फिल्म में महात्मा गांधी के हत्यारे नाथुराम गोडसे की भूमिका निभाने के लिए विभिन्न वर्गों में आलोचना का सामना कर रहे अभिनेता व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद अमोल कोल्हे ने जोर देकर कहा कि वह गांधीवादी विचारों में दृढ़ विश्वास रखते हैं। कोल्हे ने कहा कि उन्होंने एक अभिनेता के तौर पर खुद को चुनौती देने के लिए ही विवादित भूमिका निभाने का निर्णय लिया। गोडसे की भूमिका निभाने के लिए कोल्हे पार्टी के एक वरिष्ठ नेता जितेंद्र अव्हाड के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों की ओर से भी आलोचना का सामना कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह गोडसे की विचारधारा का समर्थन नहीं करते।

हालांकि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने अभिनेता का समर्थन किया है। अशोक त्यागी द्वारा निर्देशित और कल्याणी सिंह द्वारा निर्मित फिल्म वाइ आई किल्ड गांधी में 41 वर्षीय अभिनेता-राजनीतिक नेता महात्मा गांधी के हत्यारे की भूमिका में दिखेंगे। फिल्म की शूटिंग 2017 में हुई थी और 30 जनवरी को यह एक ओवर द टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। साल 1948 में इसी दिन गांधी की हत्या की गई थी।

फिल्म का ट्रेलर ऑनलाइन जारी होने एक महीने बाद अभिनेता की भूमिका को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दो मिनट 20 सेकेंड के ट्रेलर में कोल्हे गोडसे की भूमिका में गांधी के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट करते हुए देखे जा सकते हैं। गोडसे का मानना था कि पाकिस्तान में हिंदुओं पर अत्याचार के लिए गांधी जिम्मेदार थे।



कोल्हे ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, यह एक अलग तरह की चुनौती थी। यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था क्योंकि मैं उसकी विचारधारा में विश्वास नहीं करता और फिर भी मुझे उसकी भूमिका निभानी पड़ी। एक अभिनेता के तौर पर खुद को चुनौती देने के लिए ही विवादित भूमिका निभाने का निर्णय लिया। हालांकि कोल्हे ने कहा कि वह एक व्यक्तिगत तौर पर गांधीवादी विचारधारा में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

उन्होंने कहा, मैं इस विचारधारा का पालन करता हूं कि किसी भी हत्या को उचित नहीं ठहराया जा सकता। आप हत्या को सही नहीं ठहरा सकते और मेरी विचारधारा भी यही है। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि यह (गांधी की हत्या) भारतीय इतिहास की सबसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में से एक है और किसी की हत्या को कभी उचित नहीं ठहराया जा सकता। इस बीच, कोल्हे की पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा, फिल्म में अभिनय करने के डॉ. अमोल कोल्हे के फैसले को एक कलाकार की पसंद के रूप में देखा जाना चाहिए। अगर उन्होंने वह भूमिका निभाई है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह गोडसे की विचारधारा या विचारों का समर्थन करते हैं।

# दिल्ली में कोविड-19 के खतरे के कारण मैरीकॉम मणिपुर में कर रहीं अभ्यास

पूनम मेहरा। नई दिल्ली

**छह** बार की विश्व चैम्पियन एमसी मैरीकॉम ने दिल्ली में कोविड-19 के खतरे और ठंड के मौसम से बचने के लिए अगले कुछ सप्ताह तक अपने गृह राज्य मणिपुर में अभ्यास जारी रखने का फैसला किया है।

आने वाले व्यस्त कैलेंडर के लिए 38 साल की यह दिग्गज मुक्केबाज कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। एशियाई खेलों में कई बार स्वर्ण पदक जीतने के साथ लंदन ओलंपिक (2012) में कांस्य पदक जीतने वाली मैरीकॉम इस साल विश्व चैंपियनशिप (मई), राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त) और एशियाई खेल (सितंबर) में देश के प्रतिनिधित्व की दावेदारी करेंगी। उन्होंने इम्फाल से कहा, हां, मैंने कुछ दिन पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से उचित अनुमति लेने के बाद मणिपुर में प्रशिक्षण शुरू किया है क्योंकि दिल्ली में अभी कोविड-19 के मामले बहुत अधिक हैं और ठंड भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस का खतरा हमेशा मेरे लिए एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है और मुझे याद है कि 2020 में यह कितना भयानक था। इसलिए, मैं राष्ट्रीय महासंघ, साइ और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना समिति की आभारी हूं, जिन्होंने इस पर ध्यान दिया।

उन्होंने कहा, मुझे अगले दो-तीन सप्ताह तक मणिपुर में रहने की उम्मीद है। दिल्ली में पिछले कई दिनों से कोरोना वायरस के 10,000 से अधिक मामले दर्ज किए जा रहे हैं और संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। मैरीकॉम आम तौर पर बहु-खेल प्रतियोगिता में 51 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करती हैं और विश्व चैंपियनशिप के लिए 48 किग्रा में रहना पसंद करती हैं। उनके कोच छोटे लाल यादव के साथ उनके सहयोगी स्टाफ भी इम्फाल में शामिल हैं। इम्फाल में वह खुद की स्थापित मुक्केबाजी अकादमी में प्रशिक्षण ले रही हैं। कुछ साल पहले शुरू हुई इस अकादमी को साइ से मान्यता मिली हुई है। मैरीकॉम ने कहा, पिछले कुछ समय से दिल्ली में शायद ही धूप खिल रही हो। यहां मणिपुर में भी सर्दी का मौसम होता है लेकिन दिन साफ होते हैं और धूप के कारण उतनी ठंड नहीं होती है।

### कहा, कोरोना वायरस 2020 में कितना भयानक था, यह मेरे लिए एक प्रमुख चिंता का विषय रहा है


### मैरीकॉम अपने शानदार करियर के अंतिम चरण में हैं

**महिलाओं** के लिए राष्ट्रीय मुक्केबाजी शिविर हालांकि दिल्ली में जारी है जिसमें 42 मुक्केबाज हिस्सा ले रही हैं। मैरीकॉम अपने शानदार करियर के अंतिम चरण में हैं। उन्होंने कहा कि वह हमेशा की तरह अब भी टूर्नामेंटों को जीतने के लिए प्रेरित हैं। उन्होंने कहा, तकनीकी रूप से मेरे पास प्रतिस्पर्धा करने के लिए दो और साल बाकी हैं क्योंकि मुक्केबाजी के लिए अधिकतम कट ऑफ उम्र 40 है और मैं यह सुनिश्चित करने के लिए उत्सुक हूं कि मेरी लय जारी रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### इशान-तनीषा ने सैयद मोदी मिश्रित युगल का खिताब जीता



**लखनऊ।** इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां हमवतन टी हेमा नागेंद्र बाबू और श्रीवेद्या गुराजादा को सीधे गेम में हराकर सैयद मोदी इंटरनेशल बैडमिंटन टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। इशान और तनीषा ने गैरवरीय भारतीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 29 मिनट में 21-16 21-12 से जीत दर्ज की। इससे पहले अर्नाड मर्कल और लुकास क्लेयरबाउट के बीच पुरुष एकल खिताबी मुकाबले को नो मैच (मैच नहीं हुआ) घोषित किया गया जब एक फाइनलिस्ट कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया।

### लाहिड़ी ने अमेरिकन एक्सप्रेस के कट में जगह बनाई

**ला क्विंटा (अमेरिका)।** अनिर्बान लाहिड़ी तीसरे दौर में पार 72 के कार्ड के दम पर अमेरिकन एक्सप्रेस गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने में सफल रहे। इस भारतीय गोल्फर ने स्टेडियम कोर्स के दौरान दो बर्डी और इतने ही बोगी लगाए। वह 54 होल के खेल के बाद आठ अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 45वें स्थान पर है। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे 156 पेशेवरों में से शीर्ष 70 खिलाड़ियों ने कट में प्रवेश किया। लाहिड़ी ने पहले होल और 16 होल में बर्डी जबकि छठे और 15वें होल में बोगी किया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त 32वें स्थान पर थे लेकिन तीसरे दौर के बाद संयुक्त 45वें स्थान पर खिसक गए।

### जवेरेव को हराकर शापोवालोव क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न।** कनाडा के डेनिस शापोवालोव ने उलटफेर करते हुए तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना रफेल नडाल से होगा। चौदहवें वरीय शापोवालोव ने पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है। कनाडा के 22 साल के शापोवालोव ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ज्वेरेव को मारग्रेट कोर्ट पर सीधे सेट में 6-3, 7-6 (5), 6-3 से हराया। शापोवालोव ने पहले तीन दौर में जीत दर्ज करने के दौरान लगभग 11 घंटे कोर्ट पर बिताए। उन्होंने इस दौरान दो बार चार सेट और एक बार पांच सेट में जीत दर्ज की। ज्वेरेव के खिलाफ वह हालांकि तीन सेट में दो घंटे और 21 मिनट में जीत दर्ज करने में सफल रहे। नडाल ने इससे पहले एड्रियन मनारिनो को 7-6 (14), 6-2, 6-2 से हराकर 14वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### डेको के गोल से इंटर ने वेनेजिया को हराया

**मिलान।** एडिन डेको के अंतिम लम्हों में दागे गोल की बदौलत इंटर मिलान ने शनिवार को यहां खिलाड़ियों को कोरोना वायरस संक्रमण से जूझ रहे वेनेजिया को 2-1 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट के शीर्ष पर पांच अंक की बढ़त हासिल की। थॉमस हेनरी ने 19वें मिनट में वेनेजिया को बढ़त दिलाई जिसके बाद निकोलो बारेला ने 40वें मिनट में स्कोर 1-1 किया। जेको ने 90वें मिनट में गोल दागकर इंटर मिलान की 2-1 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत से इंटर के 22 मैच में 53 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद एसी मिलान पर पांच अंक की बढ़त बना ली है। वेनेजिया पर निचली लीग में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। टीम 18 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में 17वें स्थान पर हैं। अंक तालिका में अंतिम तीन स्थान पर रहने वाली टीम निचली लीग में खिसक जाएंगी। वेनेजिया के आठ खिलाड़ी और कोच पाउलो जेनेटी सहित कोचिंग स्टाफ के कई सदस्य कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। सिरी ए के नए नियमों के अनुसार टीम के 25 सदस्यों में से अगर नौ वायरस से संक्रमित होते हैं तो मुकाबला स्थगित किया जाएगा।

### वेस्टइंडीज ने पहले टी20 में इंग्लैंड को नौ विकेट से रौंदा

**ब्रिजटाउन (बारबडोस)।** इंग्लैंड को एशेज में करारी शिकस्त के बाद शनिवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट की बड़ी हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही और 10 ओवर में टीम ने 39 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। मेहमान टीम अंततः 19.4 ओवर में 103 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज ने इसके जवाब में सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (नाबाद 52) के अर्धशतक की बदौलत 17 गेंद शेष रहते हुए एक विकेट पर 104 रन बनाकर नौ विकेट की आसान जीत दर्ज की। असमान उछाल वाली पिच पर टॉसकर हारकर बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड ने 10 रन पर तीन और फिर 49 रन पर सात विकेट गंवा दिए थे जिससे आस्ट्रेलिया में टीम का लचर प्रदर्शन यहां कैरेबिया में पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में भी जारी रहा। निचले क्रम के बल्लेबाजों क्रिस जोर्डन और आदिल राशिद ने आठवें विकेट के लिए 36 रन जोड़कर टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। जोर्डन 23 गेंद में 28 रन के साथ टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। राशिद ने 22 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा कप्तान इयोन मोर्गन (17) और जेम्स विन्स (14) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

# नडाल 14वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। मेलबर्न



**दुनिया** के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने रविवार को यहां एड्रियन मनारिनो को सीधे सेट में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में 14वीं बार जगह बनाई जहां उनका सामना कनाडा के युवा खिलाड़ी डेनिस शापोवालोव से होगा।

नडाल ने चौथे दौर के मुकाबले में 7-6 (14), 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। उन्हें पहले सेट के टाईब्रेक में जीत दर्ज करने के लिए 28 मिनट 40 सेकेंड तक जूझना पड़ा और इस दौरान उन्होंने सातवें सेट प्वाइंट पर जीत दर्ज की। बाएं हाथ से खेलने वाले नडाल की बाएं हाथ से खेलने वाले खिलाड़ियों पर यह लगातार 21वीं जीत है। वह अब रिकॉर्ड 21वां पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने से तीन जीत दूर हैं। नडाल ने कहा, पहला सेट काफी अधिक भावनात्मक था। वहां कुछ भी हो सकता था। अंत में मैं थोड़ा भाग्यशाली रहा। मुझे मौके मिले, उसे भी काफी मौके मिले।

नडाल क्वार्टर फाइनल में कनाडा के 22 साल के शापोवालोव से भिड़ेंगे जिन्होंने उलटफेर करते हुए तीसरे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौदहवें वरीय शापोवालोव ने ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ज्वेरेव को मारग्रेट कोर्ट पर सीधे सेट में 6-3, 7-6 (5), 6-3 से हराया। शापोवालोव ने पहले तीन दौर में जीत दर्ज करने के दौरान लगभग 11 घंटे कोर्ट पर बिताए। उन्होंने इस दौरान दो बार चार सेट और एक बार पांच सेट में जीत दर्ज की। ज्वेरेव के खिलाफ वह हालांकि तीन सेट में दो घंटे और 21 मिनट में जीत दर्ज करने में सफल रहे। नडाल ने इसके साथ ही आस्ट्रेलियाई ओपन के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में सबसे अधिक बार जगह बनाने वालों की सूची में जॉन न्यूकॉम्ब के साथ दूसरे स्थान पर जगह बनाई। रोजर फेडरर 15 बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर शीर्ष पर हैं।

महिला एकल में फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबरा क्रेज्सिकोवा ने चौथे दौर में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में हराया। चौथी वरीय क्रेज्सिकोवा ने रोड लावेर एरेना में सिर्फ 85 मिनट में 2012 और 2013 की चैंपियन अजारेंका को 6-2, 6-2 से हराया। क्रेज्सिकोवा ने चार ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अगले दौर में क्रेज्सिकोवा का सामना 2017 की अमेरिकी ओपन चैंपियन मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने आठवीं वरीय पॉला बाडोसा को सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

चौबीसवीं वरीय अजारेंका ने क्रेज्सिकोवा के खिलाफ 28 सहज गलतियां की और पांच बार अपनी सर्विस गंवाई। क्रेज्सिकोवा ने पहले सेट के तीसरे और सातवें गेम में अजारेंका की सर्विस तोड़कर अच्छी शुरुआत की। क्रेज्सिकोवा ने दूसरे सेट के पहले गेम में भी अजारेंका की सर्विस तोड़ी और फिर आसान जीत दर्ज की। वह 34 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी परेशान नहीं दिखी।

### 45वीं बार गैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में बनाई जगह

**नडाल** ने 45वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई है और वह सर्वकालिक सूची में फेडरर (58) और नोवाक जोकोविच (51) के बाद तीसरे स्थान पर हैं। फेडरर, जोकोविच और नडाल के नाम पर अभी समान रिकॉर्ड 20 पुरुष एकल ग्रैंडस्लैम खिताब हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन में हालांकि इन तीनों में से सिर्फ नडाल खेल रहे हैं।

### क्रेज्सिकोवा और कीज आस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मेलबर्न।** फ्रेंच ओपन चैंपियन बारबरा क्रेज्सिकोवा ने चौथे दौर में दो बार की चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका को सीधे सेट में हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। चौथी वरीय क्रेज्सिकोवा ने रोड लावेर एरेना में सिर्फ 85 मिनट में 2012 और 2013 की चैंपियन अजारेंका को 6-2, 6-2 से हराया। क्रज्सिकोवा ने चार ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में तीसरी बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। अगले दौर में क्रेज्सिकोवा का सामना 2017 की अमेरिकी ओपन चैंपियन मेडिसन कीज से होगा जिन्होंने आठवीं वरीय पॉला बाडोसा को सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। चौबीसवीं वरीय अजारेंका ने क्रेज्सिकोवा के खिलाफ 28 सहज गलतियां की और पांच बार अपनी सर्विस गंवाई। क्रेज्सिकोवा ने पहले सेट के तीसरे और सातवें गेम में अजारेंका की सर्विस तोड़कर अच्छी शुरुआत की। क्रेज्सिकोवा ने दूसरे सेट के पहले गेम में भी अजारेंका की सर्विस तोड़ी और फिर आसान जीत दर्ज की। वह 34 डिग्री सेल्सियस के तापमान में भी परेशान नहीं दिखी।

# डिकॉक का शतक, भारत को जीत के लिए मिला 288 रन का लक्ष्य



एजेंसी। केपटाउन

**दक्षिण** अफ्रीका ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक (124) के शानदार शतक और रासी वान डर डुसेन (52 रन) के अर्धशतक की मदद से रविवार को यहां तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को जीत के लिए 288 रन का लक्ष्य दिया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी 49.5 ओवर में 287 रन पर सिमट गई। विकेटकीपर बल्लेबाज डिकॉक ने 130 गेंद में 124 रन की पारी खेली और वान डर डुसेन के साथ चौथे विकेट के लिए 144 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद भारत ने इन दोनों के लगातार विकेट झटक कर घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कसी। दक्षिण अफ्रीका ने पहले दो वनडे जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है। अपने छठे वनडे शतक से डिकॉक ने भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक जड़ने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी एबी डिविलियर्स के रिकॉर्ड की भी बराबरी की। कप्तान लोकेश राहुल का पहले गेंदबाजी करने का फैसला कारगर रहा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका ने आठ रन ही बनाए थे कि दीपक चाहर (53 रन देकर दो विकेट) ने सलामी बल्लेबाज जानेमन मलान (01) को तीसरे ओवर की पहली गेंद पर विकेटकीपर के हाथों कैच आउट कराया। भारतीयों के लिए यह बड़ा विकेट था क्योंकि मलान ने पार्ल में दूसरे वनडे में 91 रन की शानदार पारी खेली थी जिसमें जीत से दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला अपने नाम कर ली थी।

**दक्षिण अफ्रीका :**

| | |
|---|---|
| डिकॉक का धवन बो बुमराह | 124 |
| जानेमन मलान का पंत बो चाहर | 01 |
| तेम्बा बावुमा रन आउट | 08 |
| ऐडन मार्कराम का बो चाहर | 15 |
| आर डुसेन का अय्यर बो चहल | 52 |
| डी मिलर का कोहली बो कृष्णा | 39 |
| फेलुकवायो रन आउट (अय्यर) | 04 |
| प्रिटोरियस का एस यादव बो कृष्णा | 20 |
| केशव महाराज का कोहली बो बुमराह | 06 |
| सिसांडा मगाला का राहुल बो कृष्णा | 00 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त** : 18

**कुल योग** : 49.5 ओवर में सभी आउट : 287 रन

**विकेट पतन** :1-8, 2-34, 3-70, 4-214, 5-218, 6-228, 7-272, 8-282, 9-287

**गेंदबाजी :**

| | |
|---|---|
| दीपक चाहर | 8-0-5-2 |
| जसप्रीत बुमराह | 10-0-52-2 |
| प्रसिद्ध कृष्णा | 9.5-0-59-3 |
| जयंत यादव | 10-0-53-0 |
| युजवेंद्र चहल | 9-0-47-1 |
| श्रेयस अय्यर | 3-0-21-0 |

# सानिया-राम की जोड़ी मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। मेलबर्न



**भारत** की सानिया मिर्जा और अमेरिका के उनके जोड़ीदार राजीव राम ने रविवार को यहां सीधे सेट में एलेन पेरेज और मात्वे मिडलकूप को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

भारत और अमेरिका की गैरवरीय जोड़ी ने कोर्ट नंबर तीन पर दूसरे दौर के मुकाबले में एक घंटा 27 मिनट में आस्ट्रेलिया की पेरेज और नीदरलैंड के मिडलकूप की जोड़ी को 7-6 ,6-4 से हराया। क्वार्टर फाइनल में सानिया और राम की भिड़ंत सैम स्टोसुर और मैथ्यू एबडेन तथा जेमी फोरलिस और जेसन कुब्लर की आस्ट्रेलियाई जोड़ियों के बीच होने वाले दूसरे दौर के मुकाबले की विजेता जोड़ी से होगी। सानिया और राम ने पहले दौर में सर्बिया की एलेक्सांद्रा क्रुनिच और निकोला केसिच की जोड़ी को हराया था। छह बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सानिया को हालांकि महिला युगल के पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था।

मौजूदा सत्र के बाद संन्यास की घोषणा करने वाली सानिया टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बची हैं। सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में शनिवार को मिश्रित युगल में रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया की दारिजा जुराक श्रेबर की जोड़ी पहले दौर में ही हार गई थी।

# ईपीएल : मैनचेस्टर सिटी ने अंक बांटे, ड्रोन के कारण खेल रुका

**मैनचेस्टर।** इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में शनिवार को मैनचेस्टर सिटी ने अंक बांटे, न्यूकासल यूनाईटेड ने जीत दर्ज की और ड्रोन के कारण खेल रोकना पड़ा।

मैनचेस्टर सिटी ने शनिवार को साउथम्पटन से 1-1 से ड्रॉ खेला जिससे शीर्ष पर चल रही इस टीम का लगातार 12 मैच में जीत का क्रम टूट गया। टीम ने 30 अक्टूबर के बाद अपने सभी ईपीएल मुकाबले जीते थे। ड्रॉ के बावजूद हालांकि सिटी की टीम 23 मैच में 57 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार है। लीवरपूल 21 मैच में 45 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में न्यूकासल ने लीड्स यूनाईटेड को 1-0 से हराया जबकि मैनचेस्टर यूनाईटेड ने वेस्ट हैम को इसी अंतर से शिकस्त दी। मौजूदा सत्र के सभी 23 मुकाबलों में न्यूकासल की यह सिर्फ दूसरी जीत है। टीम ने मौजूदा सत्र में एकमात्र मुकाबला चार दिसंबर को बर्नले के खिलाफ जीता था।

# युगांडा को रौंदकर भारत ग्रुप में शीर्ष पर क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश से भिड़ंत

एजेंसी। तारोबा (त्रिनिदाद)



**अंगकृष** रघुवंशी और राज बावा के शतक से चार बार के चैंपियन भारत ने यहां अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप मैच में युगांडा की कमजोर टीम को 326 रन से रौंदकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल किया। शनिवार को मिली यह जीत टूर्नामेंट के इतिहास में भारत की सबसे बड़ी जीत है।

ऋषिकेश कानिटकर के मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने लीग चरण का अंत तीन मैच में तीन जीत के साथ किया। भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम को 45 रन से हराने के बाद आयरलैंड की अंडर-19 टीम को 174 रन के बड़े अंतर से हराया था। ब्रायन लारा स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने बावा (108 गेंद में नाबाद 162) और सलामी बल्लेबाज रघुवंशी (120 गेंद में 144 रन) के शतक से पांच विकेट पर 405 रन बनाए जो मौजूदा टूर्नामेंट का सर्वोच्च स्कोर है।

भारत ने इसके बाद युगांडा को 19.4 ओवर में सिर्फ 79 रन पर ढेर करके एकतरफा जीत दर्ज की। भारत अब क्वार्टर फाइनल में 29 जनवरी को बांग्लादेश से भिड़ेगा जिससे कप्तान यश धुल सहित कोविड-19 से संक्रमित टीम के खिलाड़ियों को उबरने का पर्याप्त समय मिलेगा। रघुवंशी और बावा ने तीसरे विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी करके मैच को युगांडा की जद से दूर कर दिया। दोनों ने युगांडा के गेंदबाजों के खिलाफ बाउंड्री की बरसात की। रघुवंशी ने 22 चौके और चार छक्के जड़े जबकि चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे बावा ने अपनी पारी में 14 चौके और आठ छक्के मारे।

# टाटा स्टील मास्टर्स : कार्लसन ने प्रग्नानंदा को हराकर बढ़त बनाई, विदित की पहली हार



एजेंसी। विज्क आन जी (नीदरलैंड)

**भारतीय** ग्रैंडमास्टर विदित संतोष गुजराती को यहां प्रतिष्ठित टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में जोर्डन वन फोरेस्ट के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने आर प्रग्नानंदा को हराकर बढ़त बनाई।

नीदरलैंड के वान फोरेस्ट ने संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे विदित के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए निज्मो-इंडियन डिफेंस का सहारा लिया और शनिवार देर रात 36वीं चाल में भारतीय ग्रैंडमास्टर की गलती का फायदा उठाकर जीत दर्ज की। विदित की टूर्नामेंट में यह पहली हार है। वह संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इस बीच कार्लसन ने लगातार दूसरा मुकाबला जीतकर बढ़त बना ली है। विश्व चैंपियन कार्लसन ने पदार्पण कर रहे प्रग्नानंदा को काले मोहरों से खेलते हुए हराया। कार्लसन का कोई भी करीबी प्रतिद्वंद्वी शनिवार को जीत दर्ज नहीं कर पाया। उन्होंने 34 चाल में जीत दर्ज की और अब उनके पांच अंक हो गए हैं।

दानिल डुबोव ने अनीष गिरी के खिलाफ अपना मैच गंवा दिया क्योंकि रूस के इस ग्रैंडमास्टर ने मास्क पहनकर खेलने से इनकार कर दिया। आयोजकों ने डुबोव से ऐसा आग्रह किया था क्योंकि उनका करीबी संपर्क कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। अजरबेजान के शखरियार मामेदयारोव दूसरे स्थान पर चल रहे हैं। वह कार्लसन से आधा अंक पीछे हैं। विदित चार अंक जुटाकर तीन अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं जिसमें आंद्रे एसिपेंको, गिरी और रिचर्ड रेपर्ट शामिल हैं। साथ ही खेली जा रही चैलेंजर्स स्पर्धा में भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने कजाखस्तान के रिनात जुमाबाएव से सातवें दौर का मुकाबला ड्रॉ खेला जिससे उनके छह अंक हो गए हैं। उन्होंने शीर्ष पर एक अंक की बढ़त बना रखी है। सूर्य शेखर गांगुली ने रूस के वोलोदार मुर्जिन से ड्रॉ खेला जिससे वह चार अंक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

**द्रविड़ को साबित करना होगा उन्हें**

# कोच के रूप में बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया गया : अख्तर

तपन मोहंता। मस्कट

**पाकिस्तान** के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर का मानना है कि विराट कोहली का कप्तानी युग खत्म होने के बाद भारत दोराहे पर है जिससे राहुल द्रविड़ के सामने यह साबित करने की बड़ी चुनौती है कि उन्हें कोच के रूप में बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया गया।

एकदिवसीय टीम की कप्तानी छीने जाने के कुछ हफ्तों बाद कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-2 की हार के बाद सभी को हैरान करते हुए सबसे लंबे प्रारूप में भी कप्तानी छोड़ दी। अख्तर ने यहां लीजेंड्स लीग क्रिकेट टी20 टूर्नामेंट के इतर कहा, मुझे नहीं पता कि सौरव गांगुली (बीसीसीआई अध्यक्ष) और अन्य लोग क्या सोचते हैं, लेकिन निश्चित तौर पर भारतीय क्रिकेट दोराहे पर है। कार्यकाहक कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारत ने दक्षिण अफ्रीका दौर पर एकदिवसीय श्रृंखला भी गंवाई जो राहुल द्रविड़ की अगुवाई वाले नए कोचिंग प्रबंधन के मार्गदर्शन में पहले ही विदेशी दौरे पर पहली हार है।

अख्तर ने कहा, नहीं, भारतीय क्रिकेट नीचे नहीं गिरने वाला। आपको स्थिति को संभालना होगा। राहुल द्रविड़ के सामने बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, उम्मीद करता हूं कि लोग ये नहीं कहेंगे कि कोच के रूप में उसे बढ़ा-चढ़कर पेश किया गया और बेशक उसे रवि शास्त्री की जगह लेनी है जिन्होंने काफी अच्छा काम किया। उसके सामने बड़ी चुनौती है, देखते हैं वह कैसा प्रदर्शन करता है। भारत ने पहला टेस्ट जीता था लेकिन अगले दो टेस्ट गंवा दिए जिससे दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीतने का उसका सपना एक बार फिर टूट गया। कोहली को 2014 में महेंद्र सिंह धोनी की जगह भारत का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था और उन्होंने अपने अभियान का अंत भारत के सबसे सफल कप्तान के रूप में किया।

तैंतीस साल के कोहली ने टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था जिसके बाद उन्हें एकदिवसीय टीम के कप्तान के रूप में भी हटा दिया गया जिससे उनके और बीसीसीआई के आला अधिकारियों के बीच मतभेद उजागर हुए। अख्तर को इसकी उम्मीद थी क्योंकि उन्होंने टी20 विश्व कप के दौरान भारतीय ड्रेसिंग रूम में विभाजन देखा था। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि ऐसा होने वाला है। उस समय मैं दुबई में था और मुझे इसकी पूरी जानकारी है। मुझे पूरे मामले की जानकारी थी और भारत में अपने मित्रों के जरिए पता था कि भारतीय ड्रेसिंग रूम में क्या चल रहा था। अख्तर ने कहा, ऐसे लोग थे जो उसके खिलाफ थे। इसलिए मैं कप्तानी छोड़ने के उसके फैसले से हैरान नहीं था। यह आसान काम नहीं होता।

### विराट कोहली ने अपने अभियान का अंत भारत के सबसे सफल कप्तान के रूप में किया



### गाड़ी के टायर की तरह बदलने पड़ते हैं तेज गेंदबाज

**भारत** को इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाजों ने आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में कुछ यादगार जीत दिलाई हैं और अख्तर ने कहा कि तेज गेंदबाजों को उसी तरह बदलना पड़ता है जैसे गाड़ी के टायर बदलने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने काफी अच्छी प्रगति की। मैं काफी प्रभावित हूं, उम्मीद करता हूं कि उपमहाद्वीप से ऐसे और तेज गेंदबाज आते रहेंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अख्तर ने कहा, मुझे सभी पसंद हैं, मुझे बुमराह पसंद है, शमी शानदार है... अगर वे पाकिस्तानियों की तरह रवैया विकसित करें तो यह अच्छा रहेगा। अख्तर का हालांकि मानना है कि इशांत, शमी, उमेश यादव और भुवनेश्वर कुमार अपने करियर के अंतिम चरण पर हैं और उनके विकल्पों पर विचार करने का समय है। उन्होंने कहा, वे टीम के पहियों की तरह हैं। बेशक आपको उनको बदलना होगा जैसे आप टायर बदलते हो। उन्हें बीच में आराम की भी जरूरत है।